सूर्योदय 6:24 सूर्यास्त 6:32

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.4 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.9 न्यू | 25.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72012.05 |
| निफ्टी | 21817.45 |
| सोना | 66,480 |
| चांदी | 77,300 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



follow us on:

धर्मशाला | बुधवार, 20 मार्च, 2024 | 7 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 92, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए

आज के अंक में

- लोकनृत्य में सिरमौर के कलाकारों का डंका
- मतदान में हिमाचलियों के नाम कई रिकॉर्ड

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में बी-पॉजिटिव खून की कमी
- कृषि विभाग के सेल सेंटरों में नहीं पहुंचा सब्जियों का बीज

पृष्ठ 5 पर पढ़ें



- पधर ट्रक यूनियन का दखल बर्दाश्त नहीं
- साढ़े 13 लाख मतदाताओं के लिए 2200 मतदान केंद्र

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- आईपीएल से पहले नए लुक में विराट कोहली
- इसराइल का गाजा के अस्पताल पर हमला

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



# नशा मुक्ति केंद्र न खोलने पर हाई कोर्ट की सरकार को लताड़

## ताजा स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के दिए आदेश, दो अप्रैल को होगी सुनवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** हाई कोर्ट ने सरकार की ओर से नशा मुक्ति केंद्र खोलने की नीयत पर तीखी टिप्पणी करते हुए खूब फटकार लगाई। कोर्ट ने सरकार को ताजा स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के आदेश दिए हैं।

सरकार ने कोर्ट में बताया कि सभी जिला अस्पतालों, नागरिक चिकित्सालयों और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में नशा मुक्ति सुविधाएं शुरू कर दी हैं। कोर्ट ने इसे नाकाफी बताते हुए कहा कि सरकार की स्टेटस रिपोर्ट से प्रतीत होता है कि इस मुद्दे से निपटने में सरकार कतई गंभीर नहीं है। इससे पहले सरकार ने नशा मुक्ति केंद्र खोलने में बड़े पैमाने पर भूमि की आवश्यकता बताई थी। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव व न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने कहा कि प्रदेश में नशाखोरी का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। हाई कोर्ट ने कहा कि बड़े पैमाने पर भूमि की तलाश करने पर सरकार की मंशा को जाहिर करता है। इस मामले की अब दो अप्रैल को सुनवाई होगी।

- कहा- इस मुद्दे से निपटने के लिए सरकार कतई गंभीर नहीं
- बड़े पैमाने पर जमीन की आवश्यकता का नहीं चलेगा बहाना



### जहां एनजीओ नहीं, वहां क्या कदम उठाए

**कोर्ट** ने किन्नौर, लाहौल-स्पीति और बिलासपुर में नशा मुक्ति केंद्रों से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट का अवलोकन करने के पश्चात सरकार को सकारात्मक सोच के साथ ताजा स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के आदेश जारी किए। कोर्ट ने पूछा था कि जहां एनजीओ संचालित नशा मुक्ति केंद्र नहीं है, वहां क्या कदम उठाए जा रहे हैं। कोर्ट ने यह बताने को भी कहा था कि नशा पीड़ितों को सरकारी अस्पतालों में कितने बिस्तर हर जिले में उपलब्ध है। हाई कोर्ट ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) एवं निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता को भी प्रतिवादी बनाया गया है।

### कई जगह शुरू नहीं हुए केंद्र, कुछ बंद होने के कगार पर

**हाई** कोर्ट ने एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए यह आदेश जारी किए। कुल्लू (महिला), धर्मशाला, चंबा, मंडी, सिरमौर, बिलासपुर और सोलन में स्थापित केंद्र पहले अनुदान प्राप्त होने के बावजूद अभी तक चालू नहीं हुए हैं। 2019 में शिमला में शुरू किया 15 बेड का केंद्र बंद होने की कगार पर है, क्योंकि पिछले चार साल में केंद्र से अनुदान राशि प्राप्त नहीं हुई है। प्रदेश में शिमला, कुल्लू, ऊना और हमीरपुर में 60 बिस्तरों की कुल क्षमता के साथ चार कार्यात्मक आईआरसीए हैं। अन्य तीन पूरी क्षमता से चल रहे हैं, लेकिन इन्हें भी वित्तीय बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सिसोदिया व संजय की न्यायिक हिरासत छह अप्रैल तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत छह अप्रैल तक बढ़ा दी है। दरअसल, इससे पहले कोर्ट ने 17 फरवरी को मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की न्यायिक हिरासत सात मार्च तक बढ़ाई थी।

### भूकंप से कांपी पाकिस्तान की धरती, 5.6 रही तीव्रता



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने कहा कि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.6 रही। भूकंप का केंद्र 29.84 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 65.37 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10.0 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### केरल में एनआईए ने दबोचा पीएफआई का सदस्य

**नई दिल्ली।** एनआईए ने केरल में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या में शामिल मुख्य आरोपी शफीक को गिरफ्तार कर लिया है। वह प्रतिबंधित संगठन पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़ा हुआ था। पलक्कड़ में 16 अप्रैल 2022 को आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या कर दी गई थी और तभी से शफीक फरार था। जांच के अनुसार, शफीक ने हत्यारोपी अशरफ केपी को शरण दी थी।

### नाराज केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने दिया इस्तीफा

**पटना।** लोकसभा चुनाव में बिहार में सीट बंटवारे को लेकर नाराज चल रहे केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। पशुपति पारस ने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में यह घोषणा की है। पारस ने कहा कि उनके और उनकी पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई है, उन्हें एक भी सीट नहीं दी गई है।




## 'तुरही बजाता आदमी' चिन्ह पर चुनाव लड़ेगा पवार गुट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शरद पवार को मंगलवार को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने शरद पवार गुट को लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' का उपयोग करने और पार्टी चिन्ह 'तुरही बजाते व्यक्ति' का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है।

- चुनाव में 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' नाम उपयोग करने की दी अनुमति

कोर्ट ने चुनाव आयोग को लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार, चुनाव चिन्ह 'तुरही बजाते व्यक्ति' को मान्यता देने का निर्देश भी दिया। साथ ही आयोग को आदेश दिया कि चिन्ह 'तुरही बजाता व्यक्ति' किसी को आवंटित न किया जाए।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट से महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार गुट को झटका लगा है। कोर्ट ने कहा कि अजित पवार गुट एनसीपी के चुनाव चिन्ह 'घड़ी' का इस्तेमाल करे। इसका इस्तेमाल फिलहाल न्यायिक निर्णय के अधीन है। सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार गुट से कहा कि वो चुनाव से जुड़े सभी विज्ञापनों में 'घड़ी' पार्टी चिन्ह के विचाराधीन होने की घोषणा करेगा।

# सुप्रीम कोर्ट का सीएए पर रोक लगाने से इनकार

## सीजेआई की पीठ ने 237 याचिकाओं पर की सुनवाई, केंद्र से तीन सप्ताह में मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से लागू किए गए नियमों के कार्यान्वयन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सीएए के खिलाफ दायर 237 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने सरकार को आठ अप्रैल यानी कि करीब तीन हफ्ते का समय दिया है। इस मामले की अगली नौ अप्रैल को होगी। याचिकाकर्ताओं ने नागरिकता कानून को लागू करने से रोक की मांग की थी। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) ने कहा कि यह एक्ट किसी की भी सिटीजनशिप नहीं छीन रहा है। 2014 से पहले देश में आए लोगों को ही नागरिकता दी जा रही है। इसके बाद आए किसी नए शरणार्थी को नहीं। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि केंद्र के जवाब देने तक नई नागरिकता नहीं दी जाए। ऐसा कुछ होता है तो हम फिर कोर्ट आएंगे। सीजेआई की बेंच ने कहा कि हम यही हैं। केंद्र सरकार को स्टे पर जवाब देने के लिए दो अप्रैल तक का समय दिया जाता है। उस पर आठ अप्रैल तक एफिडेविट फाइल कर सकते हैं। हम नौ अप्रैल को सुनवाई से पहले जरूरी बातों को सुन लेंगे। असम और त्रिपुरा से जुड़ी याचिकाओं में अलग नोट दिया जाए।

- वकील सिब्बल बोले- केंद्र के जवाब देने तक नागरिकता न दी जाए



### पतंजलि विज्ञापन केस में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को किया तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापन मामले में स्वामी रामदेव (पतंजलि के को-फाउंडर) और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में पेश होने को कहा है। कंपनी और आचार्य बालकृष्ण ने नोटिस का जवाब दाखिल नहीं किया है। कोर्ट ने नोटिस जारी कर पूछा है कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। इससे पहले 27 फरवरी को इस मामले की सुनवाई हुई थी। 27 फरवरी की सुनवाई में कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापनों पर रोक लगाई थी। इसके अलावा अवमानना कार्यवाही में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने पिछले साल भ्रामक विज्ञापन जारी नहीं करने का निर्देश दिया था, लेकिन कंपनी ने इसे नजरअंदाज किया।

- कहा-अवमानना का केस चलाया जाए

महाराष्ट्र में बड़ी साजिश नाकाम

### चार माओवादी ढेर, हथियार बरामद

**गढ़चिरौली।** सुरक्षाबलों ने महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव से पहले माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। सुरक्षाबलों ने गोलाबारी में चार माओवादियों को ढेर कर दिया, उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। ये सभी माओवादी तेलंगाना से गढ़चिरौली आए थे। इन पर इनाम भी घोषित था। सुरक्षाबलों को सूचना मिली कि बड़ी संख्या में माओवादी पड़ोसी राज्य से अपने नापाक इरादों के साथ दाखिल हो चुके हैं। इसके बाद तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। माओवादियों के शव के पास से भारी मात्रा में एके-47, एक कार्बाइन, दो देसी पिस्तौल, गोला-बारूद, माओवादी साहित्य सहित अन्य सामान बरामद किया है।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

सर्कुलेशन विभाग

अनंत ज्ञान अखबार को प्रचार और प्रसार के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# शास्त्र साक्षी, जो शक्ति को खत्म करना चाहते हैं, उनका विनाश हुआ : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के सेलम में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा। पीएम ने राहुल गांधी की शक्ति से लड़ाई वाले बयान पर उन्हें आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हमारे शास्त्र साक्षी हैं कि विनाश उनका होता है, जो शक्ति को खत्म करने का विचार रखते हैं।



हालांकि, राहुल गांधी अपने इस बयान पर सफाई दे चुके हैं और 'एक्स' पर लिखा था कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने कहा कि अब तमिलनाडु यह तय कर चुका है कि 19 अप्रैल को एक-एक वोट भाजपा को जाएगा, एनडीए को जाएगा।

### बोले- विपक्षी गठबंधन जानबूझकर कर रहा हिंदू धर्म का अपमान

**पीएम** ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के लोग जानबूझकर बार-बार हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। किसी धर्म का अपमान डीएमके और कांग्रेस का गठबंधन कभी नहीं करता। किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता, लेकिन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते।

### समुद्री डकैतों से निपटेगा भारत

पीएम ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैतों और आतंकवाद से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात बल्गेरियाई राष्ट्रपति रुमेन राडेव के एक्स पोस्ट के जवाब में कही। राडेव ने बुल्गारियाई अपहृत जहाज को बचाने के लिए भारतीय नौसेना के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रदेश सरकार ने राकेश कंवर से वापस लिया सामान्य प्रशासन विभाग

# ओंकार चंद शर्मा को होम और विजिलेंस सौंपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**केंद्रीय** चुनाव आयोग की सख्ती के बाद प्रदेश सरकार ने सेक्रेटरी राकेश कंवर से सामान्य प्रशासन विभाग वापस ले लिया है। राकेश कंवर अभी सीएम के सेक्रेटरी हैं, इसलिए निष्पक्ष चुनाव के लिए उनसे सामान्य प्रशासन विभाग वापस लिया है।

चुनाव आयोग ने सोमवार को ही हिमाचल के होम सेक्रेटरी एवं 2002 बैच के डॉ. अभिषेक जैन को पद से हटाया है। राकेश कंवर को सामान्य प्रशासन विभाग से रिलीव कर दिया गया है। इसे लेकर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आदेश जारी कर दिए हैं। राकेश कंवर को सामान्य प्रशासन विभाग का जिम्मा पिछले हफ्ते की सौंपा था। राज्य सरकार ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी ओंकार चंद शर्मा को गृह सचिव और विजिलेंस विभाग एक एडिशनल चार्ज सौंप दिया है। सोमवार को यह विभाग अभिषेक जैन से वापस लिया गया था।

चुनाव आयोग पर निर्देशों पर पहले ही बदले जा चुके अफसर निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग के निर्देशों पर हिमाचल सरकार पहले ही छह जिलों के डीसी, एसपी सहित कई अधिकारियों को ट्रांसफर कर चुकी है। इसे लेकर चुनाव आयोग ने दिसंबर में ही हिमाचल सहित सभी राज्यों को पत्र भेजकर निर्देश दिए थे।

### चुनाव आयोग ने छह राज्यों के गृह सचिवों के नामों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने छह राज्यों के गृह सचिव और पश्चिम बंगाल के डीजीपी को हटाने के बाद मंगलवार को नए नामों पर मुहर लगा दी है। चुनाव आयोग ने बिहार में प्रत्यय अमृत, गुजरात में एके राकेश, उत्तर प्रदेश में दीपक कुमार, झारखंड में वंदना डाडेल और उत्तराखंड में दिलीप जावलकर के नाम पर मुहर लगाई है। इसमें हिमाचल से ओंकार चंद शर्मा का नाम भी शामिल है। यह अब इन राज्यों के नए गृह सचिव होंगे। संजय मुखर्जी को पश्चिम बंगाल का डीजीपी लगाया है। राज्य सरकार से विवेक सहाय का नाम दिया गया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया। सहाय को इससे पहले 2021 में सुरक्षा उल्लंघन मामले में चुनाव आयोग ने निलंबित कर दिया गया था।

**खुलासा** स्विस संगठन आईक्यू एयर की रिपोर्ट में बिहार का बेगूसराय सबसे प्रदूषित महानगर

# दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनी दिल्ली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली एक बार फिर से दुनिया की सबसे प्रदूषित कैपिटल सिटी यानी राजधानी बन गई है। स्विस संगठन आईक्यू एयर की रिपोर्ट के अनुसार, बिहार का बेगूसराय दुनिया का सबसे प्रदूषित महानगर क्षेत्र के रूप में उभरा है, जबकि दिल्ली सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाली राजधानी बन गई है।

2018 से लगातार चार बार दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित कैपिटल सिटी है। स्विस संगठन आईक्यू एयर के मुताबिक, औसत वार्षिक पीएम 2.5 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के साथ भारत में 2023 में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद 134 देशों में से तीसरी सबसे खराब वायु गुणवत्ता थी। 2023 के अनुसार, कि बांग्लादेश में 79.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पाकिस्तान में 73.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर खराब वायु गुणवत्ता रही है।



### क्या होता है पीएम 2.5

**पीएम** 2.5 प्रदूषक कणों की उस श्रेणी को संदर्भित करता है, जिसका आकार 2.5 माइक्रोन के करीब का होता है। जंगल की आग, बिजली संयंत्रों और औद्योगिक प्रक्रियाओं के कारण इसका स्तर बढ़ जाता है। पीएम 2.5 के बढ़ने के कारण धुंध छाने और साफ न दिखाई देने के साथ कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।

### फेफड़ों को अधिक खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक पीएम 2.5 के बढ़े हुए स्तर के संपर्क में रहने के कारण आंख, नाक, गले, फेफड़े और हृदय को गंभीर खतरा हो सकता है। आंखों में जलन, आंखों से पानी आना, सांस लेने में दिक्कत, खांसी और त्वचा से संबंधित समस्याओं का खतरा सबसे अधिक होता है। पीएम 2.5 से सुरक्षित रहने के लिए लोगों को मास्क पहनने के साथ आंखों पर चश्मा लगाकर रखना चाहिए।

### 2022 में भारत था 8वां सबसे प्रदूषित देश

2022 में भारत को औसत पीएम 2.5 सांद्रता 53.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के साथ आठवें सबसे प्रदूषित देश के रूप में जगह मिली थी। 2022 की रैंकिंग में भी शहर का नाम नहीं आया था। दिल्ली साल 2018 से लगातार चार बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी रही। भारत में 1.36 अरब लोग पीएम 2.5 की चपेट में रहे। 2022 विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में 131 देशों और क्षेत्रों के 7,323 स्थानों का डाटा शामिल था।

### टॉप 10 प्रदूषित शहर

| | |
|---|---|
| बेगुसराय | 1 |
| गुवाहाटी | 2 |
| दिल्ली | 3 |
| मल्लांपुर | 4 |
| लाहौर (पाक) | 5 |
| नई दिल्ली | 6 |
| सीवान | 7 |
| सहरसा | 8 |
| गोशैनगांव | 9 |
| कटिहार | 10 |

## मथुरा-कृष्ण जन्मभूमि मामले में मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** मथुरा-कृष्ण जन्मभूमि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम अदालत ने मुस्लिम पक्ष से हाई कोर्ट जाने को कहा है। इलाहाबाद हाइ कोर्ट ने इस मसले पर एक साथ सुनवाई करने का का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ ईदगाह समिति ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उच्च न्यायालय ने इस विवाद से जुड़े 15 मुकदमों को एक साथ जोड़कर सुनने का फैसला लिया था। हाईकोर्ट का कहना था कि ये सभी केस एक ही तरह के हैं और इनमें एक ही तरह के सबूतों के आधार पर फैसला होना है। ऐसे में समय बचाने के लिए इन केसों की सुनवाई एक साथ होनी चाहिए।



**13.37 एकड़ की जमीन को लेकर विवाद :** 350 साल पुराना यह विवाद 13.37 एकड़ की जमीन को लेकर है। 11 एकड़ में श्रीकृष्ण मंदिर, जबकि 2.37 एकड़ जमीन पर शाही ईदगाह की मस्जिद है। हिंदू पक्ष का मस्जिद वाली जमीन पर भी दावा है।

## कल से फिर बर्फबारी का दौर, येलो अलर्ट

**शिमला।** प्रदेश के कई भागों में चार दिन बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 21 से 24 मार्च तक लगातार मैदानी व मध्य पर्वतीय कई क्षेत्रों में बारिश होगी। वहीं, उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी होने के आसार हैं। कई स्थानों पर अंधड़ चलने व बिजली चमकने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। बुधवार को भी मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर बारिश-बर्फबारी होने की संभावना जताई है। शिमला में भी मौसम खराब बना हुआ है। 25 मार्च से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने के आसार हैं। उधर, तांदी-संसारीनाला (हिमाचल सीमा) मार्ग छोटे वाहनों के लिए बहाल हो गया है। शिमला में न्यूनतम तापमान 8.4, सुंदरनगर 8.0, भुंतर 7.6, कल्पा 0.0, धर्मशाला 11.9, ऊना 8.7, नाहन 15.1, केलांग -5.3, पालमपुर 8.5, मनाली 4.1, कांगड़ा 10.3, मनाली 8.1, बिलासपुर 9.1, हमीरपुर 10.9, चंबा 9.6, डलहौजी 7.6, जुब्बड़हट्टी 10.0, कुफरी 5.0, कुकुमसेरी -4.2, नारकंडा 0.8, रिकांगपिओ 3.4, सेऊबाग 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आसरा सांस्कृतिक दल एक बार फिर बना विजेता

# लोकनृत्य में सिरमौर के कलाकारों का डंका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

ऊना के समूरकलां स्थित लता मंगेशकर कला केंद्र में भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में आसरा सांस्कृतिक दल एक बार फिर राज्य विजेता बना। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सांस्कृतिक दल आमंत्रित किए गए, जिसमें दस जिलों के सांस्कृतिक दलों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में जोगिंद्र हाब्बी के नेतृत्व व निर्देशन में आसरा सांस्कृतिक दल जालग, पझौता, सिरमौर के कलाकारों ने एक बार पुनः प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दूसरा स्थान जिला शिमला और तीसरा स्थान कल्लू के कलाकारों ने प्राप्त किया। विजेता सांस्कृतिक दलों को कार्यक्रम के मुख्यातिथि एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिला भाषा अधिकारी ऊना की देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में पद्मश्री विद्यानंद सरैक, उपनिदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग राजकुमार सकलानी, डॉ. मदन झालटा व अरुणा कपिल शामिल थे। जोगेंद्र हाब्बी के नेतृत्व में सांस्कृतिक दल ने इससे पूर्व नौ बार राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिसमें तीन बार अंतरराष्ट्रीय लवी मेला रामपुर बुशहर में, तीन बार अन्य संस्थानों द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिताओं में और तीन बार भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित की गई राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिताएं शामिल हैं। दल ने इस प्रतियोगिता में दसवीं बार राज्य स्तर पर विजय प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।


ऊना के समूरकलां स्थित लता मंगेशकर कला केंद्र में आयोजित राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रस्तुति देने वाले आसरा सांस्कृतिक दल के कलाकार।

# भविष्य संवार रहा आरसीसी संस्थान

## कांगड़ा के बेहतरीन शिक्षण संस्थानों में शुमार है रीजनल कोचिंग सेंटर

**कोचिंग सेंटर्स: भाग-3**

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

यदि आप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और सही मार्गदर्शन चाहते हैं, तो धर्मशाला के सबसे बेहतरीन एवं पुराने शिक्षण संस्थान रीजनल कोचिंग सेंटर (आरसीसी) की सेवाएं ले सकते हैं।

यह संस्थान भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन को भी पूरा करता है। पहाड़ी राज्य हिमाचल के बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों का चलन शुरू करने और प्रदेश को बड़े अधिकारी एवं डॉक्टर देने का श्रेय धर्मशाला के आरसीसी संस्थान को जाता है।

इस संस्थान ने प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा के मुख्यालय धर्मशाला में वर्ष 1995 से अब तक सफलता के झंडे गाड़े हैं। इस शिक्षण संस्थान को जिला कांगड़ा का सबसे बेहतर संस्थान कहें तो गलत नहीं होगा। आरसीसी संस्थान ने अब तक करीब 1500 से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए होनहारों को तैयार कर मंजिल तक पहुंचाया है।



आरसीसी संस्थान का छात्रों को पढ़ाई के साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में महारत दिलाने का सिलसिला आज भी जारी है। संस्थान से शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र आज एचएएस, पुलिस, बैंक व चिकित्सा सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

मार्च 1995 में धर्मशाला में रीजनल कोचिंग सेंटर (आरसीसी) की शुरुआत डाडासीबा के निवासी एमए इंग्लिश व आईएएस प्रतियोगी परीक्षा पास कर चुके बीएस मंडयाल ने की। बीएस मंडयाल ने पहाड़ी राज्यों के युवाओं को आईएएस, एचएएस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने वाले संस्थानों की कमी को दूर करने के लिए इसे शुरू किया। प्रदेश सहित धर्मशाला में उस समय परीक्षाओं की तैयारी करवाने के लिए संस्थान ही उपलब्ध नहीं थे। ऐसे में आरसीसी युवाओं के लिए तैयारी करने के लिए पहली पसंद बन कर उभरा।

आरसीसी संस्थान में छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अनेक कोर्स करवाए जा रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से एचएएस, बैंकिंग, एमएससी, टेट पुलिस, एनईईटी, जेईई, बैंक पीओ, एमएससी मैथ और एमए इंग्लिश में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही संस्थान में इंग्लिश स्पीकिंग के बेहतरीन कोर्स करवाए जा रहे हैं। वहीं, जमा एक और जमा दो के छात्रों को ट्यूशन भी दी जा रही है। संस्थान के 15 से अधिक वेल क्वालिफाइड स्टाफ रखा गया है। इसमें पूर्व प्रो. और प्राध्यापकों के अनुभव का पूरी तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है। संस्थान के डायरेक्टर भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने में पूरी तरह से बच्चों के साथ डटे हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



रीजनल कोचिंग सेंटर



**संस्थान** ने पिछले 29 सालों से हजारों छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान कर सही मुकाम पर पहुंचाया है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने पर सरकारी संस्थानों, कॉलेजों और एनजीओ से कई पुरस्कार आरसीसी संस्थान को मिल चुके हैं। संस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अब हाइटेक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। संस्थान छात्रों की सुविधा के लिए यू-ट्यूब और सोशल मीडिया पर स्पेशल लेक्चर प्रदान करता है, जिससे बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में मदद मिल रही है।

**बीएस मंडयाल**
**डायरेक्टर आरसीसी संस्थान।**

# उपचुनावों में टिकट का मसला ठंडा पड़ा

## नई संभावनाओं का खेल शुरू, भाजपा में कितने और कब होंगे बागी शामिल?

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

लोकसभा चुनावों के साथ हिमाचल में विधानसभा उपचुनाव की चमक फिलहाल फीकी पड़ गई है। इसी वजह से अब राजनीति में कई और संभावनाओं का खेल भी शुरू हो गया है। कारण यह है कि बागी विधायकों का मसला सुप्रीम दखल के बाद ठंडा पड़ा है। ऐसे में इसका असर लोकसभा चुनाव पर भी दिखाई देने लगा है।

प्रतिभा-विक्रमादित्य की रणनीति इन चुनावों में क्या गुल खिलाएगी? यह विषय भी काफी अहम हो गया है। क्योंकि चुनावों की ऐन बेला में फिलहाल तो सीएम सुक्खू और वीरभद्र परिवार के दरमियान सुलाह ही दिख रही है, लेकिन राजनीतिक चमक नजर नहीं आ रही। ऐसा भी लगता है कि टकराव की वजह से जो दरारें संगठन और सत्ता के दरमियान दिख रहीं थीं, उन्हें भरने का काम तो हो गया, मगर फिर से यह दरारें नजर न आएं, इसकी बुनियाद का माहौल भी इन्हीं चुनावों में दिखने को मिलेगा। विधानसभा के 6 सीटों के उपचुनाव को लेकर मामला फिलहाल लंबा खिंचा है। इन्हीं को लेकर हिमाचल के चार लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा ने मंडी और कांगड़ा को प्रत्याशी खड़ा करने के मामले में पेंडिंग में रखा है, जबकि कांग्रेस अभी चारों सीटों पर पत्ते नहीं खोल पाई है। वहीं, हमीरपुर संसदीय सीट से अनुराग ठाकुर के मुकाबले में कांग्रेस पिछले 33 सालों से लगातार पिछड़ती रही है। सही समय पर उम्मीदवार का ऐलान नहीं करना, इसकी हार-जीत की बुनियाद के लिए हमेशा ही चुनौती रहा है।

**प्रतिभा-विक्रमादित्य चुनावी समर में क्या गुल खिलाएंगे, चर्चा शुरू**

क्या भाजपा के भीतर विद्रोह की गुंजाइश नेता दिखा पाएंगे। यह सारे सवाल फिलहाल 'खामोशी' के आलम में हैं। क्या बागियों की स्थिति 6 मई के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी? यह सारे यक्ष प्रश्न फिलहाल हाई कमान के पाले में चले गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस सरकार खो चुकी है लोगों का विश्वास: जयराम



**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने एक बार फिर से कांग्रेस पर सियासी हमला करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी कांग्रेस महिलाओं को ठगने का प्रयास कर रही है। शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लगने के बाद भी सम्मान निधि के फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। यह फॉर्म भी विधानसभा चुनाव से पहले भरवाए फॉर्म की तरह ही हैं।

जयराम ने कहा कि कांग्रेस ने पहली कैबिनेट में प्रदेश की 18 से 60 साल की महिलाओं को यह सम्मान निधि देने की बात कही थ। सरकार बनने के बाद न जाने कितनी कैबिनेट बैठकें हो गईं, लेकिन सरकार को अपनी इस गारंटी की याद नहीं आई। जैसे ही पता चला कि एक हफ्ते के भीतर आचार संहिता लगने वाली है, बिना बजट के प्रावधानों के ही फिर से सम्मान निधि का फॉर्म भरवाया जाने लगा। इस बाबत उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर इस पूरे प्रकरण पर कार्रवाई करते हुए इसे तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की है। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार लोकप्रियता पहले ही खो चुकी थी और अब बहुमत भी खो चुकी है। सरकार को भी इस बात का एहसास है कि यह सरकार विश्वासमत खो चुकी है। इसीलिए आनन-फानन में उल्टे-सीधे फैसले ले रही है।

# खूनी संघर्ष, पांच जख्मी

## तेजधार हथियारों से 11 युवकों ने किया हमला, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पुलिस थाना नालागढ़ के तहत गांव मैहसा टिब्बा में मंझौली में दो गुटों में खूनी झड़प हुई। इस झड़प में चार से पांच लोग जख्मी हुए जिन पर सिर, टांग व शरीर के कई हिस्सों पर तेजधार हथियारों से हमला किया गया है। पुलिस ने 11 के करीब हमलावरों के खिलाफ धारा 307 समेत विभिन्न धाराओं में थाना नालागढ़ में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

मंगलवार को स्थानीय लोग भारी संख्या में गांव में एकत्रित हुए और पुलिस से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई। जानकारी के अनुसार मंझौली स्थित एक सरकारी स्कूल में स्कूली छात्रों की आपस में झगड़ा हुआ और जब दोनों गुट समझौते के लिए मैसा टिब्बा गांव आए तो एक गुट ने एक बार फिर मारपीट शुरू कर दी। पुलिस को दिए बयान में अजायब सिंह पुत्र सोहन सिंह निवासी मैहसा टिब्बा ने बताया कि 11 के करीब युवकों ने गांव के लोगों पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया जिन्हें गंभीर चोट पहुंची हैं। पुलिस ने अजायब सिंह की शिकायत पर लखविंद्र उर्फ लखा निवासी मगनपुर, रूप लाल उर्फ रूपा निवासी मगनपुरा, साहिल निवासी मंझौली, हनी निवासी ढेरोवाल, आकाश निवासी ढेरोवाल, लक्की निवासी ढेरोवाल, निशू निवासी मंझौली, अमन निवासी जगातखाना, लक्की निवासी मगनपुरा व हरीश निवासी ढेरोवाल पर मामला दर्ज कर लिया है, जबकि हादसे में गुरप्रीत सिंह, मदन लाल, गुरप्रीत, रामलोक व अन्य को गंभीर चोटें पहुंची हैं, जिनका इलाज चल रहा है।



बद्दी पुलिस के एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि दो गुटों में मारपीट का मामला सामने आया था, जिसमें विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## तीन युवकों से 5.6 ग्राम चिट्टा बरामद

**ठियोग।** ठियोग थाना के तहत सरिवन में पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक वाहन में सवार युवकों से 5.6 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार यह सफलता पुलिस को उसे समय मिली, जब विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि वाहन नंबर (पीबी-08सी डब्ल्यू 6929) भलेच गांव से मेन रोड सरिवन चौक की ओर आ रहा है, जिसमें तीन लोग बैठे हैं और भारी मात्रा में नशीला पदार्थ है। इसके उपरांत पुलिस दल ने मुख्य सड़क के पास नाका लगाया और वाहन की गहनता से जांच के दौरान वाहन से 5.6 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा वाहन में सवार लवप्रीत पुत्र जरनैल सिंह वीपीओ रामपुर जिला लुधियाना पंजाब, आशीष पुत्र सुरेश वर्मा गांव भलेच डाकघर सरिवन तह ठियोग, गौरव वर्मा पुत्र राजपाल वर्मा ग्राम जादेवग डाकघर संधू तह ठियोग को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### जवाली के पंकज की समुद्र में डूबने से मौत



**जवाली।** उपमंडल जवाली के अंतर्गत चलवाड़ा के पंकज जम्वाल (38) की समुद्र में डूब जाने से मृत्यु हो गई है। पंकज जम्वाल पुत्र करनैल सिंह मर्चेंट नेवी में थर्ड इंजीनियर के पद पर कार्यरत था और जाखो से सूरत जाने वाले अंबुजा सीमेंट के जहाज पर ड्यूटी कर रहा था। 13 मार्च को अंबुजा शक्ति जहाज के आधिकारियों ने पंकज के लापता होने की सूचना परिवार वालों को दी और एक दिन बाद उसका शव 14 मार्च को पोरबंदर के पास समुद्र से बरामद किया गया। परिजनों की उपस्थिति में 18 मार्च को मुंबई में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। बुधवार को शोकाकुल परिवार अस्थियां लेकर घर पहुंचा है। जांच एजेंसियां मौत के कारणों का पता लगा रही हैं। इस समाचार से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

### खाई में गिरा ट्रैक्टर, एक की मौत




**सरकाघाट।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के मुंशी (23) गांव ढाकिया ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने प्रवासी मजदूर साथियों के साथ स्थानीय ठेकेदार के अधीन पुल पर काम करता है। शाम को वह एक मजदूर के साथ ठेकेदार के ट्रैक्टर की चाबी लेकर दुकान से सामान खरीदने जा रहा था। थोड़ी दूर जाकर चालक ने ट्रैक्टर पर से नियंत्रण खो दिया और वह अपने प्रवासी साथी के साथ ट्रैक्टर समेत करीब 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में हसन (40) की मौत हो गई और दानिश पुत्र रहीसुदीन बुरी तरह से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें नागरिक अस्पताल सरकाघाट पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने दानिश को मेडिकल कालेज टांडा के लिए रेफर कर दिया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डीएसपी संजीव गौतम ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हत्या के प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार



**सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना के अंतर्गत सेरीकोठी में मारपीट की घटना के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुंदरनगर के न्यायालय में पेश किया, जहां अदालत ने उन्हें 21 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। आरोपियों की पहचान रमेश कुमार निवासी बखारी डाकखाना सेरीकोठी तहसील निहरी, हितेश कुमार निवासी हवाणु डाकखाना सिध्याणी तहसील बल्ह और गंगवीर सिंह निवासी झमराड़ी डाकखाना कोठी तहसील बल्ह जिला मंडी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी नानक चंद ने खबर की पुष्टि की है।

**हैप्पी बर्थडे**


सलापड़ की प्रियंका गर्ग को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## प्रतिबंधित दवा तस्करी के मुख्य आरोपी की पत्नी की अग्रिम जमानत पर आठ अप्रैल को होगी सुनवाई



**गगरेट।** प्रतिबंधित दवा तस्करी प्रकरण के मुख्य आरोपी वीरेंद्र कुमार की पत्नी पर स्टेट सीआईडी की एसआईटी का ऐसा शिकंजा कसा कि साक्ष्य मिटाने के आरोप में इस मामले में आरोपी बनाए जाने के बाद जमानती अपराध होने के बावजूद वह अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय की शरण में चली गई। उसकी अग्रिम जमानत याचिका पर अब उच्च न्यायालय में आठ अप्रैल को सुनवाई होगी। प्रतिबंधित दवा तस्करी प्रकरण में अब तक आठ आरोपियों के विरुद्ध स्टेट सीआईडी की एसआईटी न्यायालय में चालान प्रस्तुत कर चुकी है। हालांकि इस मामले की जांच के प्रारंभिक चरण के दौरान एसआईटी वीरेंद्र बिंदु के मोबाइल फोन की तलाश में थी, लेकिन एसआईटी के दावा है कि उस समय वीरेंद्र बिंदु की पत्नी ने साक्ष्यों से छेड़छाड़ की थी। इसी सिलसिले में पूछताछ के लिए बार-बार उसकी पत्नी को स्टेट सीआईडी पूछताछ के लिए शिमला कार्यालय बुला रही थी। वीरेंद्र बिंदु की पत्नी इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय की शरण में चली गई, जिस पर अठारह मार्च को भी सुनवाई थी। इस मामले में सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने इसकी सुनवाई अब आठ अप्रैल को रखी है। इसके अलावा भी वीरेंद्र बिंदु व उसकी पत्नी अवैध तरीके से घर में शराब का जखीरा रखने के आरोप में गगरेट पुलिस थाना में एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। इस प्रकरण में वीरेंद्र बिंदु की संपत्ति को सीज करने का मामला एनसीबी के पास विचाराधीन है।

## नालागढ़ के दभोटा में 28140 नशीली गोलियां बरामद


फिरोज खान
डीएसपी नालागढ़

**बीबीएन।** बद्दी पुलिस द्वारा नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए गए अभियान के तहत नालागढ़ के दभोटा में पुलिस ने एक गाड़ी से नशे के लिए दुरुपयोग होने वाली दवाई की बड़ी खेप पकड़ी है। ये 28 हजार 140 गोलियां लोमोटिल पंजाब से नालागढ़ की ओर लाई जा रही थीं और यहां पर बेची जानी थीं, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने इन्हें दबोच लिया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और गोलियों सहित गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान की अगुआई में टीम गुप्त सूचना के आधार पर इस व्यक्ति को पकड़ने के लिए कई दिनों से लगी थी और सोमवार शाम को दभोटा में पुलिस ने नाके के दौरान गाड़ी को चेक किया और नशीली गोलियां बरामद कीं। डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान ने बताया कि पुलिस ने आरोपी सुरेश कुमार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्जकर उसे गिरफ्तार कर लिया है और 28140 गोलियां, गाड़ी को कब्जे में ले लिया है।

**सियासत** कांग्रेस के बागी विधायकों को अपनाने से अपनों पर गिर सकती है गाज

# दूसरों को मनाने में भाजपा के अपने हुए बेगाने!

**अरविंद शर्मा, शिमला**

प्रदेश की राजनीति के सियासी गलियारों में इन दिनों आम आदमी की नजरें आगामी चुनावों में कांग्रेस के बागी विधायकों के साथ भाजपा के समीकरण साधने के साथ ही कांग्रेस के आगामी कदम पर टिक गई हैं।

कांग्रेस बागियों के दम पर राज्यसभा चुनाव में परचम लहराने वाली भाजपा ने उन्हें साथ होने का हौंसला तो बंधाया और साथ ही केंद्रीय सुरक्षा भी मुहैया करवाई, लेकिन बागियों को अब अपनों से बेगाने होने के बाद भाजपा के टिकट की भी उम्मीद है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद अब अयोग्य ठहराए गए छह विधायकों का समायोजन भाजपा के लिए आसान नहीं रहेगा। इन अयोग्य विधायकों की सीटों पर पहले से दशकों पुराना भाजपा का दमदार नेतृत्व करने वाले भी टिकट वापस पाने और जनता के बीच फिर से अपनी पहुंच बनाने के लिए मैदान में कूद गए हैं। इससे अब यह तो साफ हो गया है कि कांग्रेस के इन बागियों को गले लगाया तो भाजपा को अपनों की नाराजगी भी झेलनी पड़ेगी। ऊना का कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर की कर्मभूमि है। कंवर यहां से लगातार चार बार विधायक बने हैं। कांग्रेस से बागी हुए विधायक देवेंद्र भुट्टो कभी उनके सारथी हुआ करते थे। बाद में दोनों की राह अलग-अलग हो गई। दोनों के बीच मामा-भांजे का भी रिश्ता है।

इसके अलावा बागी विधायक चैतन्य शर्मा के हलके गगरेट से भाजपा के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर और कांग्रेस से भाजपा में आए राकेश कालिया पहले से हैं। बड़सर हलके में पूर्व विधायक बलदेव शर्मा की दावेदारी को अलग भी रख दें, तो यहां से संजीव शर्मा मजबूत दावेदार हैं। कामगार कल्याण बोर्ड के दिवंगत अध्यक्ष राकेश बबली के भाई संजीव को टिकट न देने का खामियाजा बीते विधानसभा के चुनाव में भाजपा को झेलना पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

### क्या हमीरपुर व धर्मशाला में बागियों को स्वीकारेंगे भाजपा कार्यकर्ता?

**पूर्व** मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के साथ बागी राजेंद्र राणा के कड़वाहट भरे रिश्ते भी किसी से छिपे नहीं हैं। धर्मशाला सीट पर सांसद किशन कपूर, पूर्व विधायक विशाल नैहरियां और पूर्व प्रत्याशी राकेश चौधरी भाजपा के पुराने भरोसेमंद हैं। ऐसे में यहां बागी सुधीर शर्मा को भाजपाई क्या स्वीकार कर पाएंगे। बागी विधायक रवि ठाकुर की सीट लाहौल-स्पीति में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामलाल मार्कंडेय भाजपा के चेहरे हैं। बागियों को उपचुनाव के जरिये एडजस्ट करने के हाई कमान के फैसले के खिलाफ भले ही इन हलकों में कोई सियासी विस्फोट न हो, लेकिन अपनों की नाराजगी पार्टी को झेलनी होगी।

### जयराम ने दिए बागियों को टिकट देने के संकेत

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बागियों को पार्टी टिकट देने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा से अयोग्य घोषित 6 कांग्रेस विधायकों का भाजपा सम्मान करती है। उन्होंने राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। उपचुनाव में उन्हें टिकट मिलना चाहिए। यह फैसला पार्टी हाई कमान को ही लेना है।

# मतदान में हिमाचलियों के नाम कई रिकॉर्ड

## प्रदेश में कहीं नाव, तो कहीं हेलिकॉप्टर से मतदान केंद्रों तक पहुंचानी पड़ती ईवीएम

**जय ठाकुर, शिमला**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के पर्व में अपना योगदान देने में हिमाचल के मतदाता भी पीछे नहीं हैं। हिमाचल में पांच बार प्रथम श्रेणी, यानि 60 फीसदी से अधिक मतदान और एक बार देश में सर्वाधिक मतदान 72.42 का रिकॉर्ड हिमाचलियों के नाम है। पिछले 12 चुनावों में पांच बार 1984-85, 1989, 1998, 2014 और 2019 के दौरान हिमाचल के मतदाता प्रथम (60 फीसदी से अधिक मतदान) श्रेणी में पास हुए हैं।

वर्ष 1977 में 59 फीसदी से वर्ष 2019 तक मतदान प्रतिशतता 72 फीसदी तक पहुंच गई। ये आंकड़े हिमाचलियों के जोश और जज्बे के गवाह हैं। मतदाताओं के इसी जज्बे को देखते हुए चुनाव आयोग ने हिमाचल के चारों संसदीय क्षेत्रों में इस बार मतदान का लक्ष्य 75 फीसदी पार करने का रखा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में देवभूमि में रिकॉर्ड 72.42 फीसदी मतदान हुआ था। वर्ष 1998 में 65.32 प्रतिशत था। (अनंत ज्ञान)

### महिलाएं मतदान में आगे

**राज्य** में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की मतदान प्रतिशत्ता बढ़ती जा रही हैं। हिमाचल में वर्ष 1977 के चुनाव में महिलाओं की मतदान प्रतिशतता 44.8 फीसदी थी। वहीं, इसके बाद 1980 में 44.5 फीसदी, 1984-85 में 47.1 फीसदी, 1991 में 46.1, 1996 में 48.4, 1998 में 66.3, 1999 में 54.3 और 2004 में 59.03 फीसदी मतदान प्रतिशतता रही है। वर्ष 2009 के चुनाव में 59.5 और 2014 में 65.4 फीसदी ने मतदान किया था। 2019 के चुनाव में महिलाओं ने रिकॉर्ड 74.31 फीसदी मतदान किया था। पुरुषों की मतदान प्रतिशतता 70.61 रही थी।

### कौन से वर्ष में हुआ कितना मतदान

| वर्ष | पोलिंग स्टेशन | कुल मतदाता | मतदान हुआ | मतदान |
|---|---|---|---|---|
| 1977 | 3361 | 19,61,050 | 11,67,927 | 59.56 |
| 1980 | 3742 | 21,75,326 | 12,77,049 | 58.70 |
| 1984-85 | 4129 | 23,14,024 | 14,22,000 | 61.45 |
| 1989 | 4678 | 29,83,759 | 19,07,671 | 63.94 |
| 1991 | 4681 | 30,76,182 | 17,65,627 | 57.40 |
| 1996 | 5721 | 35,36,517 | 20,36,415 | 57.58 |
| 1998 | 6230 | 36,28,864 | 20,06,774 | 65.32 |
| 1999 | 6230 | 37,86,479 | 21,49,816 | 56.78 |
| 2004 | 6232 | 41,81,995 | 24,97,149 | 59.71 |
| 2009 | 7253 | 46,06,674 | 26,91,573 | 58.43 |
| 2014 | 7382 | 48,10,071 | 31,00,199 | 64.45 |
| 2019 | 7730 | 53,30,154 | 38,59,940 | 72.42 |

### 1996 में सबसे ज्यादा प्रत्याशियों ने लड़ा चुनाव

**प्रदेश** में 1977 से 2019 तक हुए लोकसभा चुनावों में सबसे अधिक प्रत्याशी 1996 के चुनाव में उतरे थे। वर्ष 1996 के चुनाव में प्रदेश के चार संसदीय क्षेत्रों से 54 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। 1977 के चुनाव में सबसे कम 14 प्रत्याशी ही मैदान में उतरे थे। 1980 में 29, 1984-85 में 31, 1989 में 33, 1991 में 45, 1998 में 22, 1999 में भी 22, 2004 में 23, 2009 में 31, 2014 में 38 और वर्ष 2019 में 45 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया था।

### दुर्गम क्षेत्रों में भी जोश

**अति** दुर्गम क्षेत्रों में शुमार चंबा, लाहौल-स्पीति में कई मतदान केंद्र मतदाताओं की परीक्षा लेते हैं। इन मतदान केंद्रों तक पहुंचने में कई तरह की मुश्किलें पेश आती हैं। कहीं नाव तो कहीं हेलिकॉप्टर से ईवीएम मतदान केंद्रों तक पहुंचानी पड़ती है। इस सब के बावजूद वोट डालने के लिए मतदाताओं में अलग ही जोश नजर आता है।

# स्टोन क्रशर व अवैध खनन से तबाह हुआ मंड क्षेत्र

## ज्ञापन लेकर डीसी कार्यालय पहुंची हिमाचल किसान सभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल स्टोन क्रशर रियाली, डीआर स्टोन क्रशर, कृष्णा स्टोन क्रशर तथा गोल्डन कर्मजोत स्टोन क्रशर रियाली की स्थापना तथा माइनिंग लीज रद्द करने की मांग को लेकर हिमाचल किसान सभा इकाई फतेहपुर के सदस्यों ने जिलाधीश कांगड़ा को ज्ञापन सौंपा।

हिमाचल किसान सभा इकाई फतेहपुर के अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि उक्त दोनों स्टोन क्रशरों की स्थापना की एनओसी अवैध है, इसलिए तत्काल प्रभाव से इनकी स्थापना व माइननिंग लीज रद्द की जानी चाहिए । अवैध माइनिंग के कारण अगस्त 2023 में ब्यास नदी को अपना मार्ग बदलना पड़ा, जिससे इस पंचायत सहित मंड क्षेत्र के निजी व सरकारी संस्थानों को भारी नुकसान हुआ जिसकी पूर्ति अति कठिन है।

उन्होंने जिला प्रशासन के समक्ष मांग रखी कि इन स्टोन क्रशरों सहित रियाली में लगे डीआर स्टोन क्रशर व कृष्णा स्टोन क्रशर का माल रियाली गांव से वेला लिधयाड़चाह तक के मार्ग पर कोई रेत, बजरी की भरी हुई गाड़ियां नहीं गुजरनी चाहिए क्योंकि इस मार्ग के दोनों और घनी आबादी तथा सरकारी शिक्षण संस्थाएं हैं। इन क्रशरों की स्थापना तथा माइनिंग लीज रद्द न की गई तो ऐसी हालत में मंड क्षेत्र के लोगों का बचा जीवन तबाह हो जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन एवं सरकार के समक्ष मांग रखी कि इन पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए ताकि मंड क्षेत्र के लोगों का जीवन सुरक्षित हो सके।

### कार्रवाई का मिला आश्वासन

**जिलाधीश** को सौंपे ज्ञापन में हिमाचल किसान सभा ने अवैध खनन से प्रभावित पंचायतों के प्रस्तावों की प्रतिलिपियां भी संलग्न की हैं। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने हिमाचल किसान सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उक्त मामले में ठोस एवं त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### खनन होने से लोगों में रोष

**हिमाचल** किसान सभा के पदाधिकारियों का कहना है कि जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार या तो क्रशर मालिकों को संरक्षण दें या तो इस क्षेत्र के लोगों का जीवन बचाए। उक्त समस्या को लेकर प्रशासन के चक्कर काट कर लोग थक गए हैं और आज तक कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है।

# मारपीट में महिला घायल, मामला दर्ज

**धर्मशाला ।** पुलिस थाना रक्कड़ के तहत मारपीट के एक मामले में एक महिला को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस को दी अपनी शिकायत ने पीड़िता माया देवी निवासी सरड़ ने आरोप लगाया है कि महेंद्र सिंह निवासी सरड़वम्मी उनके घर जबरदस्ती घुस आया और गाली-गलौच व मारपीट करने लगा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने डंडे से उस पर हमला किया जिससे उन्हें शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा वीर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले का दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिला मेडिकल करवाया गया है ।

# एयरपोर्ट विस्तार पर सुनवाई 23 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, गगल**

प्रदेश उच्च न्यायालय में विस्तारीकरण को लेकर चल रहे मामले में आज हुई सुनवाई के दौरान अब माननीय न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई 23 अप्रैल को रख दी है जिसके बारे में संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि आज इस बारे शिमला में सुनवाई हुई और दोनों पक्षों में बहस भी हुई जिसको लेकर माननीय न्यायाधीश ने यह सुनवाई अब 23 अप्रैल को रख दी है।

इस दौरान संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने पुना कहा के उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माननीय न्यायालय जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगा और जनता को



### इलाकावासियों को अदालत के फैसले पर विश्वास

उसका हक न्याय दिलाएगी। उन्होंने कहा के इलाकावासी पूरी तरह अदालत के फैसले पर विश्वास बनाए हुए हैं। क्योंकि इलाका वासी इंटरनेशनल हवाई अड्डे का विरोध नहीं कर रहे हैं बस उनका यही कहना है कि इंटरनेशनल हवाई अड्डा बने परंतु इंटरनेशनल हवाई अड्डा उस जगह बनाया जाए जहां उजाड़ी करण का मुंह न देखना पड़े।

उल्लेखनीय है कि इस एयरपोर्ट विस्तारित कारण की तारीख पहले 26 दिसंबर को पड़ी थी उसके बाद माननीय न्यायाधीश ने दो जनवरी से लेकर 4 जनवरी तक चलाई थी और उसी को मद्देजर रखते हुए माननीय ने 9 जनवरी को रखी।

इस केस की सुनवाई को जारी रखते हुए यह फैसला अब 29 फरवरी को सुनाना था परंतु राजनीति का खेल दिन भर चलता रहा जिस कारण सुनवाई नहीं हो सकी थी और उसी को लेकर उच्च न्यायालय की सुनवाई 19 मार्च को रखी थी और आज न्यायालय में कुछ बहस भी हुई जिसके चलते अब इस फैसले की तारीख 23 अप्रैल को रख दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### मार्टिन लूथर किंग की दलाई लामा से मुलाकात



**धर्मशाला ।** वैश्विक मानवाधिकार कार्यकर्ता और मार्टिन लूथर किंग जूनियर के बेटे मार्टिन लूथर किंग और उनके परिवार ने धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश, भारत में परम पावन के आवास पर परम पावन 14वें दलाई लामा से विशेष मुलाकात की। इस मौके पर दलाई लामा ने कहा कि हम सबके सांझा प्रयास विश्व शांति के लिए होने चाहिए तथा यही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। परम पावन दलाई लामा ने अतिथि समूह से साझा मानवता को समझने की आवश्यकता के बारे में बात की।

### लोकतंत्र के महापर्व पर सभी करें मतदान : जगमोहन



**देहरा ।** लोकतंत्र के महापर्व 'लोकसभा चुनाव 2024' की सफलता और इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता बनाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा गठित टीम की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। महिला अधिकारी रीमा के मार्गदर्शन में गठित टीम अव तक देहरा विधानसभा क्षेत्र के 100 मतदान केंद्रों का प्रवास कर के अनुमानित 3500 मतदाताओं को प्रशिक्षित कर चुकी है। टीम संचालक प्रवक्ता जगमोहन सिंह ने टीम सहित मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने का कार्य कर रही है। जमगमोहन ने बताया अभियान की सफलता में उनका सहयोग सराहनीय रहा है।

### स्तनपान संबंधी महिलाओं को किया जागरूक



**डरोह।** ग्राम पंचायत भवारना के गांव भाट्टी में द हंस फाऊंडेशन की टीम भवारना ब्लॉक द्वारा बाल विकास कार्यालय में चिकित्सक विकास द्वारा नवजात शिशुओं में सेप्सिस के खतरे के संकेतों की पहचान, स्तनपान और इसके लाभ के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। टीम की एसपीओ वनिता चौहान ने भी जानकारी दी।

### छात्रों ने पास की सैनिक स्कूल परीक्षा

**नेरचौक।** चैल पब्लिक स्कूल में पढ़ाई कर रहे बच्चों ने हाल में हुई आल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। नवम कक्षा के जतिन ठाकुर व पांचवीं कक्षा के चिन्नमय ठाकुर ने स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। पांचवीं कक्षा के चिन्मय पुत्र हेमलता व मुनीश कुमार ने भी अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण किया है।

# चुनावी सभाओं व रैलियों की अनुमति जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- अनुमतियों के लिए सुविधा ऐप की व्यवस्था ऑनलाइन उपलब्ध
- प्रचार सामग्री में प्लास्टिक का प्रयोग करने पर रोक

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि स्वतंत्र तथा निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग ने मोबाइल ऐप सी विजिल लांच किया है।

इस ऐप के जरिए आम जन आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकेगा। ऐप से प्राप्त शिकायतों का 100 मिनट में निवारण भी सुनिश्चित किया जाएगा।



इसके साथ ही चुनाव आचार संहिता के उल्लंघना पर जिला कंट्रोल रूम में भी शिकायत दी जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राजनीतिक सभाओं के लिए स्थान तथा समय सहित पूर्व अनुमति लेना जरूरी होगा इसके साथ ही सार्वजनिक स्थल तथा मैदान सभाओं के लिए सभी दलों या प्रत्याशियों को समान रूप से उपलब्ध करवाए जाने का प्रावधान है।

जिला में सभी विधानसभा क्षेत्रों में रैलियों तथा जनसभा के लिए ग्राउंड चिह्नित कर दिए गए हैं। इस के लिए संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी से अनुमति लेना अत्यंत जरूरी है। विभिन्न अनुमतियों के लिए सुविधा ऐप की व्यवस्था भी की गई है ताकि ऑनलाइन अनुमति प्रदान की जा सके।

उन्होंने कहा कि मंदिर, चर्च, मस्जिद इत्यादि धार्मिक स्थलों को चुनाव प्रचार के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही प्रचार सामग्री ईको फ्रेंडली होनी चाहिए, प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक रहेगी।

# 4 इंटरस्टेट बैरियर स्थापित



वाहनों की चेकिंग करती हुई पुलिस टीम।

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश में लोकसभा चुनावों को लेकर आचार संहिता लागू होने के बाद कांगड़ा पुलिस मुस्तैद है तो इस दौरान अवैध शराब तथा एनडीपीएस के मामलों में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जिला के 17 पुलिस थानों के तहत रात को नाकाबंदी के अलावा सीमांत पुलिस थाना देहरा के तहत संसारपुर टेरेस एरिया में 4 अंतराज्यीय बैरियर स्थापित किए गए हैं।

यहां सेंट्रल पुलिस फोर्स के जवान 24 घंटे डयूटी पर रहेंगे। पंजाब के जिला होशियार तथा जिला कांगड़ा के बीच आवागमन करने वाले वाहनों पर पुलिस की पूरी नजर है।

### सभी थानों के तहत रात को की जा रही नाकाबंदी

**एएसपी** कांगड़ा वीर बहादुर ने कहा कि जिला के पंजाब से लगने वाले 4 स्थानों पर इंटरस्टेट बैरियर स्थापित कर सीएपीएफ तैनात की गई है। इसके अलावा सभी थानों के तहत रात को नाकाबंदी की जा रही है। नाकों के कारण अवैध शराब तथा एनडीपीएस के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

ये बैरियर स्वां नदी पर तलवाड़ा टेरेस पर, जडोंर, अमरोह तथा काहनपुर में लगाए गए हैं। इसके अलावा जिला भर में स्टेटिकल सर्विलांस की टीमों को भी तैनात किया गया है। ये टीमें चुनावों को प्रभावित करने वाले किसी भी डील पर नजर रखेगी।

# दो लोगों के साथ 62 लाख की ऑनलाइन ठगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के दो लोगों के साथ करीब 62 लाख रुपए की ठगी के मामले सामने आए हैं। पहले मामले में साईबर थाना धर्मशाला के तहत फर्जी वेबसाइट पर ट्रेडिंग के नाम पर एक व्यक्ति के साथ 53,50,000 रुपए की ठगी का मामला सामने आया है।

धर्मशाला के अंतर्गत योल निवासी ने साइबर थाना धर्मशाला को दी अपनी शिकायत में कहा है कि वह एक ऑनलाइन ट्रेडिंग वेबसाइट पर धन को निवेश कर रहे थे, इसके अतिरिक्त वह इस वेबसाइट पर इंट्रा-डे ट्रेडिंग भी कर रहे थे। शिकायतकर्ता ने कहा कि वेबसाइट पर उनका प्रोर्टफोलियो 53,50,000 रुपए का हो गया था। उन्होंने कहा कि कुछ दिन से अब न तो वेबसाइट काम कर रही है और न ही उपभोक्ता सहायता नंबर काम कर रहे हैं। शिकायकर्ता ने अपनी शिकायत में ऑनलाइन ठगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग रखी है।

दूसरे मामले में साइबर थाना धर्मशाला के ही तहत धर्मशाला के सिद्धबाड़ी निवासी एक व्यक्ति से ऐसी ही एक ऑनलाइन ट्रेडिंग वेबसाइट के माध्यम से 8,22,250 रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उन्होंने एक ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से धन निवेश किया लेकिन बाद में उक्त वेबसाइट अब न तो खुलती है और न ही उनका कस्टमर केयर नंबर काम कर रहे हैं।

### ठग लोगों को लुभाने के लिए पोर्टफोलिया को दिखाते हैं बेहतर आकर्षक

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक साइबर थाना धर्मशाला प्रवीण धीमान ने बताया कि सोशल मीडिया पर ऑनलाइन ट्रेडिंग के विज्ञापन को देख कर उक्त शिकायकर्ताओं ने लॉगिंन किया और वहां वह ट्रेडिंग के साथ धन को निवेश करने लगे। ऑनलाइन ठग लोगों को लुभाने के लिए निवेश किए धन के पोर्टफोलिया को बेहत आकर्षक प्रतिशतता के साथ बढ़ाते हैं जिसके लालच में आकर लोग अधिक से अधिक धन को निवेश करने लगते हैं।

उन्होंने बताया कि उक्त दोनों मामलों को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# श्रमिक कल्याण बोर्ड की कार्यप्रणाली के खिलाफ सीटू करेगी प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सीटू से संबंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन ने पिछले डेढ़ साल से मजदूरों का पंजीकरण, नवीनीकरण और वित्तीय सहायता जारी न करने के खिलाफ राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के खिलाफ संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया है। जिसके चलते 26 मार्च को सभी श्रम कल्याण अधिकारियों के कार्यालयों पर और 28 मार्च को बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिमला में प्रदर्शन किया जाएगा।

यूनियन के राज्य महासचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एक साल में बोर्ड की चार बैठकें आयोजित हुई हैं और उनमें मजदूरों का पंजीकरण, नवीनीकरण व वित्तीय लाभ जारी करने बारे फैसले लिए गए हैं, लेकिन न तो बोर्ड राज्य कार्यालय और न ही जिला स्तर पर इस कार्य को गंभीरता से कर रहे हैं। मजदूरों की पांच सौ करोड़ की वित्तीय सहायता गैर कानूनी तौर पर रोकी हुई है।

# स्वयंसेवियों ने की वेद व्यास परिसर में सफाई

**गरली सालबिया शर्मा**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में एनएसएस द्वारा पांच दिवसीय विशेष कैंप का शुभारंभ कर दिया गया। इसके उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान इंडियन आर्मी के धर्मगुरु नायब सूबेदार गोविंद शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर की निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षा शास्त्री विभाग के अध्यक्ष



छात्रों को संबोधित करते हुए गणमान्य लोग।

प्रोफेसर शीशराम ने इस कार्यक्रम में शिरकत की व राष्ट्रीय सेवा योजना वेदव्यास परिसर के संयोजक कवि पंकज एवं प्रोग्राम ऑफिसर अमित वालिया भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

स्वयंसेवियों को मुख्य अतिथि एवं इंडियन आर्मी के धर्मगुरु गोविंद शर्मा ने अपने कई अनुभव इन छात्रों के साथ सांझा किए।

उन्होंने कहा कि बस एक दृढ़ संकल्प और लगन से छात्र कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिसर की निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी ने भी अपने भाषण में इन इन छात्राओं को कैंप के दौरान अनुशासित रहने की सलाह दी। वहीं प्रोफेसर शीश राम ने भी सत्र के दौरान एनएसएस से संबंधित कई जानकारियां वहां सांझा की ।

डॉक्टर मनीष कुमार ने छात्राओं को संबोधित किया।

## अनंत ज्ञान फैशन

# ड्राइंग एंड स्केचिंग से बनाएं क्रिएटिव ड्रेस कॉस्ट्यूम्स

### फैशन डिजाइन के क्षेत्र में होती हैं एक स्नातक शैक्षणिक डिग्री



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

फैशन डिजाइनिंग उसे कह सकते हैं, जिसमें कई किस्म के कपड़ों, रंगों और ट्रेंड्स का इस्तेमाल कर हम नए-नए स्टाइल्स तैयार करते हैं। फैशन डिजाइनिंग की आर्ट केवल कपड़ों की डिजाइनिंग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें हैंडबैग, फुटवियर/ज्वेलरी आदि भी आती है। फैशन डिजाइनिंग 19वीं शताब्दी में चार्ल्स फैब्रिक वर्थ से शुरू हुई मानी जाती है जो कि अपने बने कपड़ों पर अपने नाम का लेवल लगाने वाली पहली डिजाइनर थी।

फैशन डिजाइनिंग अलग-अलग प्रकार की होती हैं जैसे-बैचलर ऑफ फैशन डिजाइनिंग की डिग्री आमतौर पर डिजाइन के क्षेत्र में एक स्नातक शैक्षणिक डिग्री होती है। फैशन डिजाइनिंग करने के लिए जिस प्रकार की आप डिजाइन बनाना चाहते हैं या जैसी आपकी क्रिएटिविटी स्किल है, उसके लिए ड्राइंग एंड स्केचिंग की जरूरत पड़ती है। यही नहीं, यदि आप क्रिएटिव ड्रेस कॉस्ट्यूम्स बनाना चाहते हैं तो उसके लिए आपको स्केचिंग या ड्राइंग के जरिए दर्शन पड़ता है। ड्राइंग और स्केचिंग की अच्छी समझ होनी चाहिए, जिसके लिए आप ड्राइंग क्लासेस भी ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



# प्रिंटेड डिजाइन के कपड़ों से आप दिखेंगी बेहद स्टाइलिश



**गर्मियों** का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में अक्सर हम लाइट वेट और मिनिमल डिजाइन के कपड़े पहनना पसंद करते हैं ताकि परफेक्ट समर लुक पा सकें। स्टेटमेंट लुक के लिए हम अपनी किसी भी आउटफिट में पर्सनल टच भी दे सकते हैं। बदलते मौसम में पहनने के लिए प्रिंटेड डिजाइन के कपड़े आपके बेहद काम आएंगे। गर्मियों में लाइट वेट वाले कपड़े ज्यादातर पसंद किए जाते हैं। वहीं हल्के वजन वाली साड़ियां आपको गर्मी के मौसम में इजी-ब्रीजी लुक देने में सहायता करेंगी। प्रिंटेड में ज्यादातर सलवार-सूट, साड़ी या वेस्टर्न ड्रेससेस देखने को मिल जाएंगी। प्रिंट में ज्यादातर फ्लोरल, हार्ट या बो डिजाइन को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। वहीं, फ्लोरल डिजाइन गर्मियों के लिए बेस्ट मानी जाती है। फ्लोरल डिजाइन देखने में काफी इजी-ब्रीजी लुक देने में मदद करता है। अगर आप प्लस साइज हैं तो फ्लोरल में छोटे पैटर्न के डिजाइन को चुनना चाहिए। अगर आप पतली हैं तो किसी भी तरह के डिजाइन को चुन सकती हैं। हालांकि प्लेन कपड़े भी काफी स्टाइलिश होते हैं। प्लेन डिजाइन आजकल काफी चलन में है। गर्मियों के मौसम में इसमें ज्यादातर कॉटन के फैब्रिक को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। कॉटन फैब्रिक स्किन फ्रेंडली होता है। देखने में कॉटन फैब्रिक काफी एलिगें

# होली में दीपिका रणबीर के आइकॉनिक लुक को करें ट्राई

**हर** साल होली में सबसे ज्यादा सुना जाने वाला गाना बलम पिचकारी में दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर के आइकॉनिक लुक को शायद ही कोई भूल सकता है। इस सॉन्ग में दीपिका ने न सिर्फ खूबसूरत कपड़े पहने हुए थे, बल्कि होली पार्टी के लिए उनकी ड्रेस भी अच्छी थी। डेनिम शॉर्ट्स या पैंट और सफेद शर्ट यह लड़के और लड़की दोनों के



लिए होली पार्टी में पहने के लिए बेस्ट है। वहीं अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म एक्शन रीप्ले के गाने छान के मोहल्ला सारा में ऐश्वर्या ने लड़कियों के लिए होली पर पहनने के लिए बेस्ट ड्रेस ऑप्शन दिया है। ऊपर से पैर तक सफेद पटियाला सूट और कॉन्ट्रास्टिंग दुपट्टा, लंबी चोटी के साथ एक ऐसी ड्रेस है, जो सुंदर दिखने के साथ ही आपको होली पर पूरा बॉलीवुड एहसास भी देगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस मैदान में प्रतिभा दिखाएंगे फुटबॉल खिलाड़ी

**धर्मशाला।** पुलिस मैदान में करीब 15 ब्वॉयज एंड गर्ल्स टीमें फुटबॉल के खेल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। युवाओं को नशों से दूर रह खेलों में आगे आने के संदेश के साथ इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। फुटबॉल एसोसिएशन धर्मशाला की ओर से 14 वर्ष की आयु तक के स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 21 मार्च से 23 मार्च तक पुलिस विभाग के सहयोग से पुलिस मैदान धर्मशाला में किया जा रहा है। फुटबॉल एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं का शिक्षा क्षेत्र के साथ-साथ खेलों के प्रति जागरूकता, शारीरिक विकास व उनके अंदर की प्रतिभा को निखारना है।

### बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन पर दिया प्रशिक्षण

**पालमपुर।** क्षेत्रीय प्रयोगशाला धर्मशाला की ओर से बीएमओ कार्यालय भवारना, पालमपुर में बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएमओ भवारना के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत आने वाले बीएमओ भवारना, डॉक्टरों, नर्सों, सीएचओ, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी पूजा ने बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन पर एक विस्तृत पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी गई।

### टीबी मुक्त भारत पर कार्यक्रम आयोजित

**धर्मशाला।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में रेड रिबन क्लब की ओर से टीबी मुक्त भारत पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें थुरल के सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अनूप चौहान बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहे। मुख्य वक्ता ने टीबी के होने का कारण तथा सरकार द्वारा सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए बीसीजी वैक्सीन के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की संयोजक प्रो. किरण द्वारा किया गया तथा क्लब के अन्य सभी सदस्य प्रो. रजनी, डॉ. आस्था, प्रो. शिवानी व प्रो. योगेश मौजूद रहे।

### बंदना धीमान का 'चैत बाला चाला भजन' रिलीज



**गरली।** देशभर में पहचान बना चुकी बंदना धीमान का अब चैत महीना शुरू होते ही 'चैत बाला चाला भजन' बंदना धीमान प्रोडक्शन चैनल पर रलीज हो गया। इस भजन को महंत श्री श्री 10008 राजेंद्र गिरी जी महाराज द्वारा रलीज किया गया। बताते चले कि बंदना धीमान इन दिनों देश-विदेश भर में अपनी मखमली आवाज का लोहा मनवा रही हैं, देव भूमि के एक छोटे से गांव मैहरा की यह बेटी करीब 173 पहाड़ी हिंदी, पंजाबी, धार्मिक व हिंदी के अलावा बंदना धीमान प्रोडक्शन के बड़े बैनर तले बन रही हिंदी बालीवुड फिल्म 'सफर' में अपनी आवाज का डका बजा चुकी हैं।

### इंदापुर में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**इंदौरा।** मतदाता जागरूकता अभियान ग्राम पंचायत इंदापुर में बूथ लेवल अधिकारी व गठित स्वीप टीम की सहभागिता से चलाया गया। स्वीट टीम द्वारा उपस्थित जनसमूह को बताया गया कि मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम उपमंडल अधिकारी इंदौरा के निर्देश तथा इलेक्शन कानूनगो रोबिन धीमान की देखरेख में चल रहा है प्रमुख कार्यक्रम है। वहीं शिक्षण संस्थानों में मतदान पर संगीत प्रतियोगिताएं, गीत लेखन प्रतियोगिताएं और थीम-आधारित ड्राइंग प्रतियोगिताएं करवाई।

### सम्मान निधि पर भाजपा को तकलीफ: मल्ली



**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुआई में प्रदेश की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए की सम्मान राशि देने के लिए शुरू की गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना को भाजपा पचा नहीं पा रही है। भाजपा महिलाओं के हित में शुरू की गई इस योजना को बंद करवाने के प्रयास कर रही है जो कभी सफल नहीं होंगे। कांग्रेस के प्रदेश सचिव व मीडिया समन्वयक पुनीत मल्ली ने यह बात कही। कांग्रेस सरकार ने चुनाव के समय दी गारंटी को पूरा करते हुए पूरे प्रदेश में यह योजना लागू की है, जिसके फार्म भरने की प्रक्रिया लोकसभा चुनाव का कोड ऑफ कंडक्ट लगने से पहले ही शुरू हो चुकी है। भाजपा का चुनाव आयोग के पास शिकायत दर्ज करवाना सियासी स्टंट के अलावा कुछ भी नहीं है। कांग्रेस सरकार के सत्ता संभालने के पहले दिन से भाजपा नेता गारंटियों को लेकर दुष्प्रचार में लगे हुए हैं, लेकिन सरकार द्वारा चरणबद्ध तरीके से पूरी की जा रही गारंटियों के चलते जनता का मुख्यमंत्री सुक्खू में विश्वास और मजबूत हुआ है।

# हरसर में नहीं मिल रही परिवार नकल

**अनिल छांगु, जवाली**

विकास खंड नगरोटा सूरियां के अधीन ग्राम पंचायत हरसर में पंचायत सचिव की मनमानी से जनता काफी परेशान है।

पंचायत सचिव कब पंचायत में आते हैं और कब चले जाते हैं, इसका किसी को कोई पता नहीं होता। उनका न तो पंचायत में आने का कोई समय है और न ही पंचायत से चले जाने का कोई समय है।

लोगों के अनुसार 19 मार्च को भी पंचायत सचिव 12 बजे पंचायत कार्यालय में पहुंचे और एक बजे वापस घर चल दिए। काफी लोग परिवार नकल लेने आए हुए थे तो उनको यह बोलकर वापस भेज दिया कि साइट नहीं चल रही है। लोगों के जाते ही पंचायत सचिव भी मौका देखकर पंचायत कार्यालय से चले गए।



ग्राम पंचायत हरसर के कार्यालय का दृश्य, जहां लोगों को परेशानी आ रही है।

पंचायत सचिव को सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक कार्यालय में ड्यूटी देनी होती है परंतु हरसर में तो जनाब कभी पांच बजे तक ड्यूटी पर ही नहीं मिलते हैं। अगर कोई उनसे इस बारे में पूछ ले तो उसके साथ सचिव द्वारा बदतमीजी की जाती है जिससे जनता काफी परेशान है। उन्होंने एसडीएम जवाली व बीडीओ नगरोटा सूरियां से मांग की है कि हरसर पंचायत सचिव पर ड्यूटी में कोताही बरतने की एवज में कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### पंचायत सचिव के बोल...

**इस** बारे में पंचायत सचिव विजय कुमार से बात कर पूछा गया तो उन्होंने बोला कि मैं घर जा रहा हूं आपको जो करना है कर लो। मुझे किसी का कोई डर नहीं है।

### सचिव संबंधी नहीं कोई जानकारी : प्रधान

**वहीं** जब पंचायत प्रधान ममता चौधरी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव दोपहर को ही चले गए हैं और कहां गए हैं इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है।

> मामला मीडिया के माध्यम से मेरे ध्यान में आया है जिसकी जांच कर पंचायत सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसकी रिपोर्ट पंचायत प्रधान से मंगवाई गई है।
> **-अनिल कुमार, बीडीओ, नगरोटा सूरियां।**

# दिव्या ने 45 की उम्र में मैराथन में भाग लेकर जीते कई मेडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

शाहपुर के गांव लांजणी की रहने वाली दिव्या विशिष्ट ने जो किया वो आज सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। शाहपुर के गांव लांजणी की रहने वाली दिव्या विशिष्ठ ने दौड़ने का सपना संजोया और इस कदर संजोया कि आज 55 की उम्र में आकर वह मैराथन में भाग लेती हैं।



दिव्या ने यह मेडल न केवल अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में जीते हैं बल्कि देशभर के विभिन्न कोनों में नाम रोशन किया है। वहीं दिव्या ने 2014 में बंगलुरु में 10 किमी दौड़ में पहली बार महिला वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया।

42 किमी की फुल मैराथन में 10 में पहला स्थान हासिल किया। 2018 में 42 किमी माउंट एवरेस्ट मैराथन में भारतीय वर्ग में प्रथम, 2016 और 2022 में 72 किलोमीटर को खड़दुंगला चैलेंज में सीनियर वर्ग में विजेता, 2019 में 161 किमी (100 मील) वाली अति दुर्गम 'गढ़वाल-नडुरंस रेस' की इकलौती महिला विजेता बनी थीं।

मैराथन में पांच प्रतिभागियों के बीच केवल दिव्या अकेली महिला प्रतिभागी थीं, जिसने 31 घंटे व आठ मिनट के अंतराल में नौ डिग्री तापमान में दो पुरुष धावकों के बाद द्वितीय रनर-अप बनकर गौरवान्वित किया था।

2023 में उत्तराखंड में 80 किमी की मैराथन में महिलाओं में दिव्या प्रथम स्थान पर रहीं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका में 90 किमी कॉमरेड अल्ट्रा रन सहित यूएसए और कैलिफोर्निया में ट्रायल रन में भाग लिया है।

# निर्वासित तिब्बती संसद का बजट सत्र शुरू

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए 18 से 30 मार्च तक आयोजित होने वाला 17वीं निर्वासित तिब्बती संसद का सातवां सत्र (बजट सत्र) मंगलवार सुबह साढ़े 9 बजे अध्यक्ष की सत्र शुरुआत की घोषणा के साथ शुरू हुआ।

निर्वासित तिब्बती संसद के अध्यक्ष खेंपो सोनम तेनफेल और उपाध्यक्ष डोलमा त्सेरिंग तेखांग, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सिक्योंग पेन्पा त्सेरिंग और उनके मंत्री सहयोगियों और सांसदों के साथ एकत्रित होकर सदन ने तिब्बती राष्ट्रगान गाया। दलाई लामा के परोपकारी कार्यों के माध्यम से चीन-तिब्बती संघर्ष को मिली वैश्विक प्रमुखता को देखते हुए, यह कार्रवाई करने का एक महत्वपूर्ण क्षण है।

इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि निर्वासित तिब्बती संसद की स्थापना लंबे समय से दलाई लामा की आकांक्षा थी, अध्यक्ष ने सत्र का एजेंडा पेश किया। इसमें बजट की प्रस्तुति, नियम और विनियमन समीक्षा समिति की रिपोर्ट, बजट अनुमान समिति की रिपोर्ट और अन्य प्रासंगिक मामले शामिल थे।

केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) के निवर्तमान वित्त कलोन सिक्योंग पेन्पा त्सेरिंग ने केंद्रीय तिब्बती प्रशासन का 2024-25 बजट पेश किया, जिसमें रुपए की राशि का प्रस्ताव रखा गया है। 3331.55 मिलियन निर्वासित तिब्बती संसद की बजट अनुमान समिति के अध्यक्ष, सांसद गेशे ल्हारम्पा गोवो लोबसांग फेंडे ने समिति की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की।

केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के 2024-25 बजट पर बहस का प्रस्ताव सांसद तेनजिन जिगदल ने पेश किया। विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. क्लेमेंस अर्जट चल रहे सत्र के पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे, जहां सदन द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## होली मेले के लिए पपरोला तैयार

**पपरोला।** जिला स्तरीय होली महोत्सव पपरोला का आगाज 23 मार्च को शोभायात्रा के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। चार दिन तक चलने वाले इस मेले का मुख्य आकर्षण झांकियां होंगी। व्यापार मंडल पपरोला के प्रधान मनोज सूद व स्थानीय मेला कमेटी के प्रधान विशाल सूद ने बताया कि जिला स्तरीय होली महोत्सव 26 मार्च तक चलेगा।

इस दौरान विभिन्न विभिन्न बाजारों द्वारा झांकियां निकाली जाएगीं। उन्होंने बताया कि 25 मार्च सोमवार को होली खेली जाएगी। जबकि 26 मार्च को मां काली की झांकी निकाली जाएगी व 25 मार्च सोमवार को होलिका दहन होगा।

इसके साथ ही होली महोत्सव के बाद दो स्टार नाइटों का आयोजन होगा। व्यापार मंडल के प्रधान मनोज सूद ने बताया कि होली महोत्सव को भव्य रूप से मनाने को लेकर कमेटियों का गठन किया जाएगा। इसमें होली महोत्सव से संबंधित कामकाजों का दायित्व कमेटी के पास होगा।

# 'मानव जीवन का करें सदुपयोग'

**अनिल छांगू, जवाली**

कथा-व्यास पं बद्री प्रसाद शास्त्रीजी ने सामुदायिक भवन कोटला में दूसरे दिन की कथा का शुभारंभ करते हुए श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रथम श्लोक संहिचटानन्दरुपाय विशीत्पत्यादि हेतवे तापस्य विनाशाय श्रीकृष्णाय वयं नमः का विस्तार से वर्णन किया।



पंडित बद्री प्रशाद शास्त्री

आनंद-सुख का सागर, आनंद का कोई वर्णन नहीं कर सकता, आनंद एक आभास है जिसे हर कोई ढूंढ रहा है दुःख एक अनुभव है जो आज हर-एक के पास है क्योंकि 18-20 लाख कमाने कला भी सुखी नहीं जबकि झुगी-झोपड़ी में भी आनंद बरस रहा है। उन्होंने कहा कि अरबी की अपार संपति वाले मूंग का पानी पीकर कर जीवन गुजार रहे हैं और गरीब आदमी ध्याड़ी लगाकर भी खुश नजर आता है। दुनियां भर के झंझट हैं संसार में, कोई सुखी नहीं, तानक गिया सब संसार, सोई सुखिया जो जपे नाम आधार कबीरा सब जग निर्धन धनवंता नहीं कोई, धनवंता सोई जानिए जो राम नाम गत होई विशोत्पत्यादिहेतवे उत्पति-पालन और विलय करने वाला जीवन देता है. पालन करता है और समय आने पर अपने में विलय भी कर देता है और तापत्रय विनाशाय तीनों प्रकार के ताप दैहिक, दैविक और भीतिक ताप, मनसा, वाचा, कर्मणा। मन, वाणी और कर्मों के पाप जी किसी से छुपाए नहीं छुपते उनका नाश करने वाले उस परम सत्य को हम मिलकर नमन करते हुए जान यज्ञ सप्ताह का शुभारम्भ करते हैं।

शास्त्री जी ने कहा कि जीवन-मरण के सात ही दिन होते हैं आठवां कोई दिन नहीं होता इसलिए संगीत में सात स्वरों का, विवाह में सात फेरी का महत्व बताया गया है। श्रीमद् भागवत एक कल्पवृक्ष है जो जीव के तापक्य समाप्त कर हमें पहलौकिक और परलौकिक दोनों प्रकार की कामनाओं को पूर्ण करती है लेकिन उससे पहले हमें श्रगान पर विश्वास करना होगा उसके बाद भगवान हमारे जीवन को इतना अनमोल बना देते हैं कि कुछ मांगने की आवश्यकता ही शेष नहीं रह जाती।

## आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रही कांग्रेस : उमेश

**रोहड़ू।** भाजपा मंडल जुब्बल कोटखाई ने आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी और हिमाचल प्रदेश सरकार के खिलाफ सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पास शिकायत की है। भाजपा जुब्बल नावर कोटखाई मंडल अध्यक्ष उमेश शर्मा ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी, 65-जुब्बल कोटखाई, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, जुब्बल, जिला शिमला को पत्र के माध्यम से निम्न बिंदुओं पर चुनाव आयोग का ध्यान आकर्षित किया है। उमेश शर्मा ने कांग्रेस पार्टी और हिमाचल प्रदेश सरकार के एक सरकारी अधिकारियों द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता के गंभीर उल्लंघन करने का जिक्र पत्र के माध्यम से किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी, उक्त सरकारी अधिकारी के साथ मिलकर महिलाओं से हिमाचल प्रदेश सरकार की कथित योजना के लिए 1500 रुपए के फॉर्म अवैध रूप से एकत्र कर रही है। ऐसी घटनाएं जुब्बल व पुजारली नंबर चार की बताई जा रही हैं।

# तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा 10 मई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2024 (एचपीसीईटी) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। पात्र विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा के लिए 18 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा 10 मई को होगी।

तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर बीटेक, बी-फार्मेसी, एमसीए, एमबीए, एमबीए (पर्यटन) में प्रवेश के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है। बीटेक, बी-फार्मेसी और एमसीए की प्रवेश परीक्षा सुबह, जबकि एमबीए,




**प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखे सूचना**

एमबीए (पर्यटन) की परीक्षा शाम के सत्र में होगी। अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए एचपीसीईटी का आयोजन किया जाएगा।

जिसके आधार पर ही स्टूडेंट्स को तकनीकी विश्वविद्यालय व संबंधित शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए पात्र माना जाएगा। प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी तकनीकी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना देख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रवेश परीक्षा के लिए प्रदेश में चंबा, धर्मशाला, पालमपुर, नूरपुर, मंडी, कुल्लू, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, सोलन, शिमला, सिरमौर जिला में परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा एक परीक्षा केंद्र चंडीगढ़ में स्थापित किया जाएगा।

# सुजानपुर कांग्रेस के पदाधिकारी पदमुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस की अनुमति से तीन दिन पहले ही सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि अब कोई भी व्यक्ति पार्टी के पदनाम को इस्तेमाल नहीं कर सकता है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस एक मजबूत विचारधारा है तथा इसमें पीठ पर छुरा घोंपने वाले लोगों के लिए कोई स्थान नहीं हैं।



जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती।

कुछ लोगों को पार्टियों की पीठ में छुरा घोंपने की आदत हो गई है तथा ये लोग किसी भी दल में जाएं, उसके सगे नहीं हो सकते। अंत में ऐसे लोगों जनता ही सबक सिखाती है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में बार-बार मुंह की खानी के बाद इन गद्दारों में बौखलाहट चरम सीमा पर है।

उन्होंने कहा कि आज अपने स्वार्थ के लिए यह लोग पूर्व मुख्यमंत्री के गुणगान कर रहे हैं, क्या प्रो. धूमल भूल जाएंगे की

**सुप्रीमकोर्ट से मुंह की खाने के बाद गद्दारों के टोले में बौखलाहट**

इन गद्दारों ने किस तरह उनकी पीठ में छूरा घोंपा था।

आज इन लोगों को आम जनता एक विलेन के रूप में देख रही है। जैसे ही ये लोग चुनाव मैदान में उतरेंगे, आम जनता इनको सबक सिखाने में कोई कोताही नहीं बरतेगी। सुमन भारती ने कहा कि हमीरपुर जिला की जनता मुख्यमंत्री के साथ चट्टान की तरह मजबूती से खड़े हैं।

# आरक्षण को नहीं खत्म कर पाए नेता : कुलदीप

**प्रवीन, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान में 10 साल के लिए आरक्षण दिया था परंतु हमारे राजनेताओं ने आज तक इसे खत्म नहीं किया जिस कारण समाज के कई वर्ग कष्ट झेल रहे हैं।

आज राजपूत कल्याण सभा के सम्मेलन में यह बात मुख्य अतिथि कुलदीप सिंह राणा ने कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार आरक्षण खत्म करें, जाति के नाम से किसी को पुकारने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। आरक्षण जातियों के बीच अवरोध है आज तक स्कूलों में



सम्मेलन के दौरान मौजूद गणमान्य

राजपूत का सिलेबस तक भी शामिल नहीं किया गया।

राजपूत कल्याण सभा ने पठियार में महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल शुरू किया है, जिसमें हर एक विद्यार्थी को शिक्षा लेने का अधिकार है। उन्होंने कहा यहां होनहार विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी इससे पूर्व जयसिंहपुर इकाई के प्रधान राजेंद्र राणा ने मुख्य अतिथि को साल टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

सम्मेलन को राजपूत कल्याण सभा के सलाहकार एडवोकेट टेक चंद राणा, कर्नल एससी परमार, जगरूप राणा, केएस जमवाल आदि ने संबोधित किया। (अनंत ज्ञान)

## अवैध शराब बरामद, केस दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना भवारना के तहत धोरण में अर्जुन सिंह निवासी धोरण की दुकान से 5,250 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले को हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम से तहत दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**वहीं** पुलिस थाना गगल के तहत सौहड़ा वल्ला में भगवान दास निवासी सौहड़ा की दुकान से 6 बोतलें अवैध देसी शराब बरामद की गई है।

# छात्रों को दी टीबी के लक्षणों की जानकारी

**संजीव महाजन, नूरपुर**

नूरपुर स्थित आईटीआई में स्वास्थ्य खंड नूरपुर की ओर से वर्ल्ड टीबी-डे का आयोजन किया गया। आईटीआई में छात्र-छात्राओं ने यस वी कैन एंड टीबी विषय के ऊपर रंगोली और रैली का भी आयोजन किया गया।

टीबी पर बनाई रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार स्नेहा द्वितीय पुरस्कार समायरा व तृतीय पुरस्कार प्रीति ने हासिल किया। जबकि डिक्लेमेशन कंटेस्ट में प्रथम पुरस्कार अंकुश, द्वितीय



छात्रों को टीवी संबंधी जानकारी देते हुए गणमान्य

पुरस्कार स्नेहा वह तीसरे स्थान पर प्रीति रही।

इस दौरान टीवी मुक्त भारत पर एक व्याख्यान भी आयोजित आयोजित किया गया, जिसमें नूरपुर के सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर रीना गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए टीबी के लक्षण, उपचार व बचाव के बारे में जानकारी दी। वहीं डॉ. किरण ने बीसीजी वैक्सीन के बारे में छात्रों को अवगत करवाया।

इस मौके पर सीएचओ बंदना , आईटीआई के इंस्ट्रक्टर जोगिंद्र व अन्य स्टाफ भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## स्वामी राम भारती समाधि में लीन

**बैजनाथ।** सकड़ी गांव के प्रसिद्ध लक्ष्मी नारायण मंदिर में रह रहे महात्मा स्वामी राम भारती के निधन के बाद उनके अनुयायियों ने उनकी इच्छा के अनुरूप समाधि में लीन किया। वे 1984 में उत्तर भारत के इसी मंदिर में रहे थे और स्थानीय लोगों के लिए श्रद्धा और आस्था का केंद्र बने हुए थे।

उनके निधन पर स्थानीय विधायक किशोरी लाल पूर्व विधायक मुल्कराज प्रेमी अनुराग शर्मा ध्रुव देव पुरोहित, बबीता कटोच, अंशुल धीमान, अजयकटोच, बबीता कटोच, प्राचार्य चंद्रपाल राणा इत्यादि ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

**प्रदर्शन** एससी-एसटी विकास निधि के लिए 'स्पेशल एक्ट' बनाने के लिए मुहिम तेज

# प्रावधानों को समाप्त करने पर रोष, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जितेंद्र कौशल बैजनाथ**

हिमाचल प्रदेश में एससी-एसटी समुदायों की विकास निधि के लिए 'स्पेशल एक्ट' बनाने की मुहिम जोर पकड़ती जा रही है।

दरअसल, सरकार द्वारा एससी-एसटी सब प्लान के प्रावधानों को धीरे-धीरे लगभग समाप्त करने की बजह से, एससी-एसटी समुदायों में रोष है। एससी-एसटी समाज के लोग सरकार से एससी-एसटी सब प्लान के लिए, आनुपातिक बजट और 'स्पेशल एक्ट' बनाने की मांग कर रहे हैं ताकि उनके समग्र विकास के हित सुरक्षित रह सकें।

आज, एससी-एसटी समाज से जुड़े प्रतिनिधिमंडल ने इस मांग को लेकर एसडीएम बैजनाथ के माध्यम




रोष जताकर जानकारी देते हुए समिति सदस्य।

से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधि मंडल में, 'स्टेट कोलेशन फॉर लेजिसलेशन ऑफ एससी-एसटी सब प्लान', हिमाचल प्रदेश के बैनर तले, महिला अधिकार मंच श्री गुरु रविदास महासभा सभा, कवीर पंथ समाज सुधार सभा हिमाचल प्रदेश वाल्मीकि सभा, ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा, संत नाभा महासभा, अंबेडकर सोसायटी, अंबेडकर विकास परिषद, भूमि हीन भूमि अधिकार मंच इत्यादि संगठन शामिल हुए।

### योजना पर बजट मात्र 5 प्रतिशत तक रहा सीमित

**प्रतिनिधि** मंडल सभा/ संगठन के पदाधिकारियों ने यह ज्ञापन एसडीएम देवीचंद ठाकुर को सौंपते हुए बताया हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2011 में अनुसूचित जाति उपयोजना की राशि जनसंख्या के अनुपात में 25 प्रतिशत के लगभग प्रस्तावित थी, लेकिन यह राशि संबंधित वर्ग के विकास की प्राथमिकताओं पर खर्च नहीं हो पाई। इसके विपरीत, पिछले 5 सालों में इस उप योजना के तहत बजट प्रावधान मात्र 5 प्रतिशत तक सीमित होकर रह गया, जो संबंधित वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में 33 प्रतिशत होना चाहिए था। जिस कारण लोगों को किसी भी प्रकार का सुविधा का लाभ नहीं मिल सका।

### अनुसूचित जाति व जनजाति विकास निधि पर विशेष कानून बनाया जाए

**प्रतिनिधि** मंडल ने मांग की, कि एससी-एसटी समुदाओं के विकास के हितों के मद्देनजर, हिमाचल प्रदेश में तेलंगाना राज्य की तर्ज पर अनुसूचित जाति, जनजाति विकास निधि विशेष कानून बनाया जाए, और अनुसूचित जाति जनजाति की जनसंख्या के अनुपात में कुल बजट का 33त्न प्रावधान किया जाए।

# परीक्षा में छाए तृप्ता स्कूल के 30 छात्र

**अनिल छांगू, जवाली**

तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा के कक्षा छठी और कक्षा नवमी के 30 विद्यार्थियों ने आल इंडिया सैनिक स्कूल परीक्षा को उत्तीर्ण कर स्कूल एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

मेधावी बच्चों को स्कूल के अध्यक्ष वरिंदर नरयाल प्रधानाचार्य राकेश राणा ने मिठाई खिलाकर सभी बच्चों को बधाई दी।

प्रधानाचार्य राकेश राणा ने बताया कि 2017 से उनके स्कूल के बच्चे लगातार सैनिक स्कूल नवोदय में चयनित हो रहे हैं इसके अलावा कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल में चयनित बच्चों में कक्षा नवमी में तनीषा, आदिश, आदित्य जरयाल, उत्कर्ष, अक्षित अत्री, एंजल धीमान, कनिष्क कुटलहरिया, नवरीति,



सैनिक स्कूल में चयनित बच्चों के साथ प्रधानाचार्य व अन्य।

**प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बच्चे प्रतिभा का मनवा रहे लोहा**

समर्थ, समीर गुलेरिया, अरिहंत गुलेरिया और रिया जबकि कक्षा छठी में आरोही मंहास, आकुल, अरदक्ष डोगरा, अर्पित, नक्षप्रीत, तनिश कुमार, अंशिका, मान्या, अतिक्ष, कनिका चौधरी, आरिका, माही, अभिनव, कार्तिक कतनौरिया, आरब मेहरा, शिवांश ठाकुर, सक्षम और सुजल ने परीक्षा पास की है।

इस अवसर पर चेयरमैन बीरेंद्र नरियाल और प्रधानाचार्य राकेश राणा बहुत समस्त अध्यापकगण मौजूद रहे।

# कृषि विभाग के सेल सेंटरों में नहीं पहुंचा सब्जियों का बीज

## किसान मजबूरन महंगे दामों पर बीज खरीद कर रहे बुबाई

रवि ठाकुर, हमीरपुर



जिला भर के किसान पिछले एक माह से कृषि विभाग के ब्लॉकों व सेल सेंटरों में सब्सिडी पर मिलने वाले सब्जियों के बीजों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन मार्च माह भी आधा गुजर गया है और बीज देने का कोई प्रबंध नहीं है। वजह साफ है कि कृषि विभाग में सब्जियों के बीज का बजट अभी तक जारी नहीं हो पाया है। ऐसे में बीज की खरीद अभी तक शुरू नहीं हो पाई है।

इसके चलते ब्लॉकों व सेल सेंटरों में सब्जियों के बीज की खेप नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में किसानों को मजबूरन बाजार के बीज भंडारों से महंगे दामों पर बीज खरीदने पड़ रहे हैं, क्योंकि अब मौसम खुलना शुरू हो गया है और जमीन में भी अभी पर्याप्त नमी है। ऐसे में किसानों ने खाली पड़े खेतों में भिंडी, फ्रासबीन का बीज बोना शुरू कर दिया है, वहीं घीया, डानी, खीरा, करेला, कद्दू आदि के बीज खरीदने में लगे हुए हैं, ताकि समय पर इनकी बिजाई की जा सके। कृषि विभाग के सेल सेंटरों के शटर बिना बीज के बंद पड़े हुए हैं। ऐसे में किसानों को ब्लॉकों व सेल सेटरों से खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

> कृषि विभाग के पास सब्जियों के बीज अभी तक नहीं पहुंच पाए हैं। जैसे ही बीज की खेप हमीरपुर पहुंचेगी, उसे ब्लॉकों व सेल सेंटरों को डिमांड के मुताबिक मुहैया करवा दिया जाएगा।
> -डॉ. सुरेश कुमार, उपनिदेशक, कृषि विभाग

## बगैर परमिट ड्रोन से हो रही दवाइयों की सप्लाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

**नेरचौक से हमीरपुर मंगवाई जा रही थीं दवाइयां**

हमीरपुर जिले में अवैध रूप से ड्रोन के जरिए दवाइयों की सप्लाई करने का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। नेरचौक से इसके जरिए हमीरपुर में दवाइयों की सप्लाई मंगवाई जाती थी। यह धंधा करीब चार माह से जारी था। इसके लिए बाकायदा एक मकान की छत भी किराए पर ले रखी थी। ड्रोन आता जाता था, लेकिन पुलिस को इसकी जरा भी भनक नहीं लगी।

गौरतलब है कि गाहलियां गांव में एक ड्रोन अचानक उड़ते-उड़ते गिर गया, जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही एक अभिषेक नाम का व्यक्ति इस ड्रोन को अपने साथ ले गया। जब पुलिस ने पूछताछ की तो लोगों ने बताया कि ड्रोन को अभिषेक उठाकर ले गया है, जो कि यहां किराए के मकान में रहता था। पुलिस लोगों के साथ अभिषेक के घर गई और तलाशी ली तो वहां यह ड्रोन मिला। जब पुलिस ने टीम ने अभिषेक से इस बारे दस्तावेज मांगे तो वह कोई भी दस्तावेज पुलिस के समक्ष पेश नहीं कर पाया।

पूछताछ के दौरान अभिषेक ने बताया कि वह कांगड़ा जिला के रैत के बुशहरा गांव का रहने वाला है और घनाल गांव में किराए के मकान में रहता है। उसने बताया कि वह ड्रोन के जरिए नेरचौक से हमीरपुर के लिए दवाइयां मंगवाता था। यह धंधा करीब चार माह से चला रहा था, लेकिन उसके पास ड्रोन के हवाई मार्ग से आवागमन संबंधी परमिट व अनुमति पत्र नहीं था। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## डीएलएड की परीक्षा में अर्पिता फर्स्ट

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा दिसंबर माह में ली गई डीएलएड की प्रथम 2022-24 व द्वितीय वर्ष 2021-23 की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें प्रथम वर्ष में अर्पिता ने 1200 में से 1023 अंक (85.25 प्रतिशत) लेकर प्रथम स्थान, अनुबाला ने 1200 में से 1012 (84.33 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा सुनील दत्त ने 1009 (84.8 प्रतिशत) अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया।

द्वितीय वर्ष में शिवानी शर्मा ने 2200 में से 1888 अंक (85.81 प्रतिशत) लेकर प्रथम, खुशी चंदेल ने 2200 में से 1854 (84.27 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर दूसरे तथा अनुराधा शर्मा ने 1853 (84.22 प्रतिशत) अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। चेयरमैन मनजीत सिंह, सचिव कुलवीर सिंह ठाकुर, प्राचार्य डॉ. राजकुमार धीमान आदि ने स्टूडेंट्स बधाई तथा शुभकामनाएं दीं।

## मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में बी-पॉजिटिव खून की कमी



एचओडी राजेश वर्मा को 24वीं बार रक्तदान करने पर सम्मानित करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

**राजेश वर्मा ने किया 24वीं बार रक्तदान**

डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में रक्त की कमी चली हुई है। रक्त की कमी को लेकर पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता कर रहे राजेश वर्मा ने मंगलवार को 24वीं बार रक्तदान किया। मेडिकल कॉलेज में बी-पॉजिटिव रक्त की कमी होने के कारण राजेश वर्मा ने ब्लड बैंक के अनुरोध पर एक यूनिट ब्लड रक्तदान किया और अपने दोस्तों को भी साथ लाए। ब्लड बैंक के एचओडी डॉ. कविता शरद ने उन्हें इस नेक कार्य के लिए सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि बी-पॉजिटिव रक्त की कमी चली हुई है जिसके कारण बुधवार तक ही बी-पॉजिटिव रक्त बचा हुआ है। उन्होंने बताया कि रक्त की कमी को पूरा करने के लिए 22, 23 और 24 मार्च को रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में काफी हद तक रक्त की कमी को पूरा कर लिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### होली उत्सव की बैडमिंटन प्रतियोगिता 21 से

**हमीरपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर-2024 की बैडमिंटन प्रतियोगिता 21 से 23 मार्च तक अणु के इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में महिलाओं और पुरुषों के अंडर-17, अंडर-19, सीनियर पुरुष तथा डबल्स वर्ग और वैटरन वर्ग की स्पर्धाएं करवाई जाएंगी। जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 21 मार्च को प्रातः 10 बजे से पहले अणु के इंडोर स्टेडियम में प्रतियोगिता के समन्वयक के पास आयु प्रमाण पत्र सहित पंजीकरण करवाएं।

### 1500 रुपए देने में भाजपा अटका रही रोड़े : सुरेश



**भरेड़ी/जाहू।** भाजपा अपनी महिला विरोधी मानसिकता के चलते प्रदेश की महिलाओं को कांग्रेस सरकार द्वारा दिए गए 1500 रुपए देने के कार्य में रोड़े अटका रही है। इसी के चलते भाजपा महिलाओं के सम्मान निधि फार्म भरने पर चुनाव आयोग के पास शिकायत लेकर पहुंच गई है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि भाजपा महिलाओं के विरोध में खड़ी हो गई है और कांग्रेस द्वारा दी गई सम्मान निधि का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि इसकी घोषणा आदर्श चुनाव संहिता लगने से पहले हो चुकी है और इसके लिए महिलाएं अपने फार्म भरने में लगी हुई हैं। वहीं भाजपा महिला विरोधी मानसिकता के चलते इन फार्मों को भरने का विरोध कर रही है और अपनी शिकायत लेकर चुनाव आयोग के पास गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से ही महिला विरोधी रही है। भाजपा नहीं चाहती कि महिलाओं को 1500 रुपए मिले और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो।

### वार्षिक साधारण अधिवेशन 24 मार्च को

**गलोड़।** दी उटप कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का वार्षिक साधारण अधिवेशन 24 मार्च को होगा। यह वार्षिक अधिवेशन समिति के प्रधान अनिल कुमार की अध्यक्षता में करवाया जाएगा। समिति के सचिव रणमीत देव ने बताया कि अधिवेशन सभा भवन के स्थित लंजियाना के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में सभा के आय व्यय और अन्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने समिति से जुड़े हुए सभी सदस्यों से आह्वान किया है कि वह इस वार्षिक अधिवेशन की बैठक में अपनी उपस्थिति अति-आवश्यक दर्ज करवाएं।

### होली मेले के लिए 200 कलाकारों ने दिए ऑडिशन

**हमीरपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर में 23 मार्च से शुरू होने जा रहा है।



ऑडिशन देते कलाकार।

इस राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव में चार सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जाएंगी, जिसके लिए मंगलवार को बचत भवन हमीरपुर में कलाकारों के ऑडिशन लिए गए। पहले दिन मंडी, कुल्लू, कांगड़ा, पालमपुर और हमीरपुर के लगभग 200 कलाकारों ने ऑडिशन दिए। इस अवसर पर संजय शर्मा और डॉ. उमा ठाकुर ने जज की भूमिका निभाई। जिला लोक संपर्क अधिकारी अनिल गुलेरिया ने बताया कि बुधवार को भी कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे और स्टार नाइट के लिए कलाकारों को बुलाने के बारे में चर्चा की जा रही है।

### पुलिस ने 2250 एमएल शराब पकड़ी, केस दर्ज

**नादौन।** नादौन पुलिस ने गश्त के दौरान बलडूहक क्षेत्र में एक व्यक्ति से 2250 एमएल शराब पकड़ी है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना नादौन के अंर्तगत बलडूहक क्षेत्र के संतोष कुमार से इंपीरियल ब्लू 1350 एमएल और ऊना नंबर वन 950 एमएल शराब पकड़ी है। पुलिस ने शराब को बदामद कर आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मदन लाल को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने की पैरवी

**हमीरपुर।** जिला कांग्रेस सेवा दल की बैठक जिला अध्यक्ष मदन लाल कौंडल अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए पार्टी जिस भी उम्मीदवार को चुनाव में उतारेगी, उसका कांग्रेस सेवादल भरपूर समर्थन करेगा और उम्मीदवार जीत सुनिश्चित करने में पूरा योगदान देगा। जिला सेवादल के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि सेवादल के अध्यक्ष मदन लाल कौंडल पिछले 30-35 से वर्षों से कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में अपना भरपूर सहयोग दे रहे हैं और हमीरपुर सेवादल को जिला के ब्लॉकों में पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए पूरे जिला के पांचों ब्लॉकों की कार्यकारिणी ने ध्वनि मत से कांग्रेस हाईकमान व मुख्यमंत्री सुक्खू से अनुरोध किया है कि ऐसे कर्मठ कार्यकर्ता को पार्टी की तरफ से सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया जाए, ताकि कांग्रेस पार्टी को और मजबूत किया जा सके। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष हेमराज, दलीप चंद, मनोज, सुखदेव, पंकज कुमार व अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### बैडमिंटन में माथुर धीमान व दिनेश ठाकुर विजेता

**सुजानपुर।** पालमपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप 45 वर्ग में डबल कैटेगरी में आलमपुर के माथुर धीमान व दिनेश ठाकुर विजेता रहे और अजय शर्मा व सचिन सूद उपविजेता रहे। यह प्रतियोगिता 16 से 18 मार्च तक खेली गई। मुख्यातिथि पालमपुर की एसडीएम मती नेत्रा मेती द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

### कृषि सेवा सहकारी सभा का अधिवेशन 24 को

**बिझड़ी।** दी बल्ह बिहाल कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का 24 मार्च को वार्षिक अधिवेशन होगा। सभा के सचिव सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि सभा 2023-24 में हुए अंकेक्षण बारे, सभा की ब्याज दरों में संशोधन करने पर चर्चा तथा ऑडिट व अंकेक्षण की नियुक्ति पर विचार-विमर्श करेगी। इसी के साथ दोषी ऋणियों के विरुद्ध कानूनी करवाई की अनुमति लेना मुख्य एजेंडा होगा।

### नलों में गंदा पानी आने से मचा हड़कंप

**रंगस।** नादौन ब्लॉक के जमनोटी गांव में मंगलवार को जैसे ही नलों में पानी की सप्लाई आई तो लोगों में मिट्टी युक्त पानी आने से हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना



जलशक्ति विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को भी दी। विभागीय कर्मचारी और अधिकारी तुरंत वहां पहुंच गए और जांच शुरू कर दी। अधिकारियों ने अन्य गांवों मे भी जाकर पानी चैक किया, लेकिन वहां पर पानी ठीक चल रहा था। एक ही गांव में पानी की सप्लाई में गंदा पानी आने से उन्होंने इसकी पूरी छानबीन कर सैंपल एकत्र भी किया। वहीं जल शक्ति विभाग के जेई रजत कुमार ने बताया कि फोरलेन के काम के चलते पाइप लाइनें बार-बार टूट रहीं हैं, उन्हें बार-बार रिपेयर किया जा रहा है, जिस कारण कभी-कभार इनमें मिट्टी रह जाती है। इसके चलते जमनोटी गांव को जाने वाली सप्लाई में ऐसा हुआ है। मौके पर पहुंच कर इसकी पूरी जांच-पड़ताल की गई है। वहीं एतिहात बरतते हुए पानी का सैंपल भी लिया गया है, जिसे जांच के लिए भेजा गया है।

## बालकृष्ण गोयल ने किया बाल आश्रम सुजानपुर का निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

बाल अधिकारों और बुजुर्गों से संबंधित मामलों के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) में स्पेशल मॉनिटर के रूप में नियुक्त बालकृष्ण गोयल ने हमीरपुर जिले के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को बाल आश्रम सुजानपुर का निरीक्षण किया।



बाल आश्रम के बच्चों से बातचीत करते हुए बालकृष्ण गोयल।

इस अवसर पर उन्होंने बाल आश्रम के रिकॉर्ड की जांच की तथा विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। गोयल ने बच्चों के कमरों, रसोई कक्ष, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, मनोरंजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा आश्रम के संचालकों, जिला बाल कल्याण समिति के पदाधिकारियों और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। बाल आश्रम में विभिन्न सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए एनएचआरसी के स्पेशल मॉनिटर ने कहा कि यहां बच्चों के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान गोयल ने बच्चों के साथ काफी देर तक बातचीत की तथा उनसे विभिन्न सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया।

इस अवसर पर एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलक राज आचार्य, बाल विकास परियोजना अधिकारी हमीरपुर बलवीर सिंह बिरला आदि उपस्थित थे।

## भगवती स्कूल के बच्चों ने गणित ओलंपियाड में जीता गोल्ड मेडल



भगवती स्कूल के बच्चे सर्टिफिकेट्स के साथ सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान, नादौन

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में पुरस्कृत किया गया। प्रिंसीपल आरती कटोच ने बताया कि कक्षा द्वितीय से आन्या, अवलीन, अर्शिता, विवान कक्षा चौथी से सान्वी कक्षा पांचवीं से अरुण ने गणित में स्वर्ण पदक हासिल किया।

कक्षा पहली से रियांश, रिजुल दूसरी कक्षा से रिधिमा, युवराज, अनमोल, रियान व तीसरी कक्षा से नैतिक, वान्या, यक्षित, चौथी कक्षा से आशवी, अलिशका, अनिका, कुलनंदन आदि को रैंक हासिल करने पर सर्टिफिकेट वितरित किए गए। प्रिंसीपल ने इन बच्चों को बधाई दी और आने वाली परीक्षाओं में अधिक मेहनत करने की ओर प्रेरित किया।

## दियोटसिद्ध में पांचवें दिन चढ़ा 19,34,975 रुपए का चढ़ावा

**बिझड़ी।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध मंदिर बाबा बालक नाथ दियोटसिद्ध में आजकल चैत्र माह के मेले चले हुए हैं। पांचवें दिन बाबा के भक्तों ने गुफा दर्शन करके 19 लाख 34 हजार 975 रुपए गुफा में चढ़ाए हैं। मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी ने बताया कि सोमवार को लगभग 10000 के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन किए हैं। गुफा में 14 लाख 18 हजार 55 रुपए तथा पांच लाख 16 हजार 920 रुपए दान के रूप में प्राप्त हुए हैं। सोना 25 ग्राम 20 मिलीग्राम, इंग्लैंड पाउंड 60, ऑस्ट्रेलिया डॉलर 60, कनाडा डॉलर 300, यूएसए डॉलर 60, यूरो 005, यूएई दराम 50, कतर रियात 50 विदेशी मुद्रा के रूप में प्राप्त हुए हैं।

## सेफ्टी क्लीनिक में बताए गैस का सुरक्षित उपयोग करने के तरीके

**हमीरपुर।** हमीरपुर गैस सर्विस की ओर से जोलसप्पड़ में सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन किया गया। गैस एजेंसी के मालिक हरीश नंदा ने बताया कि ग्राहक जागरूकता सह-सुरक्षा कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञ एवं गैस एजेंसी के कार्यकर्ताओं ने रिफिल सिलेंडर लेने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी और दैनिक आधार पर गैस का सुरक्षित उपयोग करने के तरीके के बारे में लोगों को समझाया गया तथा गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग बारे भी चर्चा की गई। उन्होंने लोगों को लकड़ी चूल्हे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया।

## पौष्टिक आहार लेने से दूर होती हैं बीमारियां : राज कुमारी



कार्यक्रम में भाग लेते स्टूडेंटस, वृत्त पर्यवेक्षिका व अन्य।

**रंगस।** राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन रंगस पंचायत में स्थित वृत्त कार्यालय में किया गया। वृत्त पर्यवेक्षिका राज कुमारी ने कुपोषण से बचाव, संतुलित आहार और कुपोषण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पौष्टिक आहार से कई बीमारियों से बचा जा सकता है, इसलिए रोजाना के खान-पान में सब्जियों, दालों का ज्यादा सेवन करें। उन्होंने बताया कि पोषण अभियान समग्र तरीके से पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने का प्रयास है। पोषण अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मार्च, 2018 से सभी हितधारकों के साथ मिलकर पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

## बाबा बड़भाग सिंह मेले के लिए भेजीं स्पेशल बसें

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर



एचआरटीसी हमीरपुर डिपो ने ऊना जिले के बाबा बड़भाग सिंह मेले के लिए दो स्पेशल बसें भेजी हैं, जो अगले दस दिनों तक अपनी सेवाएं देगीं, ताकि श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंचने में किसी तरह की असुविधा न हो। निगम हर वर्ष मेले की डिमांड पर बसें भेजता है। इसके अलावा निगम का एक इंस्पेक्टर भी मेले में ही तैनात रहेगा, जो कि टांका लगाने वाले कंडक्टरों पर निगरानी रखेगा, ताकि कोई भी कंडक्टर टांका न लगा सके।

गौरतलब रहे कि निगम चैत्र मास मेलों पर भी दो स्पेशल बसें चला रहा है। इसके अलावा निगम होली मेले को लेकर भी लोगों की डिमांड पर स्पेशल बसें चलाएगा। ऐसे में आने वाले दिनों में यात्रियों को लोकल रूटों पर बसों की कमी से जूझना पड़ सकता है, क्योंकि निगम की चार बसें मेलों में भेजी जा चुकी हैं, ताकि यात्रियों को मेले में किसी तरह की असुविधा न झेलनी पड़े। निगम यात्रियों की सुविधा के लिए ही स्पेशल बसें चला रहा है, ताकि यात्रियों को बसों की कमी के चलते किसी तरह की परेशानी न झेलनी पड़े। हालांकि निगम यह व्यवस्था बनाने में भी जुटा है कि बसों की कमी के चलते ज्यादा लोकल रूट प्रभावित न हो सकें।

> बाबा बड़भाग सिंह नैहरियां मेले को लेकर हमीरपुर डिपो की दो बसें डिमांड के मुताबिक भेज दी गई हैं, जो कि अगले 10 दिनों तक वहां पर श्रद्धालुओं को सेवाएं मुहैया करवाएंगी। मेले में बसों की और डिमांड आई, तो उसे भी पूरा किया जाएगा, ताकि यात्रियों को मेले में किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।
> -राजकुमार पाठक, उपमंडलीय प्रबंधक, हमीरपुर

## 21 से आंशिक रूप से बाधित रहेगी बिजली

**हमीरपुर।** विद्युत सब-स्टेशन मट्टनसिद्ध में ट्रांसफार्मरों की मरम्मत के चलते 21, 22, 23 और 24 मार्च को गांव डुग्घा, दो सड़का, मोहीं, बल्ह ब्राह्मणी, कठल, जमली, तरोपका, बोहणी, लंबलू, बरोहा, भीड़ा, टिक्कर, गसोता, बल्यूट, दखयोड़ा, कोहली, धरोग, चमनेड, समराला और आसपास के गांवों में बिजली की आपूर्ति प्रतिदिन सुबह 10 से सायं 5 बजे तक कुछ समय के लिए बाधित रह सकती है। विद्युत सब-स्टेशन के सहायक अभियंता सुरेश शर्मा ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।




## मयंक ने पास की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा

**गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोअर हड़ेटा के छात्र मयंक ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। मयंक ने यह परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने बताया कि इस उपलब्धि का श्रेय अध्यापकों एवं बच्चों के कड़े परिश्रम को जाता है। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान संतोष कुमार जो कि मयंक के पिता भी हैं, ने बताया कि जबसे प्रधानाचार्य अशोक इस स्कूल में आए हैं तब से कई बच्चे बड़ी-बड़ी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर रहे हैं जो कि इस विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।



## ग्रामीण बैंक कर्मियों का आंदोलन स्थगित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

**बैंक से निकालने व वेतन न देने के विरोध में मंडी में आज से शुरू करना था आंदोलन**

हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ ने श्रमायुक्त चंडीगढ़ के साथ संपन्न द्विपक्षीय वार्ता के आधार पर 25 अप्रैल तक आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया है। यदि 25 अप्रैल तक बैंक कर्मियों की मांगें नहीं मानी तो संघ फिर से आंदोलन शुरू करेगा।

गौर रहे कि बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बैंक में वर्षों से कार्यरत सफाई कर्मियों को बैंक से निकालने व वेतन बंद करने के गैर-कानूनी आदेश जारी किए हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने उक्त कर्मियों को निकालने व आउटसोर्स किए जाने पर रोक लगा रखी है। कर्मचारियों ने बैंक अध्यक्ष व क्षेत्रीय प्रबंधकों के खिलाफ न्यायालय आदेश की अवमानना का मुकदमा दायर करने का भी निर्णय लिया है।

कानूनी सलाहकार डीसी शर्मा ने श्रमायुक्त के समक्ष बैंक अध्यक्ष के अनुचित, गैर-कानूनी व दोषजनक कार्यप्रणाली पर भी औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 25टी व 25यू के अंतर्गत कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया। श्रमायुक्त चंडीगढ़ ने बैंक प्रबंधन द्वारा बैंक में कार्यरत सफाई कर्मियों को बैंक से निकालने व वेतन बैंक खातों में जमा करना बंद किए जाने की कार्रवाई को अवैध व गैर-कानूनी करार दिया है।

बैठक में उपस्थित हुए बैंक महाप्रबंधक सुधीर कुमार को बैंक में कार्यरत सफाई कर्मियों को शीघ्र वेतन अदायगी के निर्देश जारी किए तथा अगली बैठक 25 अप्रैल को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। वार्ता बैठक में कर्मियों की ओर से भारतीय मजदूर संघ वित्तीय क्षेत्र प्रभारी व कानूनी सलाहकार डीसी शर्मा शामिल हुए एवं कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रताप मीणा व महामंत्री नितिन कुमार उपस्थित रहे। बैठक में अन्य बैंक कर्मियों को देय सिंगल विंडो ऑपरेटर भत्ता भी देने के निर्देश जारी हुए।

## पहाड़ी स्टार नाइट में गायक इशांत करेंगे छात्रों का मनोरंजन

हमीरपुर। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक युवा सांस्कृतिक उत्सव 21 मार्च से शुरू होने जा रहा है। यह उत्सव दो दिन तक चलेगा। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सौरभ कुमार ने बताया कि इस उत्सव में बॉलीवुड गायिका शिल्पा सुरोच मुख्यातिथि होंगी, जो विभिन्न सांस्कृतिक, मनोरंजक, पहाड़ी नाइट व पंजाबी नाइट का शुभारंभ करेंगी। इस उत्सव में पहाड़ी स्टार नाइट गायक इशांत भारद्वाज स्टूडेंट्स का मनोरंजन करेंगे। स्टूडेंट्स द्वारा सांस्कृतिक, मनोरंजक कार्यक्रम आदि प्रस्तुत किए जाएंगे। यह स्टूडेंट्स के लिए अपनी प्रतिभा में निखार लाने और अवसर की पहचान का यह एक बड़ा अवसर होगा।

**परेशानी** लोकसभा चुनावों के कारण दो महीने बाद ही जारी होगा बजट, फॉर्म भरने के लिए प्रतिदिन लग रही भीड़

# बिना बजट ही जारी कर दी सुख सम्मान निधि योजना की अधिसूचना

अनिल कुमार, हमीरपुर

प्रदेश सरकार की 18 साल से ऊपर महिलाओं को 1500 रुपए मासिक पेंशन इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना देने की गारंटी की अधिसूचना तो जारी कर दी है, लेकिन अभी तक इस योजना के लिए प्रदेश सरकार के पास कोई बजट स्वीकृत नहीं किया है। इस योजना की अधिसूचना जारी होने के तीन दिन बाद ही लोकसभा चुनावों की घोषणा भी कर दी गई। जिससे प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है, हालांकि इस योजना की अधिसूचना चुनाव आचार संहिता से पहले जारी कर दी है, लेकिन इस योजना को फायदा अभी महिलाओं को मिलता नहीं दिख रहा है, क्योंकि सरकार द्वारा इस योजना के लिए बजट जारी नहीं किया गया है और न ही आने वाले दो महीनों में इस योजना के लिए कुछ जारी किया जा सकेगा।

गौर रहे कि इस योजना के तहत हमीरपुर जिला में अभी तक 3685 फॉर्म महिलाओं ने जमा करवा दिए हैं। फार्म में पहले पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का चित्र छपा हुआ था। जिसका विरोध किया जा रहा था। 16 मार्च को इस योजना का फार्म भी बदल दिया गया व नया फार्म ही तहसील वेलफेयर कार्यालय में लिया जा रहा है। सोमवार को भी जिला कल्याण कार्यालय में फार्म जमा करवाने वाली महिलाओं की काफी भीड़ लगी रही और दो बजे के बाद फार्म लेने बंद कर दिए गए। सामाजिक कल्याण निदेशालय से फार्म लेने से रोक लगा दी थी क्योंकि फोटो वाले फार्मों को स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसलिए महिलाओं को मंगलवार को फार्म जमा करवाने के लिए कहा गया, हालांकि बाद में सोमवार शाम सामाजिक कल्याण विभाग के निदेशालय से आदेश आए कि इस योजना की अधिसूचना चुनाव आचार संहिता से पहले जारी हो चुकी है, इसलिए अभी तक इसके फार्म ही लिए जाएंगे, आगे कोई भी कार्रवाई नहीं होगी। (अनंत ज्ञान)



तहसील कल्याण विभाग में फार्म जमा करवाने के लिए जुटी महिलाओं की भीड़।

> इस योजना के बिना फोटो वाले फॉर्म लिए जाएंगे। निदेशालय से आदेश आए हैं कि फार्म लेने से मना नहीं किया जा सकता, लेकिन अभी तक इस योजना के लिए बजट ही नहीं है। लोकसभा चुनावों के चलते अगले दो महीनों के बाद ही इसके लिए बजट स्वीकृत हो सकता है।
> -गीता मरवाह, जिला कल्याण अधिकारी

## उपभोक्ता 28 तक जमा करवाएं बिजली बिल

**नादौन।** विद्युत उपमंडल नादौन के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक बिजली का बिल जमा नहीं करवाया है, उनसे विभाग की अपील है कि वे 28 मार्च तक अपने बिजली के बिल को जमा करवाएं। अन्यथा बिजली के बिल का भुगतान निर्धारित समय पर न करने पर बिजली का और उसके बाद उपभोक्ता को पुन: बिजली का कनैक्शन लेने के लिए 250 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। यह बात विद्युत उपमंडल नादौन के एसडीओ अक्षय कुमार ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपना बिजली का बिल विभाग के कैश काउंटर, लोक मित्र केंद्र अथवा ऑनलाइन जाम करवाएं।

# महंगाई से व्यापारी-ग्राहक परेशान, प्रशासन मालामाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान इस बार प्रशासन ने पड्डल मैदान की आक्शन से करीब पांच करोड़ इकट्ठे किए हो लेकिन शिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने वाले व्यापारी और ग्राहक दोनों ही परेशान नजर आ रहे हैं। व्यापारियों की माने तो उन्हें इस बार स्टॉल पिछले साल की अपेक्षा अधिक महंगें मिले, इस कारण इस बार मेले में महंगाई बढ़ गई है।

वहीं ग्राहकों के अनुसार मेले में वस्तुएं पिछले साल की अपेक्षा इस बार ज्यादा महंगी हो गई हैं। बता दें कि मंडी में अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान पड्डल मैदान में हर साल आयोजित होने वाले शिवरात्रि मेले के दौरान छह हैंगर की बोली इस साल तीन करोड़ 25 लाख लगी है।

जबकि पिछले साल 1.57 करोड़ बोली लगाई गई थी। छोटा पड्डल मैदान में झूले लगने वाले स्थान पर 92 लाख की बोली लगी

**व्यापारी बोले- महंगी मिली दुकान तो ग्राहक बोले-महंगा है सामान**



मेले के दौरान खरीददारी करते ग्राहक।

है, जो पिछले साल की अपेक्षा 27 लाख अधिक है। इसके अलावा रेहड़ी-फड़ी की नीलामी 51 लाख में हुई है जो पिछले साल की अपेक्षा 11 लाख अधिक है। तंबोला के लिए 13 लाख की बोली लगाई गई है जो कि पिछले साथ के मुकाबले तीन लाख 66 हजार 620 रुपए अधिक है। मेले में आए चंबा के व्यापारी रोहित कुमार ने बताया कि वे पिछले तीन साल से मंडी शिवरात्रि मेला लगाते आए हैं, लेकिन इस बार मेले में स्टॉल भी महंगे मिले हैं और सेल भी कम है।

इस कारण इस साल खरीदी गई दुकानों का किराया भी पूरा करना मुश्किल हो जाएगा। वहीं हरियाणा के व्यापारी मुकेश ने बताया कि पिछले साल मेले के दौरान 18 हजार ही किराया दिया था। इस बार उसी जगह के 25 हजार रुपए देने पड़े हैं, अभी तक शिवरात्रि में सेल न के बराबर है और ग्राहक उनकी दुकानों में नहीं पहुंच रहे हैं। वहीं मेले में खरीददारी करने आए लोगों ने बताया कि पिछले साथ की अपेक्षा मेला इस बार अधिक महंगा है। इन लोगों की माने तो मेले में दुकान से अधिक सस्ती चीजें मिलती हैं लेकिन इस बार शिवरात्रि मेला उन्हें ज्यादा महंगा लग रहा है।

# साढ़े 13 लाख मतदाताओं के लिए 2200 मतदान केंद्र

## लाहौल का टशीगंग पोलिंग स्टेशन सबसे ऊंचा, जोगिंद्रनगर में सर्वाधिक 1,02,108 मतदाता

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

सबसे बड़े संसदीय क्षेत्रों में शुमार मंडी लोकसभा सीट पर 13 लाख 59 हजार 497 लोग मतदान करेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 6 लाख 90 हजार 534 और महिलाएं 6 लाख 68 हजार 963 हैं। इन्हीं में 12900 सर्विस वोटर भी शामिल हैं। जोगिंद्रनगर विधानसभा में सर्वाधिक 1,02,108 मतदाता हैं जबकि लाहौल-स्पीति विधानसभा में सबसे कम 25,732 मतदाता हैं। मंडी संसदीय क्षेत्र में 15347 दिव्यांग मतदाता हैं। 85 वर्ष की अधिक आयु के 13209 मतदाता हैं। उल्लेखनीय है कि मंडी जिला में कुल 866859 मतदाता हैं। इनमें से धर्मपुर विधानसभा के सभी 82247 मतदाता हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। मंडी संसदीय क्षेत्र में 2213 पोलिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इनमें शहरी क्षेत्रों में 120 और ग्रामीण क्षेत्रों में 2093 पोलिंग स्टेशन होंगे। इनमें 98 पोलिंग स्टेशन शैडो जोन में होंगे। सबसे अधिक 1403 मतदाता सुंदरनगर विधानसभा के चौगान स्टेशन में है। सबसे कम 16 मतदाता किन्नौर जिले के पोलिंग स्टेशन में हैं। लाहौल स्पीति का टशीगंग पोलिंग स्टेशन सबसे अधिक 15,256 फीट ऊंचाई पर है। वहां केवल 52 मतदाता हैं। सड़क से अधिक 14 किलोमीटर दूरी पर भरमौर का एहलमीं ओर बंजार विधानसभा का शाकटी पोलिंग स्टेशन है। मंडी संसदीय क्षेत्र की 17 विधानसभाओं भरमौर, लाहौल-स्पीति, मनाली, कुल्लू, बंजार, आनि, करसोग, सुंदरनगर, नाचन, सराज, द्रंग, जोगिंद्रनगर, मंडी, बल्ह, सरकाघाट, रामपुर और किन्नौर है। इनमें से नौ विधानसभाएं अनारक्षित हैं जबकि पांच अनुसूचित जाति और तीन जनजाति के लिए आरक्षित हैं। (अनंत ज्ञान)

**प्रशासन को करें सूचित**



डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि आचार संहिता लागू हो चुकी है, ऐसे में कहीं भी कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखती है तो तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचित किया जाए, ताकि मौके पर ही उचित कदम उठाए जाएं।

# 50 हजार से अधिक की राशि का बिल दिखाना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, करसोग**

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग राज कुमार ने आदर्श चुनाव आचार संहिता के दृष्टिगत जनसाधारण को सूचित किया है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख, 171 ग के अनुसार यदि कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान धनराशि या अन्य किसी प्रकार का परितोषण प्राप्त करता है या परितोषण देता है, जोकि किसी व्यक्ति के मतदान करने के अधिकार में प्रभाव डालता हो, को एक साल के कारावास या जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। उन्होंने कहा कि रिश्वत लेने और देने वाले दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए विधानसभा क्षेत्र में उड़नदस्तों का गठन किया गया हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की रिश्वत लेने व देने से बचें। चुनाव प्रक्रिया के दौरान 50 हजार रुपए से अधिक की राशि और 10 हजार रुपए से अधिक का सामान लाने व ले जाने के दौरान उससे संबंधित दस्तावेज, बिल इत्यादि अपने साथ रखें। चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी प्रकार की सूचना कंट्रोल रूम या शिकायत कक्ष में स्थापित दूरभाष नंबर 01907-222201 या टोल फ्री नंबर 1950 पर दी जा सकती है।

## एसडीएम पधर बोले-राजनीतिक दल सुविधा ऐप से लें अनुमति

**पधर।** सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने 30-द्रंग विधानसभा क्षेत्र की जनता को सूचित किया है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 की चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया के घोषित होते ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि वे आदर्श चुनाव आचार संहिता की कड़ाई से अनुपालना करना सुनिश्चित करें व संभावित प्रत्याशी केवल जिला निर्वाचन अधिकारी या सहायक निर्वाचन अधिकारी से अनुमति प्राप्त प्रचार सामग्री का ही उपयोग करें। चुनाव प्रचार के दौरान इस्तेमाल होने वाले विभिन्न वाहनों व चुनाव के दौरान इस्तेमाल होने वाली प्रचार सामग्री झंडे, बैनर, होर्डिंग, पोस्टर, पंफ्लेट इत्यादि की भी अनुमति प्राप्त करना जरूरी है। सभी राजनीतिक दल अनुमति प्राप्त करने के लिए चुनाव आयोग की सुविधा ऐप का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी शिकायत या जानकारी के लिए एक कंट्रोल रूम 01908 292503 स्थापित किया गया है। उन्होंने समस्त राजनीतिक दलों से अपील है कि वे चुनाव प्रचार के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखें तथा धर्म, जाति संप्रदाय को आधार बनाकर ऐसी कोई भी टिप्पणी व कार्य न करें जिससे समाज का आपसी सद्भाव प्रभावित होता हो।

## न्यूज ब्रीफ

### गर्ल्स स्कूल जोगिंद्रनगर में सजा पुस्तक मेला



पुस्तक मेले के दौरान अध्यापक और छात्राएं सामूहिक चित्र में।

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में मंगलवार को प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को विज्ञान व गणित विषय को रुचिकर बनाने के लिए व बच्चों में जिज्ञासा, उत्साह व अन्वेषण का माहौल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल आधारित ज्ञान को विद्यालय के बाहर जीवन से जोड़ने और विज्ञान गणित को आनंदपूर्ण और सार्थक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय अविष्कार अभियान को चलाया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत स्कूलों में पूछताछ आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। इसी तरह प्रयोग, अवलोकन और मॉडल विकसित किए जाएंगे। स्कूलों में गणित और विज्ञान प्रयोगशालाओं को मजबूत किया जाएगा। विज्ञान मेलों और संग्रहालयों व गणितीय मेलों के माध्यम से बच्चों को विज्ञान के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर अभियान की प्रभारी चंचल कुमारी व अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

### करसोग का जिला स्तरीय नलवाड़ मेला रद्द

**करसोग।** उपमंडल करसोग में होने वाले जिला स्तरीय नलवाड़ मेले का आयोजन इस साल नहीं होगा। अप्रैल महीने से शुरू होने वाले इस मेले को इस बार रद्द कर दिया गया है। इसका मुख्य कारण हिमाचल हाई कोर्ट से मेला लगाने को करसोग स्कूल के जरोडढ मैदान का प्रयोग करने की अनुमति न मिलना है। जिसके चलते प्रशासन ने मेले को रद्द करने का निर्णय लिया है। ऐसे में लगातार इस साल भी करसोग में नलवाड़ मेला नहीं होगा। जिला स्तरीय नलवाड़ मेला हर साल अप्रैल में आयोजित किया जाता है। हालांकि उच्च न्यायालय ने करसोग स्कूल मैदान में साइंस एवं बुक फेयर के आयोजन की इजाजत दे दी है। वहीं मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव व न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने डीसी मंडी को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि आयोजनकर्ता साइंस एवं बुक फेयर की आड़ में नलवाड़ मेले का आयोजन न करें। कोर्ट ने कहा कि नलवाड़ मिले के स्कूल परिसर में आयोजन से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी हो सकता है। कोर्ट ने एसडीएम करसोग को उपरोक्त स्वीकृति प्रदान करते हुए सुनिश्चित करने को कहा है की बुक फेयर के दौरान स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई पर कोई भी असर नहीं पड़ना चाहिए। स्कूल की संपत्ति को किसी भी तरह की हानि नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने इस दौरान लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने का आदेश भी पारित किया है। कोर्ट ने यहां स्पष्ट किया है कि ये आदेश केवल साइंस एवं बुक फेयर के लिए ही है।

# एक किलो 81 ग्राम चरस 21 .87 ग्राम हेरोइन पकड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला पुलिस मंडी द्वारा भावी चुनाव के मद्धेनजर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिला पुलिस मंडी द्वारा नाकांबदी व चैकिंग के दौरान एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत तीन अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। इनमें एक किलो 81 ग्राम चरस, 21.87 ग्राम हेरोइन बरामद की है और 1682 अफीम के पौधे नष्ट किए गए हैं। पहले मामले में पुलिस थाना औट की टीम ने नाकाबंदी के दौरान खूब राम पुत्र तीख राम निवासी गांव शरण तहसील सैंज से एक किलो 81 ग्राम चरस बरामद की है। दूसरे मामले मे पुलिस थाना सदर की टीम ने प्रदीप कपिल पुत्र अश्वनी कुमार व लवप्रीत निवासी अमृतसर पंजाब उम्र 27 साल से 21.87 ग्राम हेरोइन बरामद की है। तीसरे मामले मे पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर के अंतर्गत पुलिस चौकी निहरी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव बारठा मे चार खेतों में लगाए गए 1682 अफीम के पौधे नष्ट किए। अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। वहीं पुलिस थाना सदर जिला मंडी की टीम ने लगभग 1,02,000/- रुपए के 10 गुमशुदा मोबाइल फोन को ढूंढकर उनके असल मालिकों के हवाले किया हैं। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने तीनों मामलों की पुष्टि की है।

# पधर ट्रक यूनियन का दखल बर्दाश्त नहीं

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मंडी जिला की ट्रक यूनियन पधर और जोगिंद्रनगर के बीच सीमा के अधिकार को लेकर गहराए विवाद का मामला स्थानीय प्रशासन की चौखट में पहुंच चुका है। ट्रक यूनियन जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष अजय ठाकुर ने एसडीएम मनीश चौधरी को ज्ञापन सौंपकर विवाद को सुलझाने की मांग की है। बीते कई दिनों से दोनों यूनियनों में लगातार बढ़ रहे विवाद पर जिला प्रशासन से भी हस्ताक्षेप की मांग ट्रांस्पोर्टरों ने उठाई है। मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में पहुंचे ट्रक यूनियन जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष अजय ठाकुर ने बताया कि सन 2000 में विधानसभा क्षेत्र द्रंग का जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले ग्रामीण क्षेत्र गुम्मा का अधिकार खत्म हो जाने के बाद भी पधर ट्रक यूनियन के ट्रक संचालक जोगिंद्रनगर ट्रक यूनियन के ट्रांसपोर्ट्स के कार्य में दखल दे रहे हैं। दोनों पक्षों में गहराए विवाद से कभी भी झड़प हिंसक झड़प हो सकती है। लिहाजा प्रशासन दोनों ही ट्रक यूनियनों की सीमाओं के अधिकार क्षेत्र को प्रशासनिक नियमों के तहत अधिकृत करें ताकि दोनों ही ट्रक यूनियनों में पंजीकृत ट्रक संचालकों में ट्रांसपोर्ट से जुड़े कार्यों को निपटाने के लिए किसी भी प्रकार का विवाद न झेलना पड़े। मंगलवार को एसडीएम मनीश चौधरी को ज्ञापन सौंपने के बाद ट्रक यूनियन जोगिंद्रनगर के कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए अजय ठाकुर ने कहा कि वह दोनों ही यूनियन के ट्रांसपोर्ट्स में आपसी सौहार्द बरकरार रखने के लिए जल्द ही उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से भी मुलाकात करेंगे। उनके साथ मौजूद ट्रांसपोर्टर मनीश जम्वाल, नरेंद कुमार, बलदेव, राजीव वालिया, गुलाब, अंकेश ने भी दोनों यूनियनों में बढ़ रहे विवाद को जल्द सुलझाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

**सीमा अधिकार को लेकर गहराया विवाद, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**



एसडीएम मनीश चौधरी को ज्ञापन सौंपते ट्रक यूनियन जोगिंद्रनगर के सदस्य।

# प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के वारिस को दिए दो लाख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल ग्रामीण बैंक द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मृतक के वारिस को दो लाख का चेक प्रदान किया। शिवा बदार शाखा प्रबंधक पिंकू कुमार झा ने बताया कि स्थानीय निवासी मृतक दयालू पुत्र धरमू राम ने बैंक में खोले गए अपने खाते के साथ प्रधान सुरक्षा योजना के तहत बीमा करवा रखा था। इसी बीच उसकी मृत्यु हो गई। बैंक ने योजना के तहत कार्रवाई करते हुए दयालु राम के वारिस ओम प्रकाश को बैंक कर्मचारी पूजा कुमारी के समक्ष दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया।

ओम प्रकाश को चेक सौंपते शाखा प्रबंधक पिंकू कुमार झा।



# धरोहर व संस्कृति की रक्षा के लिए जागरूकता जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**भाजपा देव समाज की बैठक में रखी बात**

भाजपा देव समाज की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को गुटकर में संपन्न हुई। इस बैठक में भाजपा के देव समाज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रेम प्रसाद पंडित व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में सनातन के ऊपर चर्चा हुई।

प्रेम प्रसाद पंडित ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सनातन को लेकर एक दूरदर्शी सोच है। सनातन की सुरक्षा जरूरी है व जन-जन तक इस सनातन के प्रबंधन को पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। हमें अपनी सभ्यता व संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। पायल वैद्य ने कहा कि हमें अपने धरोहर व संस्कृति की रक्षा करते हुए अगली पीढ़ी को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में हमें नरेंद्र मोदी की इस सोच को आगे बढ़ाना चाहिए व लोकसभा चुनावों में भाजपा को वोट देकर मोदी के हाथों को मजबूत करना चाहिए। इस बैठक में देव समाज के जिला सहस्योजक, खीरामनी, कार्यसमिति सदस्य सुनील शर्मा, सुरेश ठाकुर, कनव वैद्य, सुभम वालिया, ऋषभ ठाकुर, टेक सिंह व अन्य पदाधिकारी रहे ।

# शिवरात्रि मेला ग्राउंड का औचक निरीक्षण किया

## नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट ने सफाई व्यवस्था चरमराने पर ठेकेदार को लगाई लताड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव समाप्त होने के बाद पड्डल मैदान में जारी मेले के चलते मंगलवार को नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने मेला ग्राउंड में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। जिसमें ठेकेदार को साथ बुलाकर महापौर ने बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था को देखते हुए ठेकेदार को लताड़ लगाई।

महापौर के निरीक्षण के दौरान सभी सफाई कर्मी हरकत में आ गए और आगे सफाई शुरू हुई और पीछे से निरीक्षण। महापौर ने मेले में लगे खाद्य सामग्री के स्टॉल और मिठाई की दुकानों का भी निरीक्षण किया जिसमें की मिठाई बेचने वाले व्यापारी मिठाइयों को ढक कर नहीं रख रहे थे जिन्हें महापौर ने चेतावनी दी और कहा कि यदि आप नियमों का पालन नहीं करते हैं तो आपको इसका भारी जुर्माना भरना पड़ सकता है। महापौर ने बताया कि मेले में दूसरी बार औचक निरीक्षण किया गया है। आधिकारिक रूप से मेला समाप्त हो चुका है पर इस दौरान लोगों की आवाजाही ज्यादा हो जाती है। उन्होंने बताया कि मेले में अभी तक सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, लेकिन कुछ जगह कूड़े के ढेर पाए गए जिसमें ठेकेदार को साथ लेकर सफाई करवाई गई।

उन्होंने बताया कि सफाई व्यवस्था सही ढंग से नहीं होने पर ठेकेदार की देय राशि में कटौती की जाएगी और सफाई व्यवस्था में पाई गई अनियमितता का दंड ठेकेदार को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि खाद्य वस्तुओं के स्टॉल पर भी कुछ लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं जिन्हें सख्त हिदायत दी गई है और नियमों का पालन न करने पर चालान भी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान सफाई व्यवस्था को बनाए रखना नगर निगम की जिम्मेदारी है जिसे सही तरीके से निभाया जाएगा।



ठेकेदार को लताड़ लगाते नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा।

### नो पार्किंग जोन के बारे में मांगी आपत्तियां

**मंडी।** जिला दंडाधिकारी मंडी अपूर्व देवगन ने कोटली बाजार में अधिक भीड़भाड़ और सड़क मार्ग अधिक तंग होने के कारण एसडीएम ऑफिस कोटली से मेन चौक कोटली तथा मैन चौक कोटली से एसबीआई कोटली तक 'नो पार्किंग जोन' घोषित करने के लिए प्रारूप अधिसूचना जारी की है। यह प्रारूप अधिसूचना उन्होंने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनहित में जारी की हैं जो कि तुरंत प्रभाव से लागू हो गई हैं। उन्होंने बताया कि यदि इस प्रारूप अधिसूचना के संदर्भ में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह प्रारूप अधिसूचना के जारी होने के एक माह के भीतर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# महिला सम्मान निधि को किसी भी हाल में न किया जाए बंद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**कांग्रेस आरटीआई सैल को-ऑर्डिनेटर केके वर्मा ने उठाई मांग**

हिमाचल राज्य कांग्रेस आरटीआई सैल को-ऑर्डिनेटर केके वर्मा ने प्रदेश भाजपा को कर्मचारी और महिला विरोधी करार दिया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को सीधे तौर पर प्रदेश की वर्तमान सुक्खू सरकार द्वारा हिमाचल की महिलाओं के लिए शुरू की गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत प्रतिमाह 15 सौ रुपए मिलने थे इस योजना को जानबूझकर अड़ंगा डालने का जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इससे पहले बीजेपी हिमाचल के लाखों कर्मचारियों को जब



ओपीएस दिया जा रहा था तब भी उन्हें गुमराह किया था और अड़चने डाली थी और अब हिमाचली प्यारी बहनाओं को सुक्खू सरकार द्वारा दिए जाने वाली 1500 रुपए प्रतिमाह योजना को रोकने के लिए चुनाव आयोग में शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता भाजपा का असली चेहरा पहचान चुकी है और आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।

कांग्रेस नेता वर्मा ने चुनाव आयोग से मांग की है कि बीजेपी की इस शिकायत पर गौर न करें व वर्तमान कांग्रेस सरकार की इंदिरा गांधी बहना सुख सम्मान निधि योजना को बंद न किया जाए क्योंकि इस योजना से महिलाओं की आर्थिकी में सुधार होगा और इस योजना से किसी भी प्रकार से चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हुआ है।

**बैठक** जोगिंद्रनगर में बैठक के दौरान फैसला, गांव-गांव चलाएंगे अभियान

# किसान सभा 23 को मनाएगी लोकतंत्र बचाओ दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

हिमाचल किसान सभा की ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को जोगिंद्रनगर में आयोजित की गई। इस बैठक में किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष कुशाल भारद्वाज, ब्लॉक कमेटी के प्रधान रविंद्र कुमार, सुदर्शन वालिया, नरेश धरवाल, केहर सिंह वर्मा, कृष्ण चंद सहित अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

नौजवान सभा व किसान सभा के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक भी हुई, जिसमें नौजवान सभा की तरफ से संजय जम्वाल व अर्जुन बडवाल ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान फैसला लिया गया कि संयुक्त किसान मोर्चा के अखिल भारतीय आह्वान पर किसान सभा अन्य जन संगठनों के साथ मिलकर जोगिंद्रनगर में 23 मार्च को भगत सिंह-राजगुरु-सुखदेव शहादत दिवस को धन और बाहुबल के खतरे से लोकतंत्र बचाओ दिवस के रूप में मनाएगी तथा उसके बाद गांव-गांव जन अभियान भी चलाएगी। 20 अप्रैल को भूमि अधिग्रहण के मुद्दे पर मंडी में होने वाली किसान कन्वेंशन में जोगिंद्रनगर के थौना पलौन प्रोजेक्ट के प्रभावित और संभावित फोरलेन प्रभावित किसानों के 20 प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। इस दौरान कुशाल ने कहा कि आज कॉरपोरेट सांप्रदायिक आपराधिक भ्रष्टाचार गठजोड़ से बचाने की जरूरत है और लखीमपुर खीरी किसानों के नरसंहार के मुख्य साजिशकर्ता अजय मिश्रा टेनी को खीरी से टिकट देकर भाजपा ने साफ कर दिया है कि वह किसानों के साथ नहीं है, बल्कि किसानों को कुचलने वालों को इनाम देती है। इस चुनाव में भाजपा को हर हाल में हराना जरूरी है, वरना न संविधान बचेगा न लोकतंत्र बचेगा न रोजगार बचेगा न जनता को कोई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।



जोगिंद्रनगर में बैठक के दौरान मौजूद किसान सभा के सदस्य।

**सड़कों की हालत खराब पीने को पानी नहीं**

इस दौरान कुशाल ने कहा कि जोगिंद्रनगर में सड़कों की हालत खराब है, पीने को पानी नहीं मिलता, बसों की भारी कमी है, जोगिंद्रनगर- कोटली सड़क पर नौ महीने से वाहनों की आवाजाही बंद है, लेकिन जनता की सुध लेने वाला कोई नहीं है। इसलिए किसान सभा किसानों के साथ आम जनता के मुद्दों पर भी संघर्ष करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आबकारी विभाग ने जब्त किया शराब से लदा ट्रक

**ऊना।** राज्य कर एवं आबकारी विभाग की जिला ऊना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बॉटलिंग प्लांट के निरीक्षण के दौरान शराब से भरे ट्रक को जब्त किया। इस ट्रक में शराब की 474 पेटियां (4274 लीटर) पाई गईं। बॉटलिंग प्लांट के निरीक्षण के दौरान भी अनियमिताएं पाई गईं, जिसके उपरांत विभाग ने कार्रवाई करते हुए 1,28,033 लीटर एकस्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल, भारत निर्मित विदेशी शराब और देशी शराब का स्टॉक कब्जे में लेने के उपरांत प्लांट को सील कर दिया। उक्त जानकारी देते हुए उप उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी ऊना विनोद सिंह डोगरा ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### संतोषगढ़ में रक्तदान शिविर 24 मार्च को

**संतोषगढ़।** स्थानीय नगर संतोषगढ़ में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। समाजसेवी लक्की हीरा ने बताया कि 'तेरा ही तेरा' समाजसेवी संस्था द्वारा पहला रक्तदान शिविर 24 मार्च को बाबा विश्वकर्मा मंदिर में लगाया जा रहा । उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी खूनदान के लिए आगे आएं, ताकि आपके द्वारा दिया गया खून किसी की ज़िंदगी बचा सकता है ।

### चिंतपूर्णी में भाजयुमो ने खोला नमो टी स्टॉल




**अंब।** नगर पंचायत अंब में बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल चिंतपूर्णी द्वारा नमो टी स्टॉल खोला गया, जहां पर अंब की जनता को चाय पिलाई गई व उन्हें आने वाले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की नीति, जिसमें घोषणा पत्र बनाने के लिए भारत की जनता से सुझाव लिए जा रहे हैं, उस बारे अवगत करवाया। इस सुझाव पेटी में नगर पंचायत अंब व अन्य गांव से आए लोगों ने अपने सुझाव डाले। इस मौके पर भाजपा मंडल चिंतपूर्णी के अध्यक्ष रविंद्र दुवेदी, जिला महामंत्री शाम मिन्हास, नगर पंचायत अध्यक्षा इंदु धीमान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निरर्थक भंडार की नीलामी स्थगित

**ऊना।** गृह रक्षा 12वीं वाहिनी ऊना के अधीनस्थ दमकल केंद्र ऊना व दमकल पोस्ट अंब के निरर्थक भंडार की 20 मार्च को होने वाली नीलामी आचार संहिता के कारण स्थगित कर दी गई है। नीलामी सूचना कि तिथि व समय आदर्श आचार संहिता के उपरांत जारी की जाएगी। यह जानकारी आदेशक, गृह रक्षा 12वीं वाहिनी विकास सकलानी ने दी।

### सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर फेल : वीरेंद्र कंवर

**बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा मंडल द्वारा जन संपर्क अभियान के तहत यात्रा मांगवार को कढ़साई से माता जमासनी मंदिर तक पहुंची। इस अभियान में राज्य भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर मौजूद रहे। नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने देश की मोदी सरकार के दस वर्षों का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा और उपलब्धियों को गिनाया। इस दौरान कंवर ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर फेल हुई है। 14 माह के कार्यकाल में राज्य में महंगाई, लूटपाट, माफियों को बढ़ावा मिला है। पहले विस चुनावों में झूठी गारंटी देकर सत्ता काबिज की और अब लोकसभा चुनावों को देखते हुए फिर राज्य की महिलाओं को 1500 प्रति माह का प्रलोभन देकर चुनावों में फायदा लेने की आड़ में झूठी घोषणा कर रहे हैं, लेकिन अब राज्य की सरकार की झूठी घोषणाओं में जनता नहीं फंसेगी।

### डंगोह खास में वार्षिक भंडारा 21 मार्च को

**दौलतपुर चौक।** क्षेत्र के गांव डंगोह खास में वार्षिक भंडारे और झंडा रस्म का आयोजन 21 मार्च को किया जा रहा है। आस्था का प्रतीक इस प्राचीन साईं बाबा मंदिर में दूर-दूर से भक्त बाबा जी का आशीर्वाद लेकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह साईं बाबा का मंदिर भद्राकाली रोड वार्ड नंबर 6 डंगोह खास गांव में स्थित है । यह जानकारी मंदिर कमेटी के प्रधान प्रताप सिंह ने दी।

# अंबोटा के जंगल में रंगे हाथ पकड़े खैर काटते वन काटू

## पिकअप जीप जब्त; चालक काबू, औजार भी बरामद, गगरेट पुलिस ने दर्ज किया मामला

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

वन काटुओं की हिमाकत देखिए, जिस समय आप गहरी नींद में मीठे सपने देख रहे होते हैं ठीक उसी समय वन काटुओं का कुल्हाड़ा बहुमूल्य खैर के पेड़ों पर कहर बरपा रहा होता है। रविवार देर रात्रि बीट गार्ड अंबोटा के गार्ड ने अंबोटा के जंगल में वन काटुओं को रंगे हाथ खैर के पेड़ काटते पकड़ लिया। इस दौरान कुछ वन काटू भागने में सफल भी रहे जबकि वन काटुओं द्वारा लाया गया पिकअप ट्राला, उसका चालक व पेड़ काटने के औजार जरूर वन रक्षक के हाथ लग गए। इसकी शिकायत गगरेट पुलिस थाना में करने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गगरेट के जंगल इन दिनों वन काटुओं के निशाने पर हैं। सरकारी भूमि पर लगे खैर के पेड़ों की शिनाख्त कर वन काटू इसे रात के अंदेरे में काट ले जा रहे हैं। रविवार रात्रि अंबोटा बीट के वन रक्षक इलाके में गश्त पर थे तो उन्हें एक स्थान पर वन काटुओं के होने



वन काटुओं द्वारा जंगल में काटा गया पेड़

की आशंका हुई। जब वह उस स्थान पर पहुंचे तो वहां एक काटा हुआ खैर का पेड़ जमीन पर गिरा था और उसके पास कुछ लोग बैठे पाए गए। वन रक्षक को देखकर कुछ वन काटू तो अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भागने में सफल रहे लेकिन उनके साथ आई पिकअप जीप व उसका चालक पकड़ा गया। पेड़ काटने के औजार भी वहीं पड़े मिले। इसकी सूचना तत्काल वन रक्षक ने गगरेट पुलिस को दी। जिस पर गगरेट पुलिस पूछताछ के लिए उसे अपने साथ पुलिस थाना ले गई।

सूत्रों के अनुसार रात के अंधेरे का लाभ उठाकर वन काटू सरकारी भूमि पर लगे कई खैर के पेड़ काट ले गए हैं। ऐसे में आशंका है कि कोई स्थानीय व्यक्ति भी वन काटुओं से मिला हो सकता है जो दिन में रैकी कर खैर के पेड़ों को चिन्हित करता है। जिस प्रकार पिकअप में गद्दे रखे हुए थे। उससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि गाड़ी में मोच्छे लोड करते समय आवाज न हो इसके लिए इनका प्रयोग किया जा रहा है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की गहनता से जांच जारी है।

# नालागढ़ की पायल राणा ने वेट लिफ्टिंग में जीता गोल्ड



खेलो इंडिया में जीता मेडल दिखाती पायल राणा।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

खेलो इंडिया वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में हो रहा है। टूर्नामेंट का आयोजन 15 से लेकर 21 मार्च तक किया जा रहा है। अंडर-17 यूथ कैटेगरी में नालागढ़ से संबंध रखने वाली खिलाड़ी पायल राणा ने गोल्ड मेडल जीता है। पायल राणा ने 59 किलोग्राम वेट कैटेगरी में प्रदेश के लिए गोल्ड मेडल जीता है। खिलाड़ी ने नेशनल स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है।

खिलाड़ी ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच पप्पी खान को दिया है। खान ने बताया खिलाड़ी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के लिए गोल्ड मेडल जीता है। खेल प्रेमियों ने नालागढ़ की खिलाड़ी पायल राणा और उनके कोच को गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई दी है।

# रणवीर राणा ने भाजपा को महिला विरोधी पार्टी दिया करार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत भरे जा रहे फार्मों की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन करने के आरोप लगाए हैं, जिसके चलते हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणवीर राणा ने भाजपा को महिला विरोधी पार्टी की संज्ञा दी है।



रणवीर राणा का कहना है कि पहले तो भाजपा के लोग 1500-1500 करते रहे, जब प्रदेश सरकार ने 1500 देने की मुहिम शुरू की तो अब भाजपा के नेताओं ने उसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन की बता कर इस पर रोक लगाने को कहा है, जोकि सरासर गलत है इनका कहना है कि आदर्श आचार संहिता से पहले ही यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी फिर इस पर रोक क्यों? राणा ने कहा कि भाजपा के नेताओं द्वारा अपने किए गए वादे तो पूरे नहीं किए और अब जब कांग्रेस की सरकार महिलाओं को उनका हक देने लगी है तो भाजपा को परेशानी होने लगी है। असल में भाजपा के लोगों को भय सताने लगा है कि अगर यह फॉर्म महिलाओं ने भर दिए तो लोकसभा चुनाव जीतना भाजपा को मुश्किल हो जाएगा।

राणा ने कहा कि हिमाचल की जनता ने सब देख और समझ लिया है। हिमाचल की आवाम इसका जवाब लोकसभा के चुनावों में कांग्रेस की चार सीटें जीताकर देने के लिए तैयार है।

# बंगाणा में यातायात जाम से लोग परेशान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के मुख्य बाजार में जाम का लगना आम सी बात हो गई है। जाम के कारण राहगीरों, दुकानदारों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। अक्सर जाम में फंसने से एंबुलेंस को आने-जाने में मुश्किल होती है, क्योंकि आपात स्थिति होने पर बाजार में जाम में ही देर हो जाती है, जिसके कारण अनहोनी घटना हो जाती है।

बंगाणा बाजार में जाम का एक और मुख्य कारण है एक स्थायी बस अड्डा न होना। जब भी बड़ा जाम लगता है तो इन्हीं बसों के कारण लगता है, क्योंकि बसों के खड़े होने का उचित स्थान नहीं है और जो स्थान निर्धारित किया है उस जगह बसें अधिकतर बीच सड़क में ही खड़ी हो जाती हैं और समय से पूर्व खड़ी होकर जाम की मुख्य वजह बनती हैं। चैत्र मास के मेले शुरू



बंगाणा में यातायात जाम में फंसे वाहन।

होने से आजकल बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों की आवाजाही बहुत बढ़ गई है और बाजार में कोई भी ट्रैफिक इंचार्ज या पुलिस अधिकारी का न होना अपने आप में भी अनदेखी की ओर इशारा करती है।

प्रशासन की अनदेखी का शिकार आम जनता हो रही है और जो बाहरी राज्यों से श्रद्धालु बाबा बालक नाथ, माता ज्वाला जी सहित अन्य धार्मिक पर्यटक आते हैं वह भी जाम में फंसकर परेशान हो रहे हैं। बंगाणा बाजार में कम से कम दो ट्रैफिक कर्मी होने चाहिए, क्योंकि बंगाणा बाजार कुटलैहड़ का मुख्यालय भी है जहां पर हर रोज हजारों की संख्या में लोग आते हैं और उनके लिए जाम से भरी सड़क को पार करना भी मुश्किल हो जाता है। बंगाणा बाजार में मंगलवार को सुबह से ही बार-बार जाम लग रहा है और सुबह से ही कोई ट्रैफिक कर्मी व्यवस्था संभालने के लिए उपस्थित नहीं दिखा।

डीएसपी ऊना अजय ठाकुर से बात करने पर उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द बाजार में ट्रैफिक कर्मी को मुख्य चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए निर्देश दिए जाएंगे और जाम की स्थिति को सुचारु रूप से चलाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# इंदिरा स्टेडियम में करवाया स्पिन व तेज गेंदबाजों का ट्रायल



ऊना के इंदिरा स्टेडियम में ट्रायल देते खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में मंगलवार को 20 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए स्पिन और तेज गेंदबाज के लिए ट्रायल करवाया गया। इसमें प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया।

हिमाचल प्रदेश में यह ट्रायल चार चरणों में कराया जा रहा है। तीसरे चरण का ट्रायल ऊना में करवाया गया। इसके बाद ट्रायल कांगड़ा के नगरोटा में कराया जाएगा। इस ट्रायल को एचपीसीए द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस ट्रायल के लिए कमेटी में शंभू शर्मा, अशोक ठाकुर, जसवंत राय, शरद चंद्र और विक्रमजीत मलिक को शामिल किया गया है।

खिलाड़ियों के ट्रायल के बाद खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा और जो खिलाड़ी सिलेक्ट होंगे उन खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण कैंप लगाया जाएगा। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारी भी मौजूद रहे। सिलेक्शन कमेटी के अधिकारियों ने बताया इस ट्रायल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर छपी हुई प्रतिभाओं को खोजना है। इस ट्रायल में ऊना, हमीरपुर, नालागढ़ और चंबा के लगभग 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा के जौहर का प्रदर्शन किया।

### कुल्लू की टीम ने फाइनल में किया प्रवेश

**ऊना।** कुल्लू टीम के कोच महेंद्र शर्मा ने बताया कुल्लू की टीम पहली दफा अंतर जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है। पूर्व रणजी खिलाड़ी महेंद्र शर्मा कुल्लू टीम की पहली बार कोचिंग कर रहे हैं। कोच ने बताया कि खिलाड़ी इस बार बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके अच्छे प्रदर्शन के आधार पर टीम फाइनल में पहुंच चुकी है। टीम का फाइनल मुकाबला ऊना के साथ धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 20 मार्च से आरंभ होगा। टीम के कप्तान शशांक शर्मा रणजी खिलाड़ी ने बताया की टीम इस बार फाइनल जीतने का पूरा प्रयास करेगी। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में कल्लू की टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। बल्लेबाजी में रवि ठाकुर विजय कुमार अभिनंदन में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह सभी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शतक लगा चुके हैं। गेंदबाजी में यशोधन ने अच्छी गेंदबाजी की है।



जानकारी देते कुल्लू टीम के कप्तान शशांक व कोच महेंद्र।

# नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष चुनाव में प्रशासनिक अपरिपक्वता बनी रोड़ा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष पद के चुनाव में प्रशासनिक अमले ने ऐसी अपरिपक्वता का परिचय दिया कि हर तरफ प्रशासनिक कारगुजारी की आलोचना हो रही है। नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष सुरेंद्र जसवाल तोतू द्वारा निजी कारणों से त्यागपत्र देने के बाद बकायदा प्रशासन द्वारा पार्षदों को पत्र जारी करके अध्यक्ष पद का चुनाव मंगलवार को तीन बजे करवाने की सूचना दी गई थी। मंगलवार को तय समय पर नगर पंचायत गगरेट के सात पार्षदों में से छह पार्षद चुनाव के लिए हाजिर भी हो गए, लेकिन ऐन समय पर चुनाव अधिकारी एसडीएम सौमिल गौतम ने यह कहते हुए चुनाव स्थगित कर दिए कि अभी तक इस चुनाव के लिए चुनाव आयोग की ओर से अनुमति प्राप्त नहीं हुई है।

यही नहीं बल्कि पार्षदों को चुनाव स्थगित होने के पत्र भी जारी कर दिए गए। ऐसे में सवाल यह है कि अगर नगर पंचायत अध्यक्ष के रिक्त चल रहे पद पर चुनाव करवाने के लिए जिला प्रशासन के पास चुनाव आयोग की कोई लिखित अनुमति नहीं थी तो फिर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए तारीख कैसे तय हुई। किसके कहने पर पार्षदों को मंगलवार बाद दोपहर तीन बजे नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव करवाने के लिए चिट्ठी जारी की गई।

उधर कई पार्षदों का आरोप है कि सत्तारूढ़ दल के इशारे पर ही अध्यक्ष पद का चुनाव टाला गया है जबकि सत्तारूढ़ दल के पास इस पद के लिए कोई उम्मीदवार तक नहीं है। सभी पार्षद अनिल कुमार नीलू के पक्ष में थे और अगर मंगलवार को ही चुनाव होता तो भाजपा समर्थित अनिल कुमार नीलू ही सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाते। इस चुनाव के लिए अनिल कुमार नीलू के समर्थक भी भारी तादाद में नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे हुए थे। चर्चा यह भी है कि पार्षद इसकी शिकायत चुनाव आयोग से कर सकते हैं।

हालांकि चुनाव के तय समय पर चुनाव अधिकारी एसडीएम सौमिल गौतम नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और इस मामले में फंसे तकनीकी पेंच से पार्षदों को अवगत करवाया। काफी मशक्कत के बाद वह पार्षदों को अपनी बात समझाने में कामयाब हुए।

### क्या कहते हैं उपायुक्त?

इस बारे उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि चुनाव आयोग की स्वीकृति अभी प्राप्त नहीं हुई है। वहां से अनुमति मिलते ही अध्यक्षव पद का चुनाव करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन को ऐसा लगा कि चुनाव आयोग की अनुमति जल्द आ जाएगी इसलिए ही अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट से राहत न मिलने से गड़बड़ाए बागी विधायकों के समीकरण

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

राज्यसभा सीट के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस से बगावत करने के बाद विधानसभा से अयोग्य करार दिए गए कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों को उच्चतम न्यायालय से कोई त्वरित राहत न मिलने के चलते उनके राजनीतिक समीकरण गड़बड़ा गए हैं। बेशक उच्चतम न्यायालय में इस मामले की अगली सुनवाई छह मई को है तो सात मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी होगी।

संवैधानिक तौर पर चुनाव का ऐलान होने के बाद इन्हें टालना भी संभव नहीं है। ऐसे में क्या भाजपा कांग्रेस के इन बागी पूर्व विधायकों को अपने पाले में लेकर चुनाव मैदान में उतारेग, इसे लेकर भी ऊहापोह की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

एक तो पहले ही बागी पूर्व विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों से बीस दिन से दूर हैं। बेशक सोशल मीडिया के माध्यम से पूर्व विधायक अपने क्षेत्र के लोगों से संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन अपने क्षेत्र में उनकी मौजूदगी न होना भी उनके लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। जो स्थितियां उत्पन्न हुईं हैं उनमें ये मंझधार में फंसने जैसी स्थिति ही लग रही है।

ये तो जाहिर है कि कांग्रेस में अब इनकी एंट्री न के बराबर है लेकिन समय रहते भाजपा में भी इनकी एंट्री न हो पाना इनके लिए भी विस्फोटक स्थिति उत्पन्न करने जैसी है। अगर समय रहते ये बागी पूर्व विधायक भाजपा में एंट्री पा लेते तो इनके पास भाजपा कार्यकर्ताओं के समक्ष भी अपना पक्ष रखने का समय था तो जनता के बीच जाकर भी अपनी बात रख सकते थे। हालांकि इनके समर्थकों को उम्मीद थी कि उच्चतम न्यायालय से आज इन पूर्व विधायकों को कोई न कोई राहत जरूर मिलेगी लेकिन उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में स्टे आर्डर देने से साफ इंकार कर दिया तो इस प्रकरण में अगली सुनवाई भी छह मई को रखी है। उधर पहले से ही विधानसभा क्षेत्र गगरेट व कुटलैहड़ में भाजपा को लीड कर रहे नेता मजबूती के साथ जनता के बीच डटे हुए हैं। यही नहीं बल्कि कांग्रेस भी अंदरखाते अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटी है। ऐसे में बागी पूर्व विधायकों का निर्णय कहीं सेल्फ गोल दागने जैसा ही न हो जाए।

वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा का कहना है कि चाहिए तो यह था कि बागी पूर्व विधायक उन्हें अयोग्य करार दिए जाने वाले निर्णय को पहले उच्च न्यायालय में चुनौती देते। अब उच्चतम न्यायालय ने भी सीधे तौर पर उन्हें कोई राहत नहीं दी है। सात मई को हिमाचल में चुनाव की अधिसूचना जारी होगी। ऐसे में सीधे तौर पर उच्चतम न्यायालय ने चुनाव को भी नहीं रोका है। संविधान में यह व्यवस्था है कि जब चुनाव का ऐलान हो जाए तो उसे रोकना संभव नहीं है।

**सतर्कता** | उपायुक्त बोले- श्रद्धालु मालहवाहक वाहनों में न करें यात्रा, स्वच्छता का रखें विशेष ध्यान

# डीसी ने मैड़ी मेले की तैयारियों का लिया जायजा



उपायुक्त जतिन लाल मड़ी मेले के प्रबंधों का जायजा लेते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

डेरा बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी में चल रहे होली मेले में सोमवार को उपायुक्त जतिन लाल ने विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण किया तथा किए गए सभी प्रबंधों व व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को पीने के लिए स्वच्छ पानी मुहैया करवाया जाए। उन्होंने मेला क्षेत्र में बनाई गई अस्थायी पार्किंग की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

उपायुक्त ने पड़ोसी राज्यों से मालवाहनों के माध्यम से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे टैम्पों, ट्रालों, ट्रेक्टरों व ट्रकों में यात्रा न करें, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वे मेला परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, गंदगी न फैलाएं।

इस मौके पर एसडीएम अंब विवेक महाजन, एसडीएम गगरेट सोमिल गगरेट, डीएसपी वसुधा सूद, तहसीलदार प्रेम चंद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 25 मार्च तक थानों में जमा करवाने होंगे लाइसेंसी हथियार

**ऊना/बंगाणा।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कानून व्यवस्था और निष्पक्ष व सुचारु रूप से चुनावों के संचालन के लिए जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने जिला के समस्त आर्म्स लाइसेंस धारकों को आदेश दिए हैं कि वे नजदीकी पुलिस थाने व एम्यूनिशन डीलर के पास 25 मार्च सायं 5 बजे तक अपने हथियार जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जमा किए गए हथियार 10 जून सायं 5 बजे तक जारी नहीं किए जाएंगे। अगर कोई व्यक्ति आदेशों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिला दंडाधिकारी ने कहा कि यह आदेश पैरा मिलिट्री, होम गार्ड, पुलिस सिक्योरिटी, बैंक गार्ड या कोई अन्य व्यक्ति जिसे कानून और व्यवस्था की ड्यूटी सौंपी हो, उनके लिए लागू नहीं होंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्तरों से संबंधित राष्ट्रीय राइफल संघ के साथ जुड़े खिलाड़ियों पर भी यह आदेश लागू नहीं होंगे। वहीं, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने बताया कि लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि चुनावों में कानून व्यवस्था सुचारु रूप से बनी रहे और निष्पक्ष रूप से चुनाव करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि उपमंडल बंगाणा में लगभग 900 के करीब आर्म्स लाइसेंस जारी किए गए हैं । उन्होंने आदेश दिए हैं कि उक्त न सभी लाइसेंस धारक अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन व एम्युनिशन डीलर के पास 25 मार्च तक हथियार जमा करवाएं।

**जीवन** अपने आप को खोजने के बारे में नहीं है। जिंदगी से तात्पर्य अपने आप को बनाना होता है।
–लोली डस्कल



## संपादकीय

# एंबुलेंस को रास्ता देना जरूरी, वरना जा सकती है किसी की जान

सड़क सबके लिए होती है, उस पर न तो किसी की मनमानी चल सकती है और न ही किसी तरह की मस्ती। थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए सड़क पर चलने के लिए ट्रैफिक नियम बनाए गए होते हैं। सड़क पर जब कोई वाहन गुजरता है, तो उसे ड्राइवर को सलीके से ड्राइव करना चाहिए। ऐसा न करने पर किसी की भी जान जा सकती है। सफर करती बार सबसे बड़ा नियम तो यही है कि अपनी जान बचाने के साथ दूसरों की जान का भी ख्याल हमें रखना होता है, ताकि सभी अपने गंतव्यों तक सही सलामत पहुंच सकें। ट्रैफिक में फंसने के बाद भी एंबुलेंस को रास्ता देना जरूरी है।

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के बरठीं में भी एक ऐसा ही वाक्या सामने आया है, जिसने मानवीय संवेदनाओं को तार-तार कर आमजन को झकझोर दिया है। दरअसल, यहां एक कार ड्राइवर ने एंबुलेंस को रास्ता नहीं दिया। इसके बाद पुलिस ने कार चालक पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। पुलिस की इस कार्रवाई की जितनी ज्यादा प्रशंसा की जाए, कम है। इसमें बड़ी बात यह थी कि एंबुलेंस का सायरन सुनने के बाद ड्यूटी पर तैनात जवान कार चालक को कार हटाने के लिए कहता रहा, लेकिन आरोपी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। मरीज पंद्रह मिनट तक एंबुलेंस में दर्द से कराहता रहा। हद तो तब हो गई, जब मौके पर मौजूद कुछ लोग भी पुलिस जवान से अभद्रता करने लग पड़े और समझाने के बाद भी नहीं माने। इस तरह की मनमानी और अड़ियल रवैया किसी की भी जान ले सकता है। यह बेहद संगीन मामला है। दरअसल, साल 2019 में केंद्रीय कैबिनेट ने मोटर वाहन (संशोधन) बिल को मंजूरी दी थी, जिसके तहत ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया था।

मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 196ई के तहत एंबुलेंस का रास्ता रोकने वाले किसी भी वाहन पर दस हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान किया गया था, जो पहले महज 100 रुपए था। आपने अक्सर एंबुलेंस के सायरन की आवाज सुनी होगी। यह इसलिए बजाया जाता है, ताकि आगे वाली गाड़ियां एंबुलेंस को जाने का रास्ता दे सकें। अगर कोई भी शख्स एंबुलेंस को रास्ता नहीं देता है, तो उसे भारी जुर्माना भरना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम (संशोधन) 2019 के तहत चालान करती है। दरअसल, कई बार एंबुलेंस में मरीज की हालत बहुत गंभीर होती है। उन्हें समय पर इलाज दिया जाना बेहद आवश्यक होता है, इसलिए एंबुलेंस का रास्ता रोकने से पहले सौ बार सोच लें। ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जब रास्ते में एंबुलेंस के फंसने से मरीज की जान चली गई। कई बार देखने में आता है कि कुछ लोग अपना समय बचाने के चक्कर में दूसरे की जान बचाना जरूरी नहीं समझते हैं, इसलिए एंबुलेंस जैसी इमरजेंसी में गाड़ियों का रास्ता रोकना किसी भी सूरत में ठीक नहीं होता।

सरकार ने 2019 में मोटर वाहन अधिनियम में कुछ संशोधन किए थे। इस दौरान सरकार ने जुर्माने की राशि बढ़ाने का फैसला किया था। पुराने अधिनियम में एंबुलेंस या कोई दूसरी इमरजेंसी गाड़ी को रास्ता न देने पर मात्र 500 रुपए जुर्माने का प्रावधान था। पहले के नियमों में एंबुलेंस को रास्ता न देने वालों के लिए सामुदायिक सेवा की सजा का भी प्रावधान नहीं था। केवल 500 रुपए जुर्माने की व्यवस्था थी। मोटर वाहन के संशोधित अधिनियम में अब जुर्माने की राशि काफी बढ़ा दी गई है। अगर कोई शराब या नशीले पदार्थ का सेवन करके गाड़ी चलाता है, तो उसे दस हजार रुपए का जुर्माना या छह महीने की जेल की सजा हो सकती है। वहीं, बार-बार उल्लंघन करने पर पंद्रह हजार रुपए या एक साल की जेल हो सकती है। इसके अलावा यदि कोई नाबालिग ड्राइविंग करते हुए पकड़ा गया तो उसे पच्चीस हजार जुर्माना या जेल का भी प्रावधान है। क्या कभी आपने सोचा कि इतनी सख्ती आखिर क्यों हुई। इसका सीधा सा जवाब यह है कि छोटे-मोटे जुर्मानों का जनता खासकर ऐसे लोगों पर कोई असर नहीं होता, जो अक्सर यातायात नियमों को ठेंगा दिखाते हैं।

# कांग्रेस दे रही हिंदू धर्म की शक्ति को चुनौती

देश में घटे इस संयोग को देखिए। अभी हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा नागपुर में संपन्न हुई। जब यह अपनी पूर्णता को प्राप्त कर रही थी, उसी समय मुंबई के शिवाजी पार्क में एक घटना घट रही थी, यहां कांग्रेस के मुखियाओं में से एक राहुल गांधी मंच से बोल रहे थे 'हम न बीजेपी और न ही एक व्यक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं। एक व्यक्ति को चेहरा बनाकर ऊपर कर रखा है। हिंदू धर्म में एक शब्द शक्ति होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं।' राहुल गांधी के बाद जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बोलने खड़े हुए तो वे भी अपने अंदर के सच को बाहर निकलने से नहीं रोक पाए। उन्होंने भाजपा के पास आरएसएस की शक्ति और उसकी विचारधारा के होने का आरोप लगाया और कहा कि इस आइडियोलॉजी को हमें समाप्त कर देना है।

कुल मिलाकर, पहले राहुल गांधी घोषणा करते हैं कि उनकी लड़ाई हिंदू धर्म की शक्ति से है। वह उस शक्ति को समाप्त कर देना चाहते हैं। वहीं, उनकी पार्टी के अध्यक्ष एक कदम और आगे बढ़ जाते हैं, जिसका निष्कर्ष है, भारत भर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा को मिटा देना है, क्योंकि उनकी लड़ाई इसी आइडियोलॉजी से है। देखा जाए तो राहुल और खड़गे दोनों एक ही बात अपने-अपने तरीके से कह रहे हैं। दोनों के लक्ष्य स्पष्ट हैं। उद्देश्य यही है कि संघ की विचारधारा, जो कि सनातन धर्म के जयघोष की आइडियोलॉजी है। विश्व बंधुत्व और सभी के सुखी रहने की कामना की है। लोक कल्याण के लिए रामराज्य की स्थापना की है। कांग्रेस उस विचारधारा को संपूर्ण भारत से समाप्त कर देना चाहती है।



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

यह भी एक संयोग ही है कि जब राहुल और खड़गे इस तरह से संघ विचार और हिंदू धर्म की शक्ति को समाप्त करने की बात कह रहे थे, उसी समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा बैठक की पूर्णाहुति हो रही थी। इस बैठक में जो विचार हुआ, उसकी एक झलक इस बैठक में आए प्रस्ताव 'श्रीराम मंदिर से राष्ट्रीय पुनरुत्थान की ओर' में देखी जा सकती है।

इस प्रस्ताव में कहा गया कि श्री अयोध्याधाम में प्राण प्रतिष्ठा इस बात की द्योतक है कि श्रीराम के आदर्शों के अनुरूप समरस, सुगठित राष्ट्र जीवन खड़ा करने का वातावरण बन गया है। यह भारत के पुनरुत्थान के गौरवशाली अध्याय के प्रारंभ का संकेत भी है।... मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हमें सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए समाज व राष्ट्र के लिए त्याग करने की प्रेरणा देता है। उनकी शासन पद्धति 'रामराज्य' के नाम से विश्व इतिहास में प्रतिष्ठित हुई, जिसके आदर्श सार्वभौमिक व सार्वकालिक हैं।... श्रीराम के जीवन मे परिलक्षित त्याग, प्रेम, न्याय, शौर्य, सद्भाव एवं निष्पक्षता आदि धर्म के शाश्वत मूल्यों को आज समाज में पुन: प्रतिष्ठित करना आवश्यक है। फिर इसमें आगे कहा गया कि सभी प्रकार के परस्पर वैमनस्य और भेदों को समाप्त कर समरसता से युक्त पुरुषार्थी समाज का निर्माण करना ही श्रीराम की वास्तविक आराधना होगी।

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समस्त भारतीयों का आह्वान करती है कि बंधुत्व भाव से युक्त, कर्तव्यनिष्ठ, मूल्याधारित और सामाजिक न्याय की सुनिश्चितता करने वाले समर्थ भारत का निर्माण करें।' इस संपूर्ण प्रस्ताव का जो निष्कर्ष निकलता है, वह है भारत में सभी वर्ग, समुदायों, मत, पंथ, विचारधाराओं के बीच के परस्पर वैमनस्य और भेदों को समाप्त करते हुए समरसता से युक्त पुरुषार्थी समाज खड़ा कर देना, ताकि भविष्य का भारत, श्रीराम के आदर्श को स्थापित करते हुए विश्व कल्याण को धरातल पर उतार पाए। अब आप ही बताएं, इसमें क्या अनुचित कामना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा की जा रही है? जो इस संपूर्ण संगठन को मिटाने के लिए राहुल गांधी, उनकी पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत उन जैसे तमाम नेता आज इच्छा रखते हैं। क्या कोई भी भारतीय नहीं चाहेगा कि भारत शक्ति संपन्न देश बने?

देश में जितनी भी आपसी कलह हैं, वे पूरी तरह से समाप्त हो जाएं? विश्व बंधुत्व की कामना से ओत-प्रोत भारत आने वाले समय में दुनिया का नेतृत्व करे? निश्चित ही यह कामना हर देश भक्त भारतीय की है। वस्तुत: आज हमें यह स्वीकार्य करना होगा कि दुनिया में हर देश और समाज के अपने प्राण तत्व हैं। भारत का प्राण तत्व सनातन धर्म (हिंदुत्व) यानी कि हिंदू धर्म में है, जिसके प्रमुख आदर्श पुरुषों में एक श्रीराम हैं।

श्रीराम का आदर्श सिर्फ सज्जनता तक सीमित नहीं, वह तो सर्वसमावेशी है। जहां दुष्टों के दमन की आवश्यकता है, वहां दुष्टों का नाश किया जाएगा और जहां ज्ञान यज्ञ करना है, वहां उसे भी भव्यता के साथ पूरा किया जाएगा। स्त्री स्वरूपा शक्ति के मान के लिए फिर रावण जैसे दुराचारी से भी क्यों न लड़ना पड़े, उसे जड़ से समाप्त कर देना ही राम का आदर्श है।

कहना होगा कि श्रीराम की शक्ति ही हिंदू धर्म का प्राण तत्व है। राम के बिना शक्ति और शक्ति के बिना राम अधूरे हैं, इसलिए दुष्ट रावण के संधान के लिए राम शक्ति का आह्वान करते हैं। 'साधु, साधु, साधक धीर, धर्म-धन धन्य राम! कह, लिया भगवती ने राघव का हस्त थाम।' ...होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन। कह महाशक्ति राम के वदन में हुई लीन। इन पंक्तियों का निष्कर्ष या कुल अर्थ है कि महाशक्ति, अर्थात मां भगवती श्रीराम के शरीर में उनकी ऊर्जा बन कर लीन हो गई। (राम की शक्ति पूजा, सूर्यकात त्रिपाठी)

ऐसे में कांग्रेस आज जिस हिंदू धर्म की जिस शक्ति को समाप्त करने की बात कह रही है, कहीं यह न हो जाए कि हिंदू धर्म में श्रीराम के चरित्र में आबद्ध यह शक्ति उसी (कांग्रेस) का नाश कर देवे, क्योंकि यह शक्ति भारत के कण-कण में व्याप्त है। वस्तुत: किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि जब तक हिंदू धर्म में शक्ति शेष है, तभी तक भारत वर्ष का भी अस्तित्व है और फिर भारत का यह अस्तित्व तमाम संकटों के बाद भी बचा हुआ है तो कुछ तो बात यहां की सभ्यता और संस्कृति में होगी ही, जिसकी समाप्ति की कामना करते-करते कई लोग मिट गए, पर इसे नहीं मिटा सके।

अब उसे मिटा देने का सपना आज कांग्रेस पाल बैठी है। अच्छा तो यही होगा कि कांग्रेस भी आज हिंदू धर्म की शक्ति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'स्व' को समझे, जिसका कि मूल उद्देश्य सफल राष्ट्र का अनुपम वैभव सभी भांति से है लाना। सब समाज को लिए साथ में आगे ही बढ़ते जाना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# पत्रकारों को मिले सामाजिक सुरक्षा पेंशन

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की हमारे देश व प्रदेश के विकास और हम सभी के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान और भूमिका रहती है। इसमें चाहे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हो या फिर प्रिंट मीडिया, इन दोनों का एक विशेष स्थान रहता है, जिसमें कि विभिन्न क्षेत्रों और प्रदेशों से विभिन्न पत्रकार जनता की मूलभूत असुविधाओं और विशेषताओं को सरकार व प्रशासन के मध्य समय-समय पर ध्यानाकर्षण करते हैं।



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इसका असर भी जमीनी स्तर पर अनेक बार देखने को मिलता है, तो वहीं पत्रकार सरकार की हर छोटी-बड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों को गांव-गांव और हर घर तक पहुंचाने का भी प्रयास करते रहते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में आज हिमाचल प्रदेश सरकार से निवेदन और आग्रह करना चाहेंगे कि हिमाचल के उन तमाम मान्यता प्राप्त पत्रकार को भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने की अनुकंपा करें, जिनकी संख्या संभवत: बहुत ज्यादा भी नहीं होगी और सरकार पर बहुत ज्यादा आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा, क्योंकि जनता की मांगों और सरकार की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में पत्रकारों का विशेष योगदान रहता है।

सरकार अगर भविष्य में इस ओर विशेष ध्यान आकर्षित करती है तो निसंदेह भविष्य में पत्रकारिता में यह एक मील का पत्थर साबित हो सकता है और पत्रकारिता में ईमानदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता और जनता के लिए सेवा भाव और अधिक देखने को मिलता रहेगा, ऐसी आशा करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### कैकेयी की व्यथा

*कुलकलंकिनी, कुलविनाशिनी,*
*घृणापात्र कहलाना मुझे मंजूर है,*
*मेरा इसमें दोष नहीं,*
*विधाता का दस्तूर है।*
*प्रतिभा संपन्न विदुषी राजकन्या,*
*शंबरासुर संग्राम में दो बार दिया था महाराज का साथ,*
*सारथी के घायल होने पर, पहिये की धूरी पर सुरक्षा हेतु लगा दिया था हाथ ।*
*राम तो मुझे भरत से भी प्रिय थे, राजतिलक समाचार*
*सुन मंथरा को स्वर्णाभूषण भेंट*
*किया था।*
*उन्हें वन भेजना मुझे कहां भाता था।*
*बिना वनवास क्या अवतार सफल हो पाता था?*
*देवाज्ञा, भविष्यवाणियों के सच क्या झुठलाए जाते थे?*
*राक्षसों के जघन्य अपराधों से, साधु-संतों, मुनियों को*
*श्रीराम तब कैसे बचाते थे?*
*अहिल्या, भीलनी का उद्धार कैसे*
*संभव हो पाता था?*
*वीर हनुमान, सुग्रीव, विभीषण*
*से संसार कैसे परिचित हो पाता था?*
*मेरे वर मांगने पर भी,*
*महर्षि वशिष्ठ, विश्वमित्र,*
*भारद्वाज विरोध न कर पाए,*
*देवाज्ञा से ही तो मां शारदा*
*मंथरा को भ्रमित कर पाई,*
*विधि के विधान में मेरा कोई दोष नहीं,*
*रामराज्य स्थापना में घृणा पात्र*
*बनना मुझे कोई अफसोस नहीं,*
*आत्मचिंतन का यह विषय,*
*इसमें गूढ़ रहस्य है,*
*कैकयी व्यथा का यही सच्चा दृश्य है।*



रवि कुमार
मैहरी काथला

# 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' और पीड़ित महिलाओं की टीस

'द केरल स्टोरी' से सुर्खियों में आए सुदीप्तो सेन निर्देशित और विपुल शाह के प्रोडक्शन की फिल्म 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा तथा बस्तर के वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित और एक 'मां' की शक्ति को समर्पित शानदार फिल्म है। फिल्म के आरंभ में नक्सल प्रभावित क्षेत्र का एक परिवार राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत होकर 15 अगस्त को एक विद्यालय में तिरंगा फहराता है और 'जन गण मन' का गायन करता है। नक्सलियों को इसका पता चलता है तो वह उस परिवार को अपनी अदालत में उठा ले जाते हैं। तिरंगा फहराने वाले व्यक्ति के शरीर के 32 टुकड़े कर दिए जाते हैं ।



लेखक : मृत्युंजय दीक्षित
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मारे गए व्यक्ति की पत्नी कहती है, 'मैं रत्ना कश्यप, मेरे पति मिलन कश्यप को नक्सलियों ने मार दिया। पूरे गांव के सामने 32 टुकड़े कर दिए और उसके खून से अपने शहीद स्तंभ को मेरे हाथों से रंगवाया। क्या गलती थी उसकी, बस यही कि उसने 15 अगस्त को अपने गांव के स्कूल में भारत का झंडा लहराया। बस्तर में भारत का झंडा लहराना एक जुर्म है जिसकी सजा दर्दनाक मौत है।' मेरे बेटे को भी उठाकर ले गए उसे भी नक्सली बनाएंगे। हर परिवार से एक बच्चा उनको देना पड़ता है। नहीं देते तो पूरे परिवार को मार देते हैं। अरे हम बस्तर की मांएं करें तो करें क्या, मैं पति का बदला और अपने बेटे को वापस लाने के लिए जिंदा हूं। 'मैंने हथियार उठा लिए हैं बस्तर से इन नक्सलियों को समाप्त करके रहूंगी।' यही फिल्म की पार्श्वभूमि है। आगे बढ़ते हुए फिल्म बताती है कि किस प्रकार नक्सली देश को कम से कम 30 टुकड़ों में बांटने का खतरनाक षड्यंत्र रचते रहते हैं। भारत के मजबूत लोकतंत्र को कमजोर दिखाने के लिए वामपंथी तत्व किस प्रकार अपना नैरेटिव चलाते हैं और इस भारत विरोधी अभियान के लिए विदेशी फंडिंग आती है। निहित स्वार्थों की पूर्ति करने व छत्तीसगढ़ की अकूत संपदा पर कब्जा करने के लिए कुछ लोग नक्सली हिंसा को बढ़ावा दे रहे थे और बस्तर के गांवों में विकास नहीं हो पा रहा था।

सरकारी पक्ष के वकीलों के पास तमाम सुबूत होने के बाद भी कोर्ट वामपंथ के वकील के पक्ष में अपना फैसला सुनाती है और सरकारों की विकृत राजनीति व मनोदशा के कारण नक्सलवाद की हिंसा से प्रभावित पीड़ितों पर हुए भीषणतम अत्याचारों की घटनाओं की जांच के बजाए कोर्ट आईपीएस अधिकारी नीरजा माधवन (अदा शर्मा) के खिलाफ ही न्यायिक जांच आयोग गठित कर दिया जाता है। लगभग 124 मिनट की इस फिल्म में नक्साली हिंसा के दिल दहलाने वाले क्रूर दृश्य हैं जिसके कारण फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया है। निर्देशक सुदीप्तो सेन का कहना है कि यह फिल्म दस वर्ष के गहन शोध का परिणाम है। माओवादी संघर्ष 1957 से प्रारंभ हुआ और अब तक अकेले बस्तर जिले में ही 17 हजार पुलिस जवान शहीद हो चुके हैं। यह फिल्म वामपंथ की उग्र विचारधारा की असलीयत जनमानस के सामने खोल रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हमारी पर्यावरण दोस्त है चुलबुली गौरेया

हमारी सोच अब आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी है। हम प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति थोड़ा मित्रवत भाव रखने लगे हैं। घर की टेरेस पर पक्षियों के लिए दाना-पानी डालने लगे हैं। गौरेया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। किचन गार्डन और घर की बालकनी में कृतिम घोंसला लगाने लगे हैं। गौरेया धीरे-धीरे हमारे आसपास आने लगी है। उसकी चीं-चीं की आवाज हमारे घर आंगन में सुनाई पड़ने लगी है। गौरेया संरक्षण को लेकर ग्लोबल स्तर पर बदलाव आया है। यह सुखद है। फिर भी अभी यह नाकाफी है। हमें प्रकृति से संतुलन बनाना चाहिए। हम प्रकृति और पशु-पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु-पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं, वे हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी खासी भूमिका निभाते हैं, लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता।

गौरेया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है। गौरेया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती है। एक वक्त था, जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे, लेकिन वक्त के साथ गौरेया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरूकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरेया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका भी है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरेया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गौरेया संरक्षण के लिए लोगों से पहल कर चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को सोशल मीडिया में खूब सराहा था और कहा था कि गौरेया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिल-ए-तारीफ है। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरेया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरेया के लिए दाना-पानी और घोंसले की व्यवस्था की है। जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है, जिसकी वजह पशु-पक्षियों के लिए खतरा बन गया है।



लेखक : प्रभुनाथ शुक्ल
हिंदुस्थान समाचार

प्रसिद्ध पर्यावरणविद मोहम्मद ई. दिलावर के प्रयासों से 20 मार्च को चुलबुली गौरेया के लिए रखा गया। 2010 में पहली बार यह दुनिया में मनाया गया। गौरेया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इंसान की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहचर्य से दूर कर दिया है। गौरेया एक घरेलू और पालतू पक्षी है। यह इंसान और उसकी बस्ती के पास अधिक रहना पसंद करती है। पूर्वी एशिया में यह बहुतायत पाई जाती है। यह अधिक वजनी नहीं होती। इसका जीवनकाल दो साल का होता है। यह पांच से छह अंडे देती है। भारत की आंध्र यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में गौरेया की आबादी में 60 फीसदी से अधिक की कमी बताई गई है। ब्रिटेन की रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स ने इस चुलबुले और चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौरेया की आबादी घटी है। गौरेया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है।

गौरेया पासेराडेई परिवार की सदस्य है, लेकिन इसे वीवरपिंच परिवार का भी सदस्य माना जाता है। इसकी लंबाई 14 से 16 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 25 से 35 ग्राम तक होता है। यह अधिकांश झुंड में रहती है। यह अधिकतम दो मील की दूरी तय करती है। मानव जहां-जहां गया, गौरेया उसका हमसफर बनकर उसके साथ गई। गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं, जिसका कारण है कि मकानों में गौरेया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। पहले गांवों में कच्चे मकान बनाए जाते थे। उसमें लकड़ी और दूसरी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता था। कच्चे मकान गौरेया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते थे, लेकिन आधुनिक मकानों में यह सुविधा अब उपलब्ध नहीं होती। यह पक्षी अधिक तापमान में नहीं रह सकता। देश की खेती-किसानी में रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता प्रयोग बेजुबान पक्षियों और गौरेया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है। केमिकल युक्त रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से कीड़े-मकोड़े भी विलुप्त हो चले हैं, जिनमें गिद्ध, कौआ, महोख, कठफोड़वा, और गौरेया शामिल हैं। इनके भोजन का भी संकट खड़ा हो गया है।

प्रसिद्ध पर्यावरणविद मोहम्मद ई. दिलावर नासिक से हैं और वह बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने यह मुहिम 2008 से शुरू की थी। आज यह दुनिया के 50 से अधिक मुल्कों तक पहुंच गई है। दिलावर के विचार में गौरेया संरक्षण के लिए लकड़ी के बुरादे से छोटे-छोटे घर बनाए जाएं और उसमें खाने की भी सुविधा भी उपलब्ध हो। घोंसले सुरक्षित स्थान पर हों, जिससे गौरेयों के अंडों और चूजों को हिंसक पक्षी और जानवर शिकार न बना सकें। हमें प्रकृति और जीव-जंतुओं के सरोकार से लोगों को परिचित कराना होगा। आने वाली पीढ़ी तकनीकी ज्ञान अधिक हासिल करना चाहती है, लेकिन पशु-पक्षियों से वह जुड़ना नहीं चाहती है। इसलिए हमें पक्षियों के बारे में जानकारी दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिएं, जिससे हम अपनी पर्यावरण दोस्त को उचित माहौल दे पाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विलुप्त होती गौरेया का संरक्षण जरूरी

'ओ री चिरेया, नन्ही सी चिड़िया, अंगना में फिर आजा रे'। प्रसिद्ध गीतकार स्वानंद किरकिरे का यह गाना गौरेया की वर्तमान स्थिति की ओर इंगित करता है। पुराने समय में भोर होते ही चिरेया का वह कलरव जब हमारे कानों में गूंजता था, तो वह पल हमारे दिन के सबसे सुखद क्षण होते थे। घरों को अपनी चीं-चीं से चहकाने वाली गौरेया हमारे घर आंगन की शोभा होती थी। हमें सबसे पहले उठकर उन्हें आंगन में दाना फैलाना सबसे प्रिय लगता था और फुदक-फुदक कर दाना खाकर जब वह खुशी से उड़ जाती थी, तो दिल को कितना सुकून मिलता था।

छत की मुंडेर पर एक-एक तिनका जोड़कर अथक परिश्रम कर आशियाना बनाकर वह हमें भी मेहनत का पाठ पढ़ती थी। इस छोटे से आकार वाले खूबसूरत और शांतिपूर्ण पक्षी का दिखना अब दूभर हो गया है। सबके घरों को अपनी चीं-चीं से चहकाने वाली चिड़िया अब दिखाई नहीं देती। गौरेया के अस्तित्व पर छाए संकट के बादलों ने इसकी संख्या काफी कम कर दी है। कहीं-कहीं तो यह बिलकुल भी दिखाई नहीं देती।

गौरेया को विलुप्त होने से बचाने के लिए हर साल 20 मार्च को विश्व गौरेया दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य गौरेया पक्षी को विलुप्त होने से बचाना है। इस साल 2024 में विश्व गौरेया दिवस की थीम है 'आई लव स्पैरोज और वी लव्स स्पैरोज'। इसका मुख्य लक्ष्य दुनिया भर में बढ़ते प्रदूषण, तथा गौरेया के अस्तित्व को बचाने के लिए जागरूकता फैलाना है।

'विश्व गौरेया दिवस' पहली बार 20 मार्च 2010 को मनाया गया था। मोहम्मद दिलावर भारतीय संरक्षण वादी और नेचर फॉर एवर समिति के संस्थापक थे, जिन्होंने 20 मार्च को 'विश्व गौरेया दिवस' मनाने की पहल की और बाद में फ्रांस का ईको-सिस एक्शन फाउंडेशन भी इसमें शामिल हो गया था। मोहम्मद दिलावर को 2008 में टाइम मैगजीन द्वारा 'हीरोज ऑफ द एनवायरनमेंट' नामित किया गया था।



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

उनका प्रयास जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण आदि के कारण गौरेया पक्षी तथा अन्य पक्षियों की आबादी में भारी कमी पर प्रकाश डालता है और लोगों को जागरूक करता है।

पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरेया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। मानवीय लोभ की भेंट चढ़ रही गौरेया जलवायु परिवर्तन, खाद्य पदार्थों में विभिन्न रसायन, घोसलों के लिए उचित जगह न मिलना तथा माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं। आज इंसान वर्चुअल दुनिया में ज्यादा लीन हो गया है क्योंकि हमारी सोच एवं जीवन शैली में प्रकृति प्रेम विलुप्त हो रहा है। मनुष्य के द्वारा रचे इस कृत्रिम संसार में प्रकृति, पर्यावरण, वन्य जीव एवं पक्षियों के कलरव का लगातार खत्म होते चले जाना एक भयंकर संकट के बढ़ने का संकेत है। पहले समय में मनुष्य का जीवन प्रकृति में ही रचता बसता था। जीव-जंतु, पशु - पक्षी उनके जीवन के अहम हिस्सा होते थे। पक्षी वैज्ञानियों के अनुसार हमें अपने घरों में भी पक्षियों के लिए उचित स्थान उपलब्ध करवाने चाहिए, जिससे प्राचीन समय की तरह वे भी सुगमतापूर्वक अपने आशियाने बना सकें। घर के बाहर अनाज और पीने के लिए पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। हमारी भारतीय संस्कृति में पक्षियों, जानवरों को भोजन खिलाना भी जीवन शैली का मुख्य अंग रहा है। हमारे धार्मिक विधानों में चींटियों को चावल खिलाना, मछलियों को आटा देना, पक्षियों को चुग डालना और पशुओं को आटे के पेड़े देना अति शुभ फलदायक माना जाता है, जो हमारे धर्म के साथ-साथ पशु, पक्षियों, जीव-जंतुओं की सेवा करने की भी प्रेरणा देता है।

हमारी संस्कृति हमें इन सब से जुड़ने और इनके प्रति सेवाभाव रखने के लिए प्रेरित करती है। ऐसे में जीव-जंतुओं और पक्षियों की सुरक्षा के लिए इस दिन ही क्या हर दिन पक्षियों की सेवा करना हमारी जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए। पशु-पक्षी, प्रकृति, पर्यावरण, जीव-जंतुओं के प्रति हमारा प्रेम हमारी संवेदनशीलता को दर्शाता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**प्राचीन** काल से ही जलवायु परिवर्तन चिंता का विषय रहा है और हमारे ऋषि मुनि इस बात से अवगत थे। वे हमेशा पानी, पृथ्वी व प्रकृति आदि की चिंता किया करते थे और इसी को लेकर उन्होंने ऐसे प्रावधान बनाए कि लोगों का वृक्षों एवं प्रकृति आदि के प्रति एक भाव पैदा हो। उन्हीं संस्कारों के चलते हमारे देश में नदी, पेड़ व पृथ्वी आदि को आज भी पूजा जाता है। पौधारोपण के साथ-साथ वृक्षों की सुरक्षा की ओर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस कार्य को लेकर सभी को जागरूक होना होगा। जिस प्रकार से अपने परिवार और बच्चों की चिंता की जाती है, वैसे ही हम सभी को मिलकर वृक्षों की चिंता करनी होगी। तभी जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को खत्म किया जा सकेगा। अपने हाथों से लगाए हुए पेड़ जब बड़े हो जाते हैं, तब उनके पास जाकर बड़ा सुकून मिलता है। दुनिया में विकास के चलते प्रकृति के साथ संतुलन बिगड़ा है। विकास मानव के लिए जरूरी है, लेकिन इसके साथ-साथ प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखना उससे भी ज्यादा जरूरी है। हम सभी को समझना होगा कि पेड़ लगाने तक सीमित रहने से जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण नहीं पाया जा सकता। पेड़ लगाने के बाद उसकी रक्षा भी हमें ही करनी होगी, तभी उनका पूरा लाभ मनुष्य को मिल पाएगा।

**–शशि राणा, कांगड़ा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### गरोला में औषधीय पौधों का महत्व बताया


गरोला स्कूल में आयोजित कार्यशाला के दौरान मौजूद शिक्षक व अन्य।

**भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरोला में एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्कूल के प्रधानाचार्य मेहर सिंह, वीएमसी के प्रधान पवन शर्मा व स्थानीय लोग विशेष रूप से मौजूद रहे। इस कार्यशाला का संचालन ईको क्लब के प्रभारी प्रवीण शर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला में औषधीय पौधों एवं मोटे अनाज की गुणवत्ता एवं उनके लाभ पर विशेष रूप से चर्चा की गई। जिसमें औषधीय पौधों की नर्सरी, उनकी देखभाल, उनकी पहचान व उनके इस्तेमाल पर जानकारी दी गई। वहीं मोटे अनाज की गुणवत्ता पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में दीपिका ठाकुर और नरेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे।

### स्कूलों में गैर शैक्षणिक कार्यक्रमों पर लगे रोक

**डलहौजी।** राजकीय अध्यापक संघ खंड बनीखेत के अध्यक्ष ओम आजाद ने कहा कि जब भी वार्षिक परीक्षाएं सिर पर होती हैं तो विभाग की तरफ से कुछ ऐसे आदेश पारित किए जाते हैं जोकि स्कूलों में शिक्षण प्रक्रिया को बाधित करते हैं। इसका उदाहरण वर्तमान में 20 मार्च से चलने वाली शिक्षकों की कार्यशाला है। इसके अलावा जैसे कि खंड स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिता, एसएमसी जागरूकता अभियान संबंधी कार्यशालाओं का आयोजन, कुछ दिवसों का पूरे सप्ताह भी इनमें से एक हैं। अभी ग्रीष्मकालीन स्कूलों में छठी से बारहवीं कक्षा तक वार्षिक परीक्षाएं चली हुई हैं जिसके बाद नॉन बोर्ड क्लासों की पेपर चेकिंग होगी रिजल्ट बनाए जाएंगे इत्यादि बहुत कार्य है जो शिक्षकों को निपटाना होता है और अगर इस समय शिक्षक ही स्कूलों में नहीं रहेंगे तो यह सब समय रहते संभव नहीं। खंड अध्यक्ष ओम आजाद, कोषाध्यक्ष एस सूर्यवंशी ने संयुक्त बयान जारी करते हुए बताया कि इन दो महीनों में ऐसे आयोजनों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए ताकि शिक्षक बच्चों की पढ़ाई पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर पाएं।

### गद्दी समुदाय के उत्थान पर की चर्चा



**भरमौर।** अखिल भारतीय गद्दी जनजातीय विकास समिति पंजीकृत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक का आयोजन राजधानी दिल्ली में किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार ने की। बैठक में गद्दी जनजातीय समुदाय के उत्थान, कल्याण व अन्य पहलुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समिति की इकाइयों एवं अन्य गद्दी समुदाय संस्था समिति संगठन जो गैर राजनीतिक हैं उनकी कार्यकारिणी सदस्यों के साथ सम्मेलन और बैठक शीघ्र ही आयोजित की जाएगी। बैठक में कहा गया कि अखिल भारतीय गद्दी जनजातीय विकास समिति गैर राजनीतिक संगठन है जो पूरे भारत में समुदाय के लोगों को एक माला में पिरो सकता है। समिति के राष्ट्रीय महासचिव श्रीकांत शर्मा ने बताया है कि समिति समय-समय पर अपने समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए अलग-अलग तरह के सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन करती रहती है। उन्होंने कहा कि दूसरी बैठक का आयोजन भी शीघ्र ही किया जाएगा।

### चूड़ी की टीम बनी कबड्डी विजेता

**भरमौर।** नेहरू युवा केंद्र ब्लॉक मैहला की ओर से दो दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन लोथल ग्राउंड में हुआ। खंड युवा स्वयंसेवी बंटू ने बताया कि प्रतियोगिता नेहरू युवा केंद्र चंबा के जिला युवा अधिकारी विवेक कुमार के दिशा-निर्देश अनुसार करवाई गई। इस दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में चूड़ी की टीम विजेता, लोथल टीम उपविजेता रही। वॉलीबाल प्रतियोगिता में धरवाला टीम विजेता, जबकि लोथल की टीम उपविजेता रही। महिला वर्ग में लोथल विजेता, कबड्डी टीम में लोथल और चूड़ी टीम उपविजेता रही। ऊंची कूद में मनीष प्रथम, अक्षय द्वितीय और सूरज तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में जतिन प्रथम, सूरज द्वितीय और सनी ने तृतीय स्थान हासिल किया। शॉटपुट में मनीष ने पहला, सूरज ने दूसरा और सनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। युवक मंडल लोथल के अध्यक्ष अजय ठाकुर ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है।

### नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत

**चंबा।** सनातन धर्म सभा चंबा ने नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की है। सभा द्वारा छेड़े गए नशा मुक्त अभियान के संदर्भ में सभा प्रधान सुदेश कश्मीरी ने बताया कि नशा समाज के लिए अभिशाप है। आज की युवा पीढ़ी नशे की गर्त में डूब रही है। उनको नशे की जकड़न से मुक्त करवाने के लिए यह आवश्यक है कि उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में सही जानकारी दी जाए। ताकि वे नशे से हमेशा दूर रहकर नशा मुक्त समाज का निर्माण कर सकें। चंबा के युवा भी नशे की इस बुरी लत से अछूते नहीं हैं।

# 25 मार्च तक पुलिस थाने में जमा करवाएं हथियार

## जिला दंडाधिकारी मुकेश ने धारा 144 के तहत जारी किए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत जिले में वैध लाइसेंस धारकों से हथियार तथा गोला-बारूद को नजदीकी पुलिस थाना में तत्काल प्रभाव से जमा करने के आदेश जारी किए हैं।

धारा 144 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए ज़िला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के दौरान बेहतर कानून-व्यवस्था और शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित बनाने को लेकर तत्काल प्रभाव से जिले में घातक हथियार ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा जोकि आदर्श चुनाव आचार संहिता की समयावधि तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी लाइसेंस धारक अपने हथियारों को संबंधित पुलिस थाना में 25 मार्च 2024 तक जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा जमा किए गए हथियार लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया मुकम्मल होने के एक सप्ताह के भीतर संबंधित व्यक्ति को लौटा दिए जाएंगे। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि सुरक्षा बलों, केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों, कानून और व्यवस्था से जुड़े पुलिस व होमगार्ड के जवानों सहित राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन के साथ पंजीकृत खिलाड़ियों, बैंक सुरक्षा कर्मियों तथा निजी व सार्वजनिक क्षेत्र में कार्य कर रहे सुरक्षा कर्मियों तथा राज्य के कानून व्यवस्था से संबंधित कर्मियों के लिए उक्त आदेश लागू नहीं होंगे। ये आदेश छह जून 2024 की मध्य रात्रि तक लागू रहेंगे तथा इन आदेशों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत कक्ष किया स्थापित

**चंबा।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के बारे या लोकसभा चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत करने के लिए 03-चंबा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (नागरिक) के कार्यालय में शिकायत कक्ष की स्थापना की गई है। इसका दूरभाष नंबर 01899-222278 है। लोकसभा चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत के विषय में स्थापित यह शिकायत कक्ष छह जून 2024 तक कार्यरत रहेगा। इसके अलावा जिला स्तर पर जिला राजस्व अधिकारी के कार्यालय में भी नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नंबर 1950 टोल फ्री है। यह जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम सी चंबा ने दी है।

# चंबा कॉलेज में समारोह होनहारों को बांटे इनाम


राजकीय महाविद्यालय चंबा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह भाग -1 धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय तीसा प्रोफेसर भुवन विज ने बतौर मुख्यातिथि व प्रोफेसर सुनीता महाजन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। जबकि महाविद्यालय चंबा प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा ने स्टाफ सहित उपस्थिति दर्ज करवाई। मुख्यातिथि भुवन विज ने साल भर की विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अंत में प्रोफेसर पी सी आर नेगी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. विद्या सागर शर्मा ने अपने अभिवांदन में सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय चंबा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह भाग-एक समारोह के सफल आयोजन का श्रेय प्रो., सहायक प्रो. व विशेष तौर पर छात्र-छात्राओं को जाता है।

# एसडीएम कुलबीर सिंह राणा को सौंपा जाए एडीएम का प्रभार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**भरमौर के जनप्रतिनिधियों व जनता ने उठाई मांग**



भरमौर के एसडीएम कुलबीर सिंह राणा की कार्यप्रणाली का हर कोई कायल हो रहा है। उनकी कार्यप्रणाली को लेकर लोग बहुत खुश हैं। मिलनसार व अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित एसडीएम सरकार की योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि एसडीएम कार्यालय में जो भी लोग अपनी समस्या को लेकर गया है उसका समाधान करने का उनकी तरफ से भरपूर प्रयास किया जाता है। यही नहीं उनके सौम्य और सरल व्यवहार को देखकर फरियादी भी उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। ट्राइबल क्षेत्र होने की वजह से अतिरिक्त पदों का कार्यभार भी बखूबी संभाल रहे हैं। एडीसी भरमौर को सीबीआई कोर्ट से सजा मिलने और उनके छुट्टी पर चले जाने की खबरों के बाद यहां पर लोगों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि यहां पर प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए यहां पर तैनात एसडीएम कुलबीर सिंह राणा को जल्द से जल्द एडीएम का प्रभार सौंपा जाए। लोगों का कहना है कि यहां पर तैनात एसडीम द्वारा फाइलों को अधिक देर तक उनके टेबल पर नहीं रखा जाता है। हालांकि अभी भी एसडीम भरमौर खंड विकास अधिकारी का कार्यभार भी देख रहे हैं। उनकी कार्यप्रणाली को देखते हुए यहां के जनप्रतिनिधियों व स्थानीय नेताओं ने भी एडीसी के छुट्टी पर चले जाने के बाद उनको एडीएम का अतिरिक्त प्रभार सौंपने की मांग की है।

### युवक ने लैंटल से लगाई छलांग, जख्मी

**डलहौजी।** पुलिस थाना डलहौजी के अंतर्गत गांव बनीखेत के वार्ड नंबर चार धोबी मोहल्ला में एक युवक ने नशे की हालत में तीन मंजिला मकान से छलांग लगा दी,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की पहचान 24 वर्षीय गौतम (खबरी) पुत्र राजेश कुमार निवासी धोबी मोहल्ला वार्ड नंबर चार डाकघर बनीखेत के रूप में हुई है। गौतम अपने दोस्तों के साथ सोमवार शाम को अपने लैंटल पर बैठा हुआ था कि अचानक बातों बातों में ही नशे की हालत में छलांग लगा दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे पीएचसी बनीखेत पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने उसकी हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। पीएचसी के डॉक्टर कंवर विश्व दीपक ने बताया कि गौतम की गर्दन व शरीर के अन्य हिस्सों में अंदरूनी चोटें आई हैं। उसकी हालत को देखते हुए उसे सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# नागरिक अस्पताल चुवाड़ी में भोजन की गुणवत्ता जांची

## राज्य स्तरीय टीम ने किया कायाकल्प परियोजना का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**


चुवाड़ी चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान राज्य स्तरीय टीम व अस्पताल स्टाफ।

नागरिक चिकित्सालय चुवाड़ी में राज्य स्तरीय टीम ने कायाकल्प परियोजना के तहत निरीक्षण किया। राज्य स्तरीय टीम में तीन सदस्यों जिसमें डॉ. योगेश, डॉ. अश्वनी व डॉ. संजय ने अस्पताल में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। कायाकल्प परियोजना में अस्पतालों को विभिन्न श्रेणी में आंकलन दिए जाते हैं। जिसमें साफ-सफाई विभागीय प्रबंधन बॉयोमेडिकल बेस्ट इत्यादि सहित मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का आंकलन किया जाता है। निरीक्षण टीम ने अस्पताल में दाखिल मरीजों व उनके परिवारों से भी फीडबैक लिया और अस्पताल स्टाफ भी कार्य क्षमता का भी आंकलन किया। टीम अस्पताल में आने वाले भोजन की गुणवत्ता से संतुष्ट थी। टीम ने डॉ. मोहन एसएमओ वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी चुवाड़ी को और बेहतर सेवा देने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर ईएनटी डॉ. दविंद्र पाल, डेंटिस्ट डॉ. विकास महाजन, सर्जन डॉ. ईशान, बच्चों के डॉ. पी व मंगलेश्वर कंप्यूटर ऑपरेटर व अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### आईटीआई चंबा में खेलें शुरू

**चंबा।** आईटीआई चंबा में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट कमेटी के मोहिंद्र सिंह और विशेष अतिथि योगिंद्र शर्मा ने किया। इसके बाद जिला की विभिन्न आईटीआई से आए हुए खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। पूरे जिला की विभिन्न आईटीआई के 400 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इसमें खो-खो, कबड्डी, वॉलीबाल और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन की किया गया।

# चंबा-कांगड़ा संसदीय सीट से त्रिलोक कपूर को दी जाए टिकट

**ओपी शर्मा, भरमौर**

**लोकसभा चुनाव में गद्दी समुदाय का प्रत्याशी बनाने की पैरवी**



लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही गद्दी समुदाय से संबंध रखने वाले व्यक्ति को लोकसभा में प्रत्याशी बनाने की पैरवी शुरू हो गई है। चंबा-कांगड़ा संसदीय सीट से गद्दी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले त्रिलोक कपूर को भाजपा से टिकट देने की पैरवी भरमौर के गद्दी समुदाय ने की है।

प्रधान ग्राम पंचायत नयाग्रां एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने चंबा-कांगडा संसदीय सीट से गद्दी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले व्यक्ति को टिकट देने की मांग की है। अशोक ठाकुर ने कहा कि चंबा व कांगड़ा में गद्दी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले लोगों की संख्या अधिक है। लिहाजा लोकसभा में भी गद्दी समुदाय को प्रतिनिधित्व मिलना आवश्यक है। उन्होंने भाजपा की ओर से गद्दी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले त्रिलोक कपूर को टिकट देने की पैरवी भी भाजपा हाईकमान से की है। गद्दी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले व्यक्ति को इस बार फिर से भाजपा लोकसभा का प्रत्याशी बनाया जाए। उन्होंने कहा है त्रिलोक कपूर जो गद्दी समुदाय से है और उनका इस संसदीय क्षेत्र में अच्छा खासा प्रभाव भी है। लिहाजा भाजपा लोकसभा चुनाव में उन्हें प्रत्याशी बनाती है तो चंबा-कांगड़ा लोकसभा सीट भी भाजपा के खाते में आसानी से चली जाएगी। चंबा के चार विधानसभा क्षेत्रों में भी गद्दी समुदाय के अच्छी खासी संख्या में लोग रहते हैं। इसके साथ ही कांगडा के सभी विधानसभा क्षेत्र में गद्दी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले लोग भी भारी संख्या में रहते हैं। त्रिलोक कपूर पिछले कई सालों से राजनीति में है। उनकी इस संसदीय क्षेत्र में अच्छी खासी पकड़ भी है। हालांकि इससे पहले भी भाजपा की ओर से चंबा-कांगड़ा संसदीप क्षेत्र से गद्दी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले किशन कपूर को लोकसभा प्रत्याशी बनाया था। उन्होंने इस संसदीय क्षेत्र से रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की थी। हालांकि भाजपा की ओर से दो लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है जबकि कांगड़ा और मंडी में प्रत्याशियों को लेकर मंथन जारी है। (अनंत ज्ञान)

# चुवाड़ी अस्पताल में महिला चिकित्सक से उलझा तामीरदार, मामला दर्ज

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

सिविल हॉस्पिटल चुवाड़ी में सुरक्षा अभाव के कारण चिकित्सक व तीमारदार में अभद्र व्यवहार का मामला घटित होने से एक बार फिर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती का मुद्दा गरमा गया है। इस बार घटित वारदात पर पीड़ित चिकित्सक ने कड़ा संज्ञान लेते हुए अभद्र व्यवहार करने वाले तीमारदार के विरूद्ध पुलिस थाना चुवाड़ी में प्राथमिकी दर्ज करवा दी है। उपमंडल चिकित्सालय प्रबंधन ने भी जिला कार्यालय से स्टाफ की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने की मांग उठाई है।

गौर हो कि सिविल हॉस्पिटल चुवाड़ी में ड्यूटी के दौरान महिला चिकित्सक से किसी बात को लेकर नशे में धुत्त रोगी का परिजन भराड़ी निवासी करण उलझ पड़ा, जोकि अपनी बीमार पत्नी के साथ चिकित्सालय आया था। जिसमें हल्की कहासुनी देखते ही देखते अभद्र भाषा एवं व्यवहार में बदल गई। हालांकि मौके पर खड़े स्टाफ व अन्य लोगों ने तीमारदार को समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन जब बात हद से बढ़ गई तो इस दिशा में महिला चिकित्सक द्वारा पुलिस थाना चुवाड़ी को सूचना देने सहित व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया। उधर, चिकित्सालय चुवाड़ी बीएमओ मोहन ने बताया कि सिक्योरिटी न होने के कारण आए दिन चिकित्सकों व स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विभाग को चिकित्सालय में सुरक्षा व्यवस्था तैनात करने की मांग दी गई है। जिस पर निर्णय लेना उच्च अधिकारियों के अधिकार का विषय है। फिलहाल घटित मामले के तहत पुलिस में शिकायत दर्ज करवा दी गई है। वहीं रमन चौधरी प्रभारी पुलिस थाना चुवाड़ी का कहना है कि महिला चिकित्सक की शिकायत दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। आरोपी को थाने में तलब किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 0008 (***** कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0007 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

20 मार्च, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** एकादशी (02: 25): **नक्षत्र :** पुष्य (10:39), **पक्ष :** शुक्ल, योग अतिगंड (05:00) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित कोई नहीं, राहुकाल 12:28 - 01:59।

**विशेष दिन**

- 20 मार्च 2024 को आमलकी या रंगभरी एकादशी
- 21 मार्च 2024 को गोविंदा द्वादशी

**मेष :** आज के दिन प्रसन्नता बढ़ाने वाली घटनाएं होंगी। निजी जीवन में कठोर निर्णय लेने होंगे। आज पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा।

**वृषभ:** घर गृहस्थी की भाग दौड़ में व्यस्त रहेंगे। आप अपना संपर्क बढ़ाने के प्रयास करेंगे। निवेश लाभकारी रहेगा।

**मिथुन:** दूसरों की जीवनशैली देखकर अपना रहन-सहन बदलने का प्रयास करेंगे। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी।

**कर्क :** अपने काम करने के तरीकों को बदलें। घर की साज सज्जा पर भारी खर्च होने की संभावना है। आज कर्ज लेने से बचें।

**सिंह :** दूसरों के हित के लिए आप सदैव तत्पर रहते है, पर लोगों से निराशाजनक व्यवहार मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा।

**कन्या :** आप की सूझबूझ और दूरदर्शिता से व्यापार में लाभ होगा। दोस्तों का सहयोग एवं समर्थन मिलेगा।

**तुला :** आज क्रोध से बचें। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। व्यापार-व्यवसाय पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, समय पर संभल जाएं।

**वृश्चिक:** अपने करियर को लेकर चिंतित रहेंगे। नए काम में शीघ्रता न करें। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह बखूबी कर पाएंगे।

**धनु :** व्यस्त रहें मस्त रहें। आप दूसरों की मदद करने में सदैव तैयार रहते है। आज खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ेंगे। अपने दुःख को छुपा रहे है।

**मकर:** दूसरों की बातों पर जल्द विश्वास कर लेते हैं। आज आर्थिक योग प्रबल है। कार्यस्थल पर किसी नई योजना के बारे में चर्चा होगी।

**कुंभ :** अपनी बातों से लोगों को आकर्षित करेंगे। प्रियजन के साथ समय का सदुपयोग होगा। बच्चों के व्यवहार से मन में निराशा होगी।

**मीन :** पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। वाणी संयम आवश्यक है। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। पदोन्नति के योग हैं।

**राहत** — चमेरा चरण दो-तीन परियोजना प्रबंधन ने धरने पर बैठे प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन

# 10 दिन में बहाल होगी चंपा देवी की नौकरी

**आरके रांगड़ा, चंबा**

**आश्वासन के बाद प्रदर्शन कर रहे पदाधिकारियों व सदस्यों ने धरने को समाप्त करने का किया एलान**


सीटू के बैनर तले धरने पर बैठे चमेरा चरण दो-तीन वर्कर्स यूनियन करियां के सदस्य।

चमेरा चरण दो-तीन वर्कर्स यूनियन करियां जिला चंबा सीटू बैनर के तले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चंपा देवी की नौकरी पुन: बहाल करवाने को लेकर पिछले चार दिन से आंदोलन कर रही थी। आंदोलन के चौथे दिन मजदूरों की एकता एवं मौलिक अधिकार को देखते हुए चमेरा चरण दो-तीन परियोजना प्रबंधन ने धरने पर बैठे प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिए आमंत्रित किया, जिसमें दोनों पक्षों में जहां सहमति बन गई है।

चमेरा चरण दो-तीन वर्कर्स यूनियन करियां जिला चंबा व सीटू इकाई चंबा ने आंदोलन स्थगित करने की घोषणा कर दी है। वहीं, उन्होंने दो टूक शब्दों में यह भी कह दिया कि यदि मांग के विपरीत कोई फैसला प्रबंधन की ओर से लिया जाता है, तो यह धरना-प्रदर्शन दोबारा आरंभ हो सकता है। इस सदंर्भ में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चंपा देवी की नौकरी बहाली के लिए आंदोलन के समर्थन में बैठे चमेरा चरण दो-तीन वर्कर्स यूनियन करियां जिला चंबा द्वारा सीटू इकाई के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों की ओर से सीटू जिला संयोजक सुदेश कुमारी ने बताया कि एनएचपीसी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चंपा देवी की नौकरी बहाली को लेकर सर्वप्रथम मौखिक, फिर अधिकारिक पत्राचार, प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर स्थानीय पूर्व व वर्तमान विधायक के समक्ष पत्राचार एवं शिष्टाचार भेंट के तहत मामला उजागर किया गया, जिसके बावजूद उक्त पीड़ित महिला को न न्याय मिला और न ही छीना हुआ रोजगार प्राप्त हुआ। इसके चलते चमेरा चरण दो-तीन वर्कर्स यूनियन करियां जिला चंबा द्वारा सीटू यूनियन को इस दिशा में शांति पूर्वक धरना-प्रदर्शन करना पड़ गया। धरने के चौथे दिन परियोजना प्रबंधन अधिकारियों की ओर से बातचीत करने का आमंत्रण प्राप्त हुआ, जिसमें यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से शिष्टाचारी भेंट कर उन्हें अपनी मांग से अवगत करवाया गया।

प्रबंधन की ओर से अश्वासन दिया गया कि आगामी 10 दिनों के भीतर पीड़िता चंपा देची की नौकरी बहाल कर दी जाएगी, जिसके चलते धरने पर बैठे समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने संयुक्त निर्णय लेते हुए धरने को समाप्त कर दिया गया है। इस मौके पर वर्कस यूनियन करियां जिला चंबा द्वारा सीटू इकाई पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### अखाड़ा बाजार में 24 को होगा फाग मेले का आगाज

**कुल्लू।** ध्रुव ऋषि के सम्मान में हर वर्ष की भांति इस बार भी 24 से 26 मार्च तक अखाड़ा बाजार में फाग मेले का आयोजन होगा। फाग मेला वेलफेयर सोसायटी अखाड़ा बाजार के सलाहकार दिनेश सेन ने बताया कि 24 मार्च को ध्रुव ऋषि शहर की परिक्रमा करेंगे और इसके साथ ही फाग मेले का आगाज हो जाएगा। 24 को होलिका दहन होगा, जबकि 25 को सुबह के समय फागुन नाती चलेगी और शाम के समय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। इतना ही नहीं 26 मार्च को बड़ा मेला होगा, जिसमें नाती विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय कुल्लू के अखाड़ा बाजार में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय इस मेले में महानाटी का आयोजन होगा, जिसमें 300 से ज्यादा महिलाएं नाटी पेश कर अपनी पुरातन संस्कृति और पहनावे के संरक्षण का संदेश देंगी। इस मेले में हाथों से बनी वस्तु के स्टाल भी लगेंगे, जिसमें खाद्य वस्तुएं भी शामिल होंगी।

### विद्युत उपमंडल नग्गर में बिजली बाधित रहेगी

**पतलीकूहल।** विद्युत उपमंडल नग्गर के सहायक अधिशासी अभियंता सुनील दत्त शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा की विद्युत उपमंडल नग्गर के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को सुचित किया जाता है कि 33/11 केवी सब-स्टेशन नग्गर के अंतर्गत आने वाले 11केवी नग्गर फीडर की आवश्यक मुरम्मत और रख-रखाव के चलते 20 मार्च को नग्गर, चजोगी, घुड़दौड़, लरांकेलो, बरनौट, जाना, धामा, अर्छंडी व साथ लगते क्षेत्रों में उपरोक्त तारीख को सुबह के 10 बजे से शाम के 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### 24 मार्च को मनाया जाएगा बटाला में फाग त्योहार

**आनी।** बाह्य सिराज के एकमात्र श्रीकृष्ण मंदिर बटाला जो ठाकुर मुरलीधर के नाम से प्रसिद्ध है में हर साल की भांति इस साल भी फाग मेले का आयोजन प्राचीन परम्परा अनुसार बड़ी धूमधाम से किया जाएगा। जिसमें सभी कार्य परंपरा अनुसार किए जाएंगे। सबसे पहले सुबह ठाकुर मुरलीधर जी के स्नान तथा श्रृंगार करने के पश्चात दैनिक पूजा पाठ होगा। उसके बाद 50 मुजारियत तथा क्षेत्र के सभी लोग आपस में मिलकर ठाकुर जी के साथ होली खेलेंगे तथा उसके बाद मंदिर की परिक्रमा करते हुए सभी लोग होली खेलते हुए प्राचीन परंपराओं का निर्वहन करते हुए मंदिर में प्रवेश कर होली के भक्तिमय भजन गाएंगे। उसके बाद होली में रंगे रंगों से सभी लोग पहाड़ी नाटी में झूमते हुए नजर आएंगे। तत्पश्चात देर रात्रि करीब 2 बजे के बाद मंदिर में ब्रह्म अखाड़ा के भजन लगातार सुबह चार बजे तक होंगे। जबकि इससे पूर्व रात को 9 बजे के बाद मंदिर कमेटी के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें 14 महिला मंडल व 4 स्कूली बच्चे अपनी प्रस्तुतियां देंगें।इसमें क्षेत्र की महिला मंडल व स्कूली बच्चे कई प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। उसके बाद ठीक सुबह 4:00 बजे ठाकुर मुरलीधर जी देव वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच चांदी की पालकी में स्वार होकर 12 जलती मशालों के सुरक्षा घेरे में पूरे लाव लश्कर के साथ क्षेत्र के हजारों लोगों को दर्शन देंगे । जो प्रांगण में अपनी ढाई परिक्रमा पूरी कर होलीका का दहन करेंगे तत्पश्चात क्षेत्र के लोगों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद देंगे।

### उपचुनावों को लेकर कांग्रेस की बैठक कल

**केलांग।** विधानसभा उप चुनावों को लेकर लाहुल-स्पीति कांग्रेस ने वीरवार को केलांग में बैठक बुलाई है। जिला अध्यक्ष गयल्सन ठाकुर ने जिला कांग्रेस कमेटी लाहौल-स्पीति, महिला कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी केलांग, उदयपुर व काजा सहित समस्त संगठनों के पदाधिकारियों से बैठक में भाग लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के प्रस्तावित चुनाव व हिमाचल प्रदेश में छह विधायकों द्वारा राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की परिस्थिति के बाद विधायकों को आयोग्य घोषित कर उपचुनाव की घोषणा हो गई है। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र की भी महत्वपूर्ण सीट शामिल है। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी ने यह निर्णय लिया है कि लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए वीरवार को केलांग के पुराने सर्किट हाउस में पार्टी का महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक में आगामी लोकसभा, विधानसभा चुनाव की रणनीति व पार्टी को और अधिक मजबूती से चलाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी व ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।

# भूस्खलन से ढाई मंजिला मकान क्षतिग्रस्त, बेजुबानों पर बरपा कहर

## मलबे की चपेट में आए एक गाय व नौ कुत्ते, जगतसुख में देर रात की घटना

**कमलेश वर्मा, मनाली**

जिला कुल्लू के मनाली उप मंडल स्थित जगतसुख गांव में भूस्खलन होने से अढ़ाई मंजिला मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। आधी रात को हुए इस हादसे में एक गाए सहित 25 कुत्ते मलबे में दब गए जिनमें अब तक 16 को जीवित निकाल लिया है। गाए सहित नौ कुत्ते मलबे की चपेट में आ गए हैं। घर के अंदर रह रहे पति व पत्नी भाग्यशाली रहे।


मनाली उपमंडल के जगतसुख गांव में भूस्खलन होने से क्षतिग्रस्त हुआ मकान।

नवदीप सिंह पुत्र सतगुरु सिंह निवासी गांव व डाकघर हरिपुर तहसील मनाली जिला कुल्लू ने बताया कि वह शिक्षा विभाग से सेवनिवृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री गायत्री ने जगतसुख के नागनी नाले के पास योगिंद्र व नितेन्द्र का ढाई मंजिला मकान किराए में लिया है। गायत्री यहां एनजीओ सहित जानवरों का रेस्क्यू सेंटर चलाती है। नवदीप ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ बेटी के साथ जगतसुख में रहते हैं। उनके साथ एक गाय व 24 कुत्ते भी इसी मकान में रहते थे। गत रात वह अपनी पत्नी के साथ सोए हुए थे कि रात को जोरदार धमाका हुआ। उन्हें लगा कि भूकंप आया है, लेकिन जब उठकर देखा तो पहाड़ी में हुए भूस्खलन का मलबा घर में आ गया है और भूस्खलन से घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने घर में काम करने वाले व्यक्ति को उक्त घटना की जानकारी दी। काम करने वाला व्यक्ति तीन चार लोगों के साथ आया और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि भूस्खलन से एक गाय व 18 कुत्ते मलबे में दब गए। घर का सारा सामान भी मलबे में दब गया है। उनके अनुसार भूस्खलन से लगभग 70 लाख का नुकसान हुआ है। भनारा गांव के इंद्रदेव के बगीचे में भूस्खलन का मलबा पहुंचने से सेब के 20 पेड़ क्षतिग्रस्त हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### प्रशासन ने प्रभावितों को दी फौरी राहत

**एसडीएम** मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि भूस्खलन से गाय व कुत्ते मलबे में दब गए थे। प्रशासन ने पुलिस व ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाकर 16 कुत्तों को जिंदा बचा लिया है। एक गाए सहित नौ कुत्ते मलबे की चपेट में आ गए हैं। रेवेन्यू विभाग नुकसान का आंकलन कर रहा है। प्रभावित किरायेदार गायत्री सहित मकान मालिक नितेन्द्र व योगिंदर को 10-10 हजार फौरी राहत दे दी गई है।

# दुष्कर्म के तीन माह बाद गर्भवती हुई नाबालिग, दो आरोपी नामजद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है और नाबालिग गर्भवती भी हो गई है।



जानकारी के अनुसार नाबालिगा के परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनकी 16 वर्षीय बेटी के साथ किशन चंद पुत्र मंगलू राम चन्नी धार (जौली) सैंज जिला कुल्लू और चंद्रमणि उर्फ चंद्रू पुत्र खाकू राम निवासी गांव सरोआ जिला मंडी ने यौन शौषण किया है। उसके बाद दोनों ने इसे जान से मारने की धमकी भी दी। उनके द्वारा किए गए यौन संबंधों से पीड़िता प्रेगनेंट भी हो गई। शिकायतकर्ता को इसके बारे तीन माह बाद पता चला जब पीड़िता को दर्द हुई। उसके बाद पीड़िता ने सारी व्यथा सुनाई। जिसके चलते परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी और पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में करवाया है।

उधर, पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम रवाना कर दी है। पुलिस के अनुसार जल्द दोनों की गिरफ्तारी होगी।

### चरस सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में एक व्यक्ति चरस तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर दिया है। जानकारी के अनुसार थाना मनाली के अंतर्गत भूतनाथ मंदिर के साथ लोकल पुलिस ने गस्त के दौरान चमन लाल निवासी सारा बाली चौकी तहसील बाली चौकी जिला मंडी के कब्जे से 486 ग्राम चरस बरामद की, जिसके चलते व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ मनाली पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# यंजना आत्महत्या मामले में परिजनों ने एसपी कुल्लू को सौंपी शिकायत

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

यंजना आत्महत्या मामले में मृतका के परिजनों ने मंगलवार को एसपी कुल्लू को शिकायत पत्र सौंप कर अपनी आपत्ति दर्ज की। मृतका के पिता के अनुसार 17 मार्च को सुबह के 2 बजे जब वो बेटी की आत्महत्या की सूचना पाकर मनाली पहुंचे तो घटना स्थल पर पहुंचकर देखा तो पाया कि बेटी लाश को फर्श पर लिटाया गया था। जब इस बारे में पूछा गया कि लाश को किस ने उतारा तो पुलिस ने जवाब दिया कि पुलिस के आने से पहले ही लाश फर्श पर पड़ी थी।

मृतका के पिता ने संदेह जताते हुए कहा कि हत्या की आशंका व्यक्त की। उन्होंने एसपी कुल्लू को शिकायत पत्र के माध्यम से बताया कि समाचार पत्र में किराए के मकान का जिक्र किया गया है, जबकि 3 मंजिला मकान मृतका के सास ससुर का अपना ही है और मृतका तीसरे मंजिले में रहती थी। उन्होंने बताया कि कमरे की ऊंचाई मात्र 7 फुट की है और वहां पर कोई पंखा लगा हुआ नहीं है। मृतका के पिता ने समाचार पत्र में लिखे आधे अधूरे जानकारी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि अमुक समाचार पत्र में कुछ जानकारी सही नहीं है।

उन्होंने एसपी कुल्लू से अपनी शिकायत में मृतका के सास-ससुर को अब तक गिरफ्तार नहीं किए जाने पर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इस साजिश में मृतका के सास ससुर भी शामिल हैं। उन्होंने एसपी कुल्लू से इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए निवेदन किया है कि इस मामले में सही से जांच कर मृतका के परिजनों लो इंसाफ दिया जाए।

### तुरंत प्रभाव से रोकी जाए सेवा विस्तार की प्रथा

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम कर्मचारी संघ की बैठक ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित की गई। संघ के अध्यक्ष हुकम राम की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ पर्यटन निगम के प्रभारी डाबे राम चौहान और प्रदेश के महामंत्री राजकुमार शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में पर्यटन निगम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों-अधिकारियों को फिर से कार्य पर रखने का विरोध किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक ओर प्रदेश सरकार शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की बात कर रही है। पूरे प्रदेश में बेरोजगार नौजवान अच्छी संस्थाओं से होटल व्यवसाय से जुड़े कोर्स करने के पश्चात नौकरी के तलाश में दर दर की ठोकर खा रहे हैं। अत: ऐसे में सेवा विस्तार की जगह इन बेरोजगार युवाओं को निगम में लाया जाए। कर्मचारी संघ मुख्यमंत्री से निवेदन करता है कि सेवा विस्तार की प्रथा को तुरंत प्रभाव से रोका जाए।

# दयपुर में युवाओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, केलांग**

युवा मामले एवं खेल मंत्रालय सरकार द्वारा नेहरू युवा केन्द्र केलंग ने मंगलवार को ज़िला स्तरीय पास पड़ोस युवा संसद का आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उदयपुर के सभागार में किया गया। इस आयोजन के दौरान उप- शिक्षा निदेशक सुरेश विद्यार्थी ने बतौर मुख्यातिथि अपनी उपस्थिति दर्ज की।

मुख्यातिथि ने अपने सम्बोधन में वर्तमान समय में छात्रों के लिए डिजिटल युग में भटकने के चांस पर सचेत रहने की सलाह दी और साथ ही इसको सही ढंग से उपयोग करने के लिए युवाओं को संदेश दिए। नेहरू युवा केन्द्र केलंग के उप निदेशक राम सिंह ने मुख्यातिथि का स्वागत लाहौल परम्परा के अनुसार का खतग पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर राम सिंह ने युवाओं को संसद के कार्य प्रणाली के बारे में शिक्षा दी। युवाओं ने कई मुद्दों पर चर्चा की और संसद के सदन की गरिमा को भी बनाये रखा।

महिला मंडल उदयपुर प्रधान रीना रॉय ने युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने की सलाह दी ताकि भविष्य में कोई बाधा आये तो आसानी से उसका हाल निकाला जा सके। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करवाया ताकि आने वाले चुनाव में उन्हे कोई मुश्किल ना हो ओर वो अपने मत का प्रयोग सही से कर सकें। राम सिंह ने सभी युवाओं को चुनाव में कैसे मतदान करना है इसके बारे मे भी जानकारी दी।

# पुलिस को दिया चुनाव प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति के केलांग स्थित न्यू पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी की अध्यक्षता में चुनाव पर आधारित कार्यशाला आयोजित हुई। एक दिवसीय इस कार्यशाला में बतौर विशेष प्रशिक्षक के तौर पर जिला निरीक्षक अनिल कुमार ने चुनाव से संबंधित विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया।


कार्यशाला में भाग लेते एसपी मयंक चौधरी एवं अन्य पुलिस अधिकारी।

इस दौरान एसपी मयंक ने बताया कि कार्यशाला को आयोजित करने का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को चुनावी प्रक्रिया के दौरान अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से शिक्षित और सुसज्जित करना है। इस कार्यशाला में चुनाव के दौरान सुरक्षा, कानून प्रवर्तन और व्यवस्था को बनाए रखने से संबंधित विभिन्न विषयों को शामिल कर विस्तार से चर्चा की गई।

### करण देव बौद्ध को मंडी लोकसभा से बनाया प्रभारी

**कुल्लू।** लाहौल के युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता करण देव बौद्ध को राष्ट्रीय युवा नीति अनुसंधान हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा के प्रभारी बनने पर नवनिर्वाचित करण देव बौद्ध ने अपनी इस नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास, राष्ट्रीय युवा कांग्रेस युवा नीति अनुसंधान विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राष्ट्रीय युवा कांग्रेस प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी, प्रदेश प्रभारी सिद्धार्थ व्यास व युवा नीति अनुसंधान विभाग हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष गौरव ठाकुर का धन्यवाद किया है।



# कुल्लू के पांच वुशू खिलाड़ी खेलेंगे नेशनल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

23वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता के लिए जिला कुल्लू के पांच वुशू खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह जानकारी जिला वुशू संघ के महासचिव लुदर चंद ने दी। उन्होंने बताया कि 23वीं सब-जूनियर वुशू प्रतियोगिता 26 से 31 मार्च को जम्मू यूनिवर्सिटी में होने जा रही है।

इसके लिए कुल्लू के सरस्वती विद्या मंदिर बाशिंग स्कूल के शिवम 30 किलो भार वर्ग में और राहुल 36 किलो भार वर्ग में, मदर टच स्कूल पिरडी की कनिष्क 45 किलो भार वर्ग में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पलाहच बंजार के पंकज ठकुर 56 किलो भार वर्ग में और मदर टच स्कूल पिरडी की डिंपल का चैंक्वान इवेंट में चयन हुआ है।



23वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी।

उन्होंने बताया कि ये सभी खिलाड़ी अक्षित वुशू स्पोर्ट्स अकादमी बजौरा में वुशू का अभ्यास कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में खेलने के लिए सब-जूनियर लड़कियों का ट्रायल 21 मार्च 2024 को सुबह 11:00 बजे इसी अकादमी में रखा गया है। इसमें 21, 24, 27, 33 और 36 किलो भार वर्ग का ट्रायल रखा गया है।

उन्होंने बताया कि जो भी लड़कियां ट्रायल देना चाहते हैं वे अपने साथ अपना आधार कार्ड पासवर्ड साइज 4 फोटो खेलो इंडिया किड नंबर, आयु प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं। अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी जिला वुशू संघ कुल्लू के कोच व महासचिव से संपर्क करें।

# अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर लगा पर्यटकों का तांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

बर्फ से ढकी शीत मरुस्थल भूमि लाहौल घाटी दो पर्यटकों से चहक उठी है। दो महीने बाद पर्यटक अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल और सिस्सू पहुंचना शुरू हो गए हैं। चार फीट से अधिक बर्फ से लदे लाहौल के पर्यटन स्थल पर्यटकों को खासे आकर्षित करने लगे हैं। इन खूबसूरत व अद्‌भुत वादियों में पहुंचकर पर्यटक अपने आप को स्विट्जरलैंड की वादियों सा अनुभव ले रहे हैं। सैलानी मंगलवार को बड़ी संख्या में अटल टनल होकर बर्फ से लकदक वादियों के दीदार के लिए लाहुल घाटी पहुंचे।



प्रशासन की ओर से फोर बाय फोर वाहनों में पर्यटकों को घाटी में आने की इजाजत मिलने के बाद यहां रौनक बढ़ गई है। हालांकि अधिकतर पर्यटकों ने मंगलवार को सोलंगनाला में ही बर्फ की खेलों का आनंद लिया, लेकिन लगभग दो सौ फोर बाय फोर पर्यटक वाहन अटल टनल के पार जा पहुंचे। लाहौल के पर्यटन कारोबारियों की मानें तो दो माह बाद अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल और सिस्सू होकर सैलानियों ने लाहौल में दस्तक दी है।

मंगलवार को यहां पर्यटकों ने बर्फ की ढकी वादियों का दीदार किया और खूब मस्ती की। चारों ओर बर्फ की चादर को देखकर सैलानियों के चेहरे खिल गए। सिस्सू के ग्रामीण राजेश, टशी व जगदीश ने बताया कि प्रशासन ने फोर बाय फोर वाहनों में पर्यटकों को घाटी में प्रवेश करने की इजाजत देने के बाद काफी पर्यटक घाटी में पहुंचने लगे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में और अधिक संख्या में पर्यटक अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल, सिस्सू, केलांग, कोकसर आदि का रुख करेंगे।

# लाहौल-स्पीति की जनता को बताएंगे मत की अहमियत

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

आगामी लोकसभा के चुनाव को देखते हुए लाहौल-स्पीति की जनता को मतदान के बारे में जागरूक करने के लिए एक वीडियो सांग तैयार किया जा रहा है। लाहौल-स्पीति प्रशासन और लायुल सुर संगम के तत्वावधान में चुनाव के महत्व को जनता तक पहुंचाने के लिए एक गीत तैयार किया गया और इस गीत के वीडियो की शूटिंग को विभिन्न क्षेत्रों में फिल्माया जा रहा है।

इसी कड़ी में मानली में भी इस गाने की शूटिंग की गई। इस गाने को निर्देशित कर रहे हैं लायुल सुर संगम के संस्थापक एवं निर्देशक किशन हंस। इस गाने को अपनी आवाज़ से सजाया है लाहौल की स्वर कोकिला कही जाने वाली रोजी शर्मा ने। इस गाने में मिसेज़ एशिया फोटोजेनिक कल्पना ठाकुर एवं लाहौल की सुप्रसिद्ध लोक गायिका शकुंतला शकुन ओर सुप्रसिद्ध लोकगायिका एवं भजन गायिका नीरू चांदनी भी मतदान के महत्व को जनता तक पहुंचाने के लिए गाने के बीच में संदेश देकर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित कर रही हैं। अभी इस गाने की बहुत से सीन को लाहौल की वादियों में फिल्माया जाना है। इस गीत को लिखा है लाहौली बोली में लिखा है और इस गाने के बोल हैं गेता वोट रंड्री योगे।


शूटिंग के दौरान उपस्थित कल्पना ठाकुर, शकुंतला एवं रोजी शर्मा।

इस गाने की धुन को भी किशन हंस ने ही तैयार किया है। इस गाने के माध्यम से लाहौल-स्पीति की जनता को मतदान कर अपनी नैतिक जिम्मेदारी को निभाने के प्रति प्रेरित किया जाएगा। किशन हंस इससे पहले भी कई गानों के माध्यम से लाहौल-स्पीति की संस्कृति से जुड़ी विविधता को वीडियो सांग में दर्शा चुके हैं और लाहौल स्पीति में संस्कति को सहेजने में लायुल सुर संगम संस्था ने एक अहम भूमिका निभाई है। (अनंत ज्ञान)

# स्वास्थ्य केंद्र निथर को दिया फर्नीचर

**अनंत ज्ञान, आनी**

उपतहसील निथर की ग्राम पंचायत देहरा व निथर जो लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट से प्रभावित है और इस प्रोजेक्ट के कार्य को पटेल इंजीनरिंग पूरा कर रही है।

पटेल इंजीनरिंग ने प्रभावित पंचायतों के हितों को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नित्थर को सीएसआर के माध्यम से आवश्यक फर्नीचर व अन्य उपयोगी सामग्री भेंट की। जिसमें डॉक्टर चेयर, एक विजिटर चेयर, दो मेडिसिन रैक, दो अलमीरा, दो मोबाइल स्टैचर, एक फोल्डेबल स्टेचर, एक मरीज व्हील चेयर, एक डिजिटल होमोंग्लोबिन मीटर, एक नीडल कटर तथा एक ऑक्सीमीटर हॉस्पिटल को भेंट किए हैं।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निथर को फर्नीचर व अन्य सामग्री देते समय मौजूद कंपनी के अधिकारी।

इस अवसर डॉक्टर रॉबिन ठाकुर और पटेल इंजीनियरिंग से सतीश, मैनेजर एचआर प्रनोय ठाकुर तथा एग्जीक्यूटिव आईआर मौजूद रहे।

प्रोजेक्ट मैनेजर पटेल इंजीनरिंग लुहरी प्रोजेक्ट रविंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि लुहरी प्रोजेक्ट से प्रभावित पंचायतों में वे लगातार स्वास्थ्य शिविर लगा रहे हैं, जिसमें रक्तदान शिविर व नेत्र स्वास्थ्य शिविर भी शामिल हैं, जबकि सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों को साफ पानी पीने के लिए प्यूरीफायर सहित और भी कई जन कल्याणकारी कार्य कर रही है और आगे भी निरंतर इन पंचायतों के लिए कार्य करते रहेंगे।

**चुनाव**

## विज्ञापन जारी करने से पहले लेनी होगी अनुमति, नहीं तो होगी सख्त कार्रवाई

# पेड न्यूज पर एमसीएमसी की रहेगी पैनी नजर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लोकसभा चुनाव की तारीख तय होते ही स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी तोरूल एस रवीश ने जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति (एमसीएमसी) के सदस्यों के साथ बैठक की तथा आवश्यक निर्देश दिए।


जिला निर्वाचन अधिकारी तोरूल एस रवीश बैठक की अध्यक्षता करतीं हुईं।

उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है तथा कुल्लू जिले में जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी ने अपना कार्य आरंभ कर दिया है। उन्होंने बताया कि एमसीएमसी का कार्यालय जिला लोक संपर्क अधिकारी के कार्यालय कुल्लू में स्थापित किया जा चुका है।

कमेटी समाचार-पत्रों, रेडियो, टीवी, ई-पेपर, बल्क मैसेज व सोशल मीडिया में प्रकाशित व प्रसारित होने वाले समाचारों और विज्ञापनों पर कड़ी नजर रखेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 के तहत मंडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को स्थानीय अखबार, टेलीविजन चैनल, सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों में विज्ञापन जारी करने से पहले एमसीएमसी से सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य है। इसके लिए पंजीकृत राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को विज्ञापन प्रकाशित या प्रसारित होने की तिथि से तीन दिन पहले तथा गैर-पंजीकृत निर्दलीय उम्मीदवार सात दिन पहले दो प्रतियों में आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रकाशित या प्रसारित होने वाले विज्ञापन की प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य होगा।

यदि कोई उम्मीदवार बगैर सर्टिफिकेशन के विज्ञापन जारी करवाता है तो उसे पेड न्यूज की श्रेणी में रखकर संबंधित उम्मीदवार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव से संबंधित पोस्टर, पम्पलेट, हैंडबिल तथा अन्य दस्तावेजों पर प्रकाशक एवं जारीकर्ता का विवरण प्रकाशित करना भी अनिवार्य है। इस दौरान एडीएम अश्वनी कुमार, तहसीलदार निर्वाचन बीना कुमारी व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नलवाड़ी मेले में आज से सजेगा अखाड़ा, 23 को होगी बड़ी माली

## बड़ी माली, हिम कुमार, बिलासपुर केसरी के होंगे मुकाबले, प्रथम विजेता को मिलेगा एक लाख एक हजार रुपए इनाम व गुर्ज, उपविजेता को 75000

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले का मुख्य आकर्षण कुश्ती के मुकाबले आज यानी बुधवार से शुरू हो जाएंगे। दोपहर 12 बजे से मेले की पहली कुश्ती आयोजित की जाएगी।

प्रतिदिन कुश्ती का आयोजन शाम 5:30 तक किया जाएगा। वहीं, मेले के समापन पर 23 मार्च को मेले की अंतिम कुश्ती आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रथम विजेता को एक लाख एक हजार रुपए नकद व गुर्ज इनाम के रूप में दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार सामान्य वर्ग में बड़ी माली के विजेता को नकद एक लाख एक हजार रुपए व गुर्ज, उपविजेता को नकद 75000 हजार रुपए, तृतीय विजेता को नकद 31,000 रुपए व चतुर्थ विजेता को नकद 25,000 रुपए निर्धारित किए गए हैं। हिम कुमार की कुश्तियों के लिए प्रतियोगी पहलवान हिमाचल का स्थायी निवासी होना चाहिए। इसके लिए स्थायी निवासी प्रमाणपत्र कार्यपालिका मेजिस्ट्रेट या तहसीलदार की ओर से सत्यापित होना अनिवार्य किया गया है। इसी के साथ हिम कुमार वर्ग की कुश्तियों की इनामी राशि प्रथम विजेता नकद 51,000 रुपए व गुर्ज उपविजेता नकद 31,000 रुपए, तृतीय विजेता नकद 21,000 रुपए व चतुर्थ विजेता नकद 15,000 रुपये निर्धारित की गई है।

बिलासपुर केसरी की कुश्तियों के लिए प्रतियोगी पहलवान बिलासपुर का स्थायी निवासी होना चाहिए। बिलासपुर कुमार के पहलवानों की इनामी राशि प्रथम विजेता नकद 21,000 व गुर्ज, उपविजेता नकद 15,000, तृतीय विजेता नकद 11,000 तथा चतुर्थ विजेता नकद 9,000 रुपए निर्धारित की गई है। इसी के साथ सामान्य कुश्ती महिला वर्ग राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में महिला पहलवानों को भी आमंत्रित किया गया है, सामान्य कुश्ती महिला वर्ग के लिए इनामी राशि प्रथम विजेता नकद 51,000 व गुर्ज, उपविजेता नकद 37,000, तृतीय विजेता नकद 16,000 तथा चतुर्थ विजेता नकद 13,000 रुपए राशि निर्धारित की गई है।


नलवाड़ी मेले का कुश्ती मैदान।

### नलवाड़ी मेले की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए कलाकारों के ऑडिशन 26 से 29 तक

**घुमारवीं।** घुमारवीं में राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले का आयोजन पांच से नौ अप्रैल तक किया जाएगा। इस पांच दिवसीय मेले में छह से नौ अप्रैल तक होने वाली सांस्कृतिक संध्याओं में कलाकारों के चयन के लिए ऑडिशन से किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम गौरव चौधरी ने दी। 26 से लेकर 29 मार्च तक घुमारवीं के रैहन बसेरा में ऑडिशन करवाया जाएगा। उन्होंने सभी कलाकारों से निवेदन किया कि सभी अपने आवेदन एसडीएम कार्यालय घुमारवीं में 25 मार्च तक जमा करवा दें। उसके बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऑडिशन का समय सुबह दस से लेकर शाम चार बजे तक रहेगा।

### कुश्ती स्थल को बनाया गया बेहतर

जानकारी देते हुए बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि आज से कुश्ती प्रतियोगिता शुरू हो जाएगी। सभी तैयारियां पूरी हैं। कुश्ती स्थल को भी बेहतर बना दिया गया है।

### बैलों की खरीद...


नलवाड़ी मेले में बैलों की खरीद करते हुए।

# आज से सांस्कृतिक संध्याएं, लेजर शो रहेगा मुख्य आकर्षण

## सुप्रसिद्ध सिंगर विनोद रांटा, राखी गौतम, योगेश मुकुल, कुमार साहिल की होंगी स्टार नाइट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बुधवार से बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले की सांस्कृतिक संध्याएं शुरू हो जाएंगी।

मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्याओं में लेजर शो मुख्य आकर्षक रहने वाला है। प्रशासन की ओर से पहली बार मेले में लेजर शो के माध्यम से नलवाड़ी मेले का इतिहास दिखाया जाएगा, जिसमें नलवाड़ी मेला कब से शुरू हुआ और क्या इस मेले की प्रमुखता है, यह सब लेजर शो के माध्यम से बताया जाएगा। जानकारी के अनुसार बुधवार को आयोजित प्रथम सांस्कृतिक संध्या में गायक विनोट रांटा, राखी गौतम, योगेश मुकुल कुमार साहिल व शफी नजर सपोरी स्टार नाइट रहेंगे।

यह सांस्कृतिक संध्या शाम पांच से रात दस बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी के साथ प्रशासन की ओ से इस संध्या में स्वीप सांग को भी बताया जाएगा। यह मेला 17 मार्च से शुरू हो गया है। वहीं, इस मेले का समापन 23 मार्च को किया जाएगा। ऐसे में मेले में 20 से सांस्कृतिक संध्याएं शुरू हो जाती हैं। वहीं, 21 की बात करें, तो यहां पर सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खैर मुख्य स्टार नाइट रहेंगे। वहीं, 22 को पुलिस बैंड और 23 को अंतिम सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी सुप्रसिद्ध गायक गुरनाम भुल्लर स्टार नाइट होंगे।


नलवाड़ी मेला।

# नलवाड़ी मेले में पुलिस का पहरा, 132 पुलिस और होमगार्ड जवान तैनात

## 12 सीसीटीवी, एक ड्रोन कैमरे से प्रत्येक गतिविधि पर रखी जा रही नजर, कुछ स्थानों को पुलिस प्रशासन ने किया वन-वे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



नलवाड़ी मेले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन बिलासपुर ने एक प्लान तैयार किया है, जिसमें पुलिस प्रशासन की ओर से मेले में 132 पुलिस और होमगार्ड जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

ये जवान मेले व सांस्कृतिक संध्या स्थल पर तैनात रहेंगे। वहीं, मेले में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए भी विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस प्रशासन की ओर से मेले की प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए 12 सीसीटीवी कैमरे सहित एक ड्रोन कैमरा भी लगाया गया है। इन कैमरों की मदद से मेले पर सारी नजर पुलिस प्रशासन रखे हुए है। यहीं नहीं पुलिस प्रशासन की ओर से मेले स्थल में एक पुलिस कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जहां से पूरे मेले में लगे कैमरों का लाइव रिकॉर्ड है। खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि नलवाड़ी मेले में 85 होमगार्ड जवान, 19 महिला कांस्टेबल, 14 कांस्टेबल, नौ हैड कांस्टेबल, तीन एएसआई व दो सब इंस्पेक्टर लगाए गए हैं। यह सभी कर्मचारी व अधिकारी मेले में तैनात रहेंगे। मेले को शांतिप्रिय बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से यह पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मेलों में अधिकतर देखा गया है कि शरारती तत्व व चोर काफी सक्रिय रहते हैं। मंडी जिला में हुए महाशिवरात्रि पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से चोरों का एक बड़ा गिरोह पकड़ा गया था। ऐसे में बिलासपुर पुलिस ने भी इन सभी मामलों को देखते हुए पुलिस के पहले से ही पुख्ता प्रबंध किए हुए हैं। उन्होंने बिलासपुर की जनता से भी अपील की है कि पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। जानकारी के अनुसार शहर के कुछ गुरुदारा मार्किट के समीप पुलिस प्रशासन की ओर से ट्रैफिक को वन-वे किया गया है। वहीं, लोगों को अपनी गाड़ियों के लिए बाल स्कूल में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस प्रशासन की ओर से प्रत्येक साल मेले को लेकर एक कंट्रोल रूम बनाया जाता है। अगर मेले में कुछ भी घटना होती है, तो पुलिस कैमरों की मदद से आरोपी तक पहुंच सकती है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मेले में दर्जनों पुलिस कर्मचारियों की तैनाती गई है, जो समय-समय पर गश्त के रूप में रहेंगे।


नलवाड़ी मेला।

### जनता का सहयोग आपेक्षित

नलवाड़ी मेले में 132 पुलिस व होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है। मेले में 12 सीसीटीवी और एक ड्रोन कैमरे की मदद से पूरी नजर रखी जा रही है। नलवाड़ी मेले को बेहतर और शांतिप्रिय बनाने के लिए जनता का सहयोग आपेक्षित है।

**शिव कुमार चौधरी, एएसपी बिलासपुर।**

# सांस्कृतिक संध्या में मेरा वोट मेरी ड्यूटी को किया जाएगा लांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी जानकारी**

बिलासपुर में नलवाड़ी मेले के पहले सांस्कृतिक संध्या में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में जिला वासियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने पर फिल्माए स्वीप गीत मेरा वोट मेरी ड्यूटी को रात आठ बजे लांच किया जाएगा।

यह जानकारी डीसी आबिद हुसैन सादिक ने दी। जिला स्वीप नोडल अधिकारी हेमंत नेगी की देख-रेख में वॉइस ऑफ पंजाब के विजेता गौरव कौंडल ने 'मेरा वोट मेरी ड्यूटी' गीत को गाया है, जबकि इस गाने को लिखने और निर्देशन में बिलासपुर कॉलेज में संगीत के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोहर लाल शर्मा की अहम भूमिका रही है। इस वीडियो में हिमाचली मुंडा के नाम से मशहूर श्याम, भजन गायन के क्षेत्र में मशहूर अभिषेक सोनी, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित फूला चंदेल, रामलाल पाठक, यंग सेंसेशन प्रिंस कपिल, अक्षय शर्मा, दाकक्षी सेन सहित बिलासपुर कॉलेज के स्टूडेंट्स वीडियो में जिला वासियों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करते नजर आएंगे।

## एसडीएम ने दो परीक्षा केंद्रों का का किया निरीक्षण

**रोहड़ू।** एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत की अध्यक्षता में उड़नदस्ता ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित की जा रही दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा के दौरान दो निजी स्कूलों जांगला व गंगटोली (रोहड़ू) परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण परीक्षा केंद्र में कई अनियमितताएं पाई गईं।

उड़नदस्ता ने त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए इन अनियमितताओं के बारे में संबंधित उच्च अधिकारी को वास्तु स्थिति के बारे में अवगत करवाया। वहीं सचिव प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से मामले कि गंभीरता को मध्यनज़र रखते हुए उड़नदस्ते की अनुशंसा के आधार पर केंद्र में आगामी परीक्षा के संचालन के लिए सरकारी पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है, जिनकी देख-रेख में आगामी परीक्षाएं संचालित की जाएंगी। इसके अलावा बोर्ड की ओर से अन्य आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

## झूंगी में स्कूटी को टक्कर मारने के बाद ट्रक से टकराई कार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज, पुलिस ने जांच की शुरू**

पुलिस थाना घुमारवीं के तहत झूंगी (लुहारवीं) कस्बे के पास एक तेज रफ्तार बेकाबू कार स्कूटी को टक्कर मारने के बाद ट्रक से जा टकराई, जिसमें स्कूटी सवार महिला घायल हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को घुमारवीं के झुंगी कस्बे के पास एक तेज रफ्तार कार सवार स्कूटी से जा टकराई। इसके बाद उसने ट्रक को टक्कर मार दी इस घटना में स्कूटी सवार महिला घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल घुमारवीं में लाया गया। घायल महिला प्रियंका शर्मा निवासी कुठेड़ा ने पुलिस को दि शिकायत में बताया कि वह आईपीएच कॉलोनी घुमारवीं से अपनी स्कूटी पर जा रही थी तभी झूंगी के पास घुमारवीं की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बेकाबू होकर उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे वह स्कूटी सहित नीचे गिर गई। टक्कर मारने के बाद कार एक ट्रक से जा टकराई। इस घटना से स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, कार को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इस घटना की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, जिन्होंने घायल महिला को तुरंत सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया तथा इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस टक्कर में उसके सिर और बाजू में गंभीर चोटें आई हैं, जिसके लिए उसका उपचार सिविल अस्पताल घुमारवीं में किया जा रहा है। घटना की पुष्टि करते हुए डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन की जा रही है।।

## मेधावी स्टूडेंट्स 21 को होंगे सम्मानित

**घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट कॉलेज घुमारवीं में सत्र 2023-2024 का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह वीरवार 21 मार्च को होगा। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण उत्कृष्ट तथा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करेंगे।

यह जानकारी कॉलेज प्रेस समिति के संयोजक डॉ. सुरेश शर्मा ने दी। डॉ. शर्मा ने कहा कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के लिए सभी अभिभावकों, पीटीए के सदस्यों तथा विद्यार्थियों को वाट्सऐप तथा कॉलेज वेबसाइट के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक तथा उपप्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने कहा इस बारे सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने पिछले सत्र में स्नातक तथा स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त कर चुके मेधावी विद्यार्थियों को दूरभाष तथा पत्र लिख कर आमंत्रित किया जा चुका है तथा सभी से समारोह में उपस्थित होकर शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है।


झंडूता के बड़गांव में पुलिस की टीम मौके पर पहुंच जांच करती हुई।

## झंडूता के बड़गांव में हुई चोरी

**बरठीं।** झंडूता विस क्षेत्र के तहत आने वाले बड़गांव में चोरी का मामला सामने आया है, जिसमें अजय चंदेल पुत्र उपेंद्र सिंह चंदेल ने थाना तलाई में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि जब मंगलवार सुबह घर पहुंचा, तो घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा पाया गया। अजय चंदेल ने पंचायत प्रधान निक्कू राम को फोन करके इसकी सूचना दी। पंचायत प्रधान ने मौके पर ही इसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि घर के सभी दरवाजों के ताले टूटे हुए हैं। खबर लिखे जाने तक पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।




**परेशानी** क्षेत्र के लोगों के साथ स्कूली बच्चों को मुश्किलों का करना पड़ रहा सामना

# मटयाल के लिए बस सेवा बंद, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, दधोल**

मटयाल गांव के लिए बस सुविधा पिछले काफी समय से बंद है। इस कारण क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के साथ स्कूल बच्चों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। एचआरटीसी निगम बस को गंतव्य की ओर नहीं भेज रहा है। बताते चलें कि पंचायत लंझता व पटेर अधिकांश क्षेत्र में एचआरटीसी की बस घुमारवीं से सायं को वाया बेला-मटयाल तक आती थी। रात को बस ठहराव मटयाल में होता था और सुबह आठ बजे घुमारवीं के लिए चलती थी, लेकिन पिछले कुछ माह से निगम की इस बस को लंझता यरिहड्डूद्ध में ही खड़ी कर दिया जाता है, जिससे लोगों को मटयाल तक तीन किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। पटेर पंचायत के पूर्व प्रधान सुरेश कुमार और प्रकाश चंद, बर्फी राम, अमर सिंह, वासुदेव, प्रेमलता, प्रताप चंद, देशराज के अनुसार रोजाना सैकड़ों बच्चे शिक्षण संस्थानों को जाते हैं। इसके अलावा कामगार लोग भी काफी संख्या में जाते हैं। यह बस काफी समय से चल रही थी, लेकिन पिछले कुछ माह से बस को लंझता यरिहड्डूद्ध में ही खड़ी कर दिया जाता है। आगे लोगों को अपने गंतव्य तक पैदल सफर करना पड़ रहा है। बीमार और बुजुर्ग लोगों को टैक्सी करनी पड़ रही है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि निगम की दूसरी बस दोपहर को 3: 10 बजे घुमारवीं से वाया बेला मटयाल आती है व चार बजे मटयाल से वापस घुमारवीं को जाती है। मगर यह बस भी एक माह से नहीं आ रही है। निगम की बस सायं 5: 15 बजे घुमारवीं वाया बेला मटयाल जाहू जाती है। यह बस भी कभी-कभी आती है। स्थानीय लोगो ने मांग कि है कि बस को नियमित गंतव्य तक भेजा जाए और उनकी समस्य का समाधान किया जाए।



## न्यूज ब्रीफ

### महाराजा अग्रसेन सभा कोटा के अध्यक्ष बने गुप्ता


पांवटा साहिब में महाराजा अग्रसेन सभा कोटा की बैठक में उपस्थित सदस्य।

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब में महाराजा अग्रसेन सभा कोटा की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष देवी दयाल गुप्ता ने की। सर्वप्रथम पिछली कार्यकारिणी की कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई, जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया। महाराजा अग्रसेन सभा से मोहन गर्ग, शांति स्वरूप गुप्ता, सुधीर गुप्ता आदि ने देवी दयाल गुप्ता के नाम को अगले 2 वर्ष के लिए अध्यक्ष पद पर बने रहने का प्रस्ताव रखा। महाराजा अग्रसेन सभा कोटा के उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इसको पास किया। अध्यक्ष द्वारा अपनी कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। अध्यक्ष देवी दयाल गुप्ता, उपाध्यक्ष शांति स्वरूप गुप्ता, राकेश बंसल, अविनाश गुप्ता, महामंत्री विशांत गर्ग, कोषाध्यक्ष मोहन अग्रवाल, संयुक्त सचिव मयंक महावर आदि ने इस बैठक में अग्रसेन सभा के 52 सदस्यों ने भाग लिया।

### कोलर में शहीद प्रीतम चंद को दी श्रद्धांजलि


शहीद प्रीतम चंद को श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे परिजन और पूर्व सैनिक।

**पांवटा साहिब।** सिरमौर जिले के शहीद प्रीतम चंद के पैतृक गांव कोलर स्थित शहीदी स्थल पर भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब-शिलाई क्षेत्र व परिवार और गांव के सदस्यों ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गौर रहे कि शहीद प्रीतम चंद 128वीं बटालियन, सीआरपीएफ के अंतर्गत 1986 में भर्ती हुए थे। 2004 में प्रीतम चंद जम्मू-कश्मीर के बड़गाम (श्रीनगर) में तैनात थे। 19 मार्च 2004 को सिपाही प्रीतम चंद जम्मू-कश्मीर में दुश्मनों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए। वर्तमान में शहीद प्रीतम चंद के परिवार में उनकी माता शांति देवी, पत्नी कोशल्या देवी व उनके बेटे सुरेंद्र व तनुज है। इस मौके पर शाहिद की पत्नी कौशल्या देवी व सगंठन के सहसचिव मोहन सिंह चौहान, नायब सूबेदार दलजिंद्र सिंह, नायब सूबेदार सतीश राणा, नायब सूबेदार रामभज धीमान, नायब सूबेदार निरंजन सिंह नायब, सूबेदार माधवराव ने स्मारक स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके उपरांत राष्ट्रगान गाया गया, तदोपरांत उपस्थित सभी लोगों ने शहीद प्रीतम चंद के स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

### नालागढ़ कॉलेज के छात्रों को किया सम्मानित

**बीबीएन।** नालागढ़ कॉलेज में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सपना संजय पंडित ने शिरकत की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में विनीत कुमार सदस्य सचिव उद्योग विभाग नालागढ़ मौजूद रहे। प्राचार्य द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का विवरण प्रस्तुत किया गया। मुख्यातिथि ने विश्वविद्यालय परीक्षा की मेरिट में रहे 2023-24 में शैक्षणिक, खेलकूद, विभिन्न क्लबों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृ त किया। शैक्षणिक गतिविधियों के तहत बीए प्रथम वर्ष की प्रतिभा शर्मा, नितिका कौशिक और मोनिका देवी, बीएससी प्रथम वर्ष की राधिका वर्मा, राखी, जानवी, बीकॉम प्रथम वर्ष की मीनाक्षी, मुस्कान, अर्चना देवी, बीए द्वितीय वर्ष की दीक्षा वर्मा, रमनप्रीत, संगीता राणा, बीएससी द्वितीय वर्ष के हरमीत सिंह, नैंसी, कृतिका, बीकॉम द्वितीय वर्ष के पृथ्वी राज, तनवीर नेगी, रितू और बीए तृतीय वर्ष कोमल ठाकुर आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष सतविंद्र सिंह, अभिभावक-अध्यापक संघ के प्रधान नंद किशोर और सदस्यों सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



नालागढ़ कॉलेज में छात्रों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

### पीएम श्री योजना के लिए चंडी विद्यालय चयनित

**अर्की।** पीएम श्री योजना केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत देशभर के विद्यालयों का चयन हुआ है। इस योजना में हिमाचल प्रदेश से इस योजना के तहत 180 विद्यालयों का चयन इहुआ है। अर्की खंड का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी (अर्की ) भी इन माध्यमिक विद्यालयों में शामिल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य यह है कि इस पीएम श्री के अंतर्गत अपडेट किए पीएम श्री विद्यालयों में नवीनतम तकनीक स्मार्ट शिक्षा और आधुनिक ढांचा होगा। पीएम श्री विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी घटकों की झलक होगी। इसके अलावा इनमें अति आधुनिक लैब स्थापित की जाएगी, जिससे विद्यार्थी पुस्तकों के अलावा प्रेक्टिस से भी सीख पाएंगे। प्रधानाचार्य भूपेंद्र गुप्ता ने बताया कि अभी हाल ही में हमारे विद्यालय को एक और उपलब्धि के साथ हिमाचल सरकार द्वारा 'उत्कृष्ट संस्थान' के रूप में भी चयनित किया है। अब पीएम श्री उत्कृष्ट संस्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी (अर्की) के रूप में आगे बढ़ेगा। विद्यालय के सभी अध्यापकों व एसएमसी अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानाचार्य महोदय के कुशल, ईमानदार नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत क्षेत्र के विकास के साथ-साथ इस क्षेत्र के विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास होगा।

### गांव स्तर पर अभियान चलाएगा कोली समाज


नाहन में प्रगतिशील कोली समाज समिति की बैठक आयोजित की गई।

**नाहन।** प्रगतिशील कोली समाज समिति की बैठक जिला मुख्यालय नाहन में समिति के अध्यक्ष राजकुमार चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला भर के कार्यकारिणी सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए ग्रामीण स्तर पर समितियों का गठन करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें जिला भर में खंड स्तर पर कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। प्रगतिशील कोली समाज समिति के अध्यक्ष राजकुमार चौहान ने बताया कि संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि संगठन की मजबूती के लिए सभी सदस्य तन्मयता से कार्य करेंगे। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील वर्मा को शिलाई खंड की सभी पंचायत तथा धनवीर और अतर सिंह को पांवटा खंड, दीपचंद को नाहन खंड में कोली समाज को संगठित करने का कार्य सौंपा गया है। धारटीधार में रामकृष्ण, जबकि वनकला पंचायत में धनीराम , श्यामलाल और प्रताप सिंह के अलावा जय गोपाल और ओमप्रकाश को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जय किशन को सतीवाला पंचायत, निखिल पुंडीर को कालाआम और मोगीनंद पंचायत, शौकीन चंद को सेनवाला और आमवाला पंचायत तथा देवेंद्र व ओम प्रकाश को कटोला सलानी में कमेटी का गठन करने का दायित्व सौंपा गया है। बैठक में दौलत राम, बाबूराम पुंडीर, विनीत पुंडीर, समिति के महासचिव उपेंद्र तोमर, सुनील वर्मा, दीपचंद, धनीराम, शौकीन चंद, निखिल पुंडीर, राजेश चौहान, गोपाल और अमित कुमार पवार आदि उपस्थित रहे।

## सरकार के स्थानांतरण आदेशों से हुई गफलत

# सोलन में दो-दो जिला और नागरिक आपूर्ति अधिकारी

**भावना शांडिल, सोलन**

सोलन जिले के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग सोलन कार्यालय में दो-दो जिला एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारी बैठ रहे हैं। मंगलवार सुबह इस कार्यालय में दो-दो अधिकारियों के आ बैठने से स्थिति असहज हो गई। बाद में नए अधिकारी कहीं चले गए। दरअसल सरकार के स्थानांतरण आदेशों से हुई गफलत का होना इसका कारण बताया जा रहा है।

देश में लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण इस मामले में नए आदेश तो जारी नहीं हो सकते और यदि चुनाव आयोग मामले को गंभीरता से लेता है, तो सिरमौर से यहां आए अधिकारी को मंडी जाना ही पड़ेगा। सोलन के पूर्व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारी नरेंद्र धीमान का कहना है कि यह सही है कि 14 मार्च को उनका स्थानांतरण सिरमौर के लिए हुआ था और उनके स्थान पर सिरमौर में तैनात अधिकारी को सोलन भेजा गया था।

**आचार संहिता के कारण सरकार भी नहीं कर सकती और कोई आदेश जारी**

15 व 16 मार्च को वे छुट्टी पर थे और इसी बीच 15 मार्च को सरकार ने उनका स्थानांतरण रद्द कर दिया, जबकि उनके स्थान पर भेजे गए सिरमौर के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारी का स्थानांतरण मंडी कर दिया गया था, पर वह अब मंडी में ज्वाइनिंग देने के बजाये सोलन कार्यालय में ही पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि दो दिनों से वे लगातार अपने कार्यालय में आ रहे हैं, लेकिन सिरमौर से आए अधिकारी यहां क्यों डटे हैं, यह तो वह ही बता सकते हैं।

आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण अब इस मामले में सरकार की ओर से नया आदेश जारी नहीं हो सकता, ऐसे में नए आए अधिकारी को मंडी जाना ही होगा। जो भी हो, ऐसे में जब प्रदेश के कई जिलों में अधिकारियों का अभाव है। सोलन में एक ही पद दो-दो अधिकारी बैठ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## ई-केवाईसी नहीं करवाने पर राशनकार्ड हो जाएगा ब्लॉक

**सोलन।** जिला सोलन में अब भी कुछ राशनकार्ड लाभार्थी ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है। अगर ये लोग 31 मार्च तक ई-केवाईसी नहीं करवाते हैं तो इनका राशन कार्ड अस्थायी रूप से ब्लॉक कर दिया जाएगा। वहीं, सोलन जिले में 86 फीसदी लोगों ने ही राशनकार्ड लाभार्थियों ने ई-केवाईसी करवाई है, लेकिन बाकी 14 फीसदी लोग इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इसको लेकर कई बार जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निर्देश भी जारी कर चुके हैं कि उनका राशन कार्ड ब्लॉक कर दिया जाएगा, लेकिन उसके बाद भी लोग दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नरेंद्र धीमान ने बताया कि सोलन जिले में 14 फीसदी लोग ई-केवाईसी को लेकर रुचि नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक अपनी उचित मूल्य की दुकान पर ई-केवाईसी न करवाने वाले उपभोक्ताओं के राशन कार्ड ब्लॉक कर किए जाएंगे।

## शूलिनी फ्लावर फेस्ट में फूलों की बहार देखने उमड़े लोग


शूलिनी विवि में फ्लावर फेस्ट का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय का बास्केटबाल कोर्ट पारंपरिक और प्रसिद्ध शूलिनी फ्लावर फेस्ट के रूप में रंगों के सराबोर रहा। यहां विभिन्न प्रकार के फूलों और पौधों की महक सभी को आकर्षित कर रही है। फ्लावर फेस्ट जो शूलिनी स्प्रिंग फेस्ट का हिस्सा है, में सौ से अधिक सर्वोत्तम किस्मों के फूलों का संग्रह है, जिन्हें सोलन क्षेत्र में उगाया जा सकता है।

फ्लावर फेस्ट का आयोजन करने वाले उपनिदेशक (संचालन) सुरेश के अनुसार, फ्लावर फेस्ट में एक हजार से अधिक लोग आए। पर्यटक सुंदर लकड़ी के हस्तशिल्प और फव्वारे के टुकड़ों से मंत्रमुग्ध हो गए। विश्वविद्यालय ने आसपास के स्कूलों के छात्रों को फ्लावरफेस्ट में जाने का अवसर भी प्रदान किया। आगंतुक सुंदर रंगों वाली हस्तनिर्मित पेंटिंग, जटिल डिजाइन वाले लकड़ी के फूल के बर्तन भी घर ले जा सकते हैं।

फ्लावर फेस्ट ने न केवल परिसर में आकर्षण बढ़ाया बल्कि युवा प्रतिभागियों में रचनात्मकता और उत्साह की भावना भी पैदा की।

## एरियर देने पर प्रदेश सरकार का जताया आभार

**अर्की।** राज्य पेंशनर्स कल्याण संगठन की अर्की इकाई की बैठक प्रधान कृष्ण सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महासचिव राजेंद्र कुमार ने बताया कि बैठक में छठे वेतनमान के एरियर को दिए जाने पर सरकार का आभार व्यक्त किया गया, लेकिन 1-1-2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों का कहना है कि उनके लिए ये आदेश त्रुटिपूर्ण हैं, क्योंकि लीव एनकैशमेंट, पेंशन कम्युटेशन और ग्रेच्युटी का एरियर उन्हें एकमुश्त मिलना चाहिए।

इसके अतिरिक्त अर्की इकाई के उपप्रधान का पद काफी समय से निष्क्रिय था। अत: कार्यकारिणी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस पद के लिए मोहन लाल शर्मा का चयन किया। बैठक में महासचिव राजेंद्र कुमार शर्मा के अतिरिक्त रेवा शंकर शर्मा, दौलतराम वर्मा, मोहनलाल शर्मा, गोपाल लाल सुमन, लेखराम शर्मा, कुलदीप कुमार गुप्ता, भगत राम, धनीराम, किरण शर्मा एवं लेखराम ठाकुर भी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी नवाजे

## डिग्री कॉलेज सोलन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

डिग्री कॉलेज सोलन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रीता शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. हेमंत शांडिल ने महाविद्यालय की वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. रीता शर्मा ने सत्र 2023-24 में शैक्षणिक, खेलकूद, कल्चरल, एनसीसी, एनएसएस, रेंजर एवं रोवर और विभिन्न क्लब तथा समितियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि डॉ. रीता शर्मा ने पारितोषिक पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि कॉलेज की शिक्षा खेलकूद अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह स्पष्ट है कि यह कॉलेज दिन-प्रतिदिन उन्नति के राह पर अग्रसर है। प्राचार्य ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय महाविद्यालय सोलन को उत्कृष्ट कॉलेज की श्रेणी में शामिल किए जाने पर समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई दी। डॉ. रीता शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाओं के साथ-साथ आने वाली परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।



समारोह में नवाजे गए छात्र-छात्राएं गणमान्यों के साथ।

इस कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, साथ ही कॉलेज के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब द्वारा एक लघु नाटिका के माध्यम से सभी को आने वाले चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. हेमंत शांडिल, डॉ. ललित गुलेरिया, डॉ. नरेंद्र वर्मा, डॉ. अनंत विद्या निधि, डॉ. योगेश, डॉ. रेखा गुप्ता, डॉ. रितु सोनी, डॉ. बीएन कमल, डॉ. रेणु बाला, डॉ. कल्पना भारद्वाज, डॉ. जगदीश, डॉ. चमन शर्मा, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. चंदन चौहान, डॉ. अनिल ठाकुर, डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, मनमोहन कुमार, अभिभावक अध्यापक संघ के प्रधान ओम प्रकाश कश्यप सहित समस्त शिक्षक गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

## यमुनानगर बनी वीर शिवाजी क्रिकेट प्रतियोगिता की चैंपियन

**पावंटा साहिब।** नगर परिषद मैदान पांवटा साहिब में खेली गई उत्तर भारत वीर शिवाजी क्रिकेट चैंपियनशिप में उत्तर भारत की कई टीमों ने भाग लिया। क्रिकेट चैंपियनशिप का अंतिम मुकाबला सहारनपुर और यमुनानगर के बीच हुआ। शिवाजी स्पोर्ट्स क्लब एवं सांस्कृतिक क्लब के अध्यक्ष मधुकर डोगरी ने बताया कि इसमें रणजी खिलाड़ी भी खेलते हैं। समापन समारोह में जीओन लाइफ साइंसेज कंपनी के एमडी सुरेश गर्ग, एसडीएम जीएस चीमा, अरुण गोयल, एनपीएस नारंग, एनपीएस सहोता, अमित वत्स, हरविंदर कुमार और एचसी चंदेल अतिथि के रूप में पहुंचे। दोनों टीमों में जोरदार टक्कर हुई, पर इस वर्ष की क्रिकेट चैंपियनशिप यमुनानगर ने अपने खेमे में डाली।

## राजगढ़ में बीसीजी व्यस्क टीकाकरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ

**राजगढ़।** स्वास्थ्य खंड राजगढ़ में बीसीजी. व्यस्क टीकाकरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। नागरिक चिकित्सालय राजगढ़ में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उपासना शर्मा की उपस्थिति में प्रतिरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जबकि इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र छोगटाली में साक्षी चौहान, पंचायत घर दीदग में सुदर्शन सिंह, स्वास्थ्य उपकेंद्र भुईरा में कमलेश तोमर व स्वास्थ्य उपकेंद्र भियानाघाट में तपेंद्र सिंह ने टीकाकरण कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु के टीबी मरीजों, उनके संपर्क में आने वाले लोगों, 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धों, कुपोषित वयस्कों, धूम्रपान करने वालों व मधुमेह वाले लोगों को मुफ्त में बीसीजी टीकाकरण निशुल्क किया जाएगा। स्वास्थ्य खंड राजगढ़ में करीब 4200 लोगों को वैक्सीन लगेगी, जिनका पहले ही पंजीकरण किया जा चुका है।

# नोडल अधिकारी अपना कार्य पूर्ण जिम्मेदारी से करें : डीसी

## लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत 19 नोडल अधिकारियों की संयुक्त बैठक की उपायुक्त ने की अध्यक्षता


जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव-2024 के लिए नियुक्त जिला के सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने कार्यों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्ण करना सुनिश्चित बनाएं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्रत एवं पारदर्शी बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश सहित सिरमौर जिले में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा नाहन में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत नियुक्त 19 नोडल अधिकारियों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें और निर्वाचन कार्यों को सफलतापूर्वक निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि निवार्चन प्रक्रिया के अनुरूप सभी नोडल अधिकारियों कार्य आरंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी अपना दायित्व जिम्मेदारीपूर्ण निभाएं। इसके लिए समय-समय पर उन्हें प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने कार्यों के साथ ही आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के विभिन्न मामलों पर भी कड़ी नजर बनाए रखने के लिए कहा है।

सुमित खिमटा ने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्वाचन शैड्यूल के अनुसार शिमला संसदीय क्षेत्र के तहत एक जून को मतदान होगा तथा मतों की गणना 4 जून को की जाएगी।

## वोटर हेल्पलाइन ऐप से ऑनलाइन वोट बना सकते हैं युवा : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में जेपी यूनिवर्सिटी वाकनाघाट में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

इस अवसर पर मनमोहन शर्मा ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके या प्रथम अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष के होने जा रहे युवा अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई युवा पहले 18 वर्ष से अधिक आयु का हो गया है और किसी कारणवश उनका मतदाता के रूप में अभी तक पंजीकरण नहीं हुआ है, तो वह भी मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा ले, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से ऑनलाइन वोट बना सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी का कार्यक्रम में पहुंचने पर उपमंडलाधिकारी (ना.) कंडाघाट सिद्धार्थ आचार्य ने स्वागत किया।

स्वीप के ऑल ओवर इंचार्ज प्रो. इंदिरा दरोच ने भी मतदाता साक्षरता से संबंधितजानकारी प्रदान की। इस अवसर पर जेपी यूनिवर्सिटी के स्टाफ सदस्य व छात्र के अतिरिक्त स्वीप जागरूकता अभियान टीम से राजेश ठाकुर, हेमेंद्र शर्मा, बीएलओ सुपरवाइजर ओम प्रकाश, बीएलओ पूनम व निर्वाचन विभाग से अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


जेपी यूनिवर्सिटी वाकनाघाट में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते जिला निर्वाचन अधिकारी।

## भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष तिलक राज 27 से सिरमौर प्रवास पर : रणवीर



**नाहन।** हिमाचल प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा 27 मार्च से 3 दिनों तक सिरमौर जिले का दौरा करेंगे। सिरमौर जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने बताया कि इस दौरान तिलक राज शर्मा के साथ राज्यसभा सांसद, प्रदेश भाजपा महामंत्री एवं युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी डॉ. सिकंदर कुमार भी सिरमौर दौरे पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को दोनों भाजपा नेता पच्छाद के सराहां और नाहन में भाजपा मंडलों की बैठकों को संबंधित करेंगे। 28 मार्च को प्रदेश भाजपा के युवा नेता पांवटा और शिलाई भाजपा मंडलों की बैठकों को संबोधित करेंगे। 29 मार्च को रेणुका भाजपा मंडल की बैठक संबोधित करके दोनों भाजपा नेता शिमला लौट जाएंगे। रणबीर ठाकुर ने बताया कि इस तीन दिवसीय दौरे के दौरान प्रदेश के युवा नेता सिरमौर जिला के युवाओं में नई चेतना जागृत कर उन्हें लोकसभा चुनाव के दौरान जी-तोड़ मेहनत करने के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि शिमला संसदीय सीट पर भाजपा की जीत को सुनिश्चित किया जा सके।

## आधार कार्ड में मोबाइल नंबर और ई-मेल अपडेट शीघ्र करवाएं : वर्मा



**नाहन।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एलआर वर्मा ने जिला के शिक्षा, चिकित्सा तथा बैंकों को निर्देश दिए हैं कि ये सभी संस्थान अपने विभागों द्वारा चलाई जा रही आधार मशीनों का शत-प्रतिशत कार्य करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने अन्य विभागों को भी आधार सेवाओं को सुचारु रूप से चलाने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एलआर वर्मा नाहन में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की पांचवीं तिमाही बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। वर्मा ने जिलावासियों से अपने-अपने आधार कार्ड को अपडेट करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जो लोग 10 साल पहले आधार कार्ड बनवा चुके हैं तथा एक बार भी इसे अपडेट नहीं करवाया है, उन्हें अपने दस्तावेज आधार में अपडेट करवाने होंगे, ताकि आधार सत्यापन में उन्हें कोई असुविधा न हो।

## आयोजन: शूलिनी यूनिवर्सिटी में ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज रहा रनरअप

# नाटी प्रतियोगिता में किंग बना सोलन कॉलेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो , सोलन**

शूलिनी यूनिवर्सिटी में आयोजित मोक्ष टेक्स्ट में 12 से ज्यादा नाटी टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें ग्रीन हिल इंजीनियरिंग कॉलेज रनरअप रहा। पहले स्थान पर गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज सोलन की टीम रही।

ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम ने जबरदस्त परफॉर्मेंस देते हुए पूरी ऑडियोज और जज का दिल जीत लिया। ग्रीन हिल इंजीनियरिंग कॉलेज के अध्यक्ष कृपाल सिंह पसरीचा ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ आजकल के बच्चों के लिए यह महत्वपूर्ण हो गया है कि इस तरह की एक्टिविटीज में पार्टिसिपेट करें, ताकि बच्चे मोबाइल और नशे से दूर रह सकें। अध्यक्ष आरपी सिंह ने कहा कि यह बच्चों की मेहनत का नतीजा है। कल्चरल कमेटी के हेड बलजिंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों की मेहनत रंग लाई है और उन्होंने मनु राठौर, अवतार, राजीव, महक और पूरी कल्चरल कमेटी को इसका श्रेय दिया है।



नाटी प्रतियोगिता में रनरअप रहे ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र।

डॉ. अभय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों में कंपटीशन फाइट करने की भावना उत्पन्न होती है। इस मौके पर ग्रीन हिल पॉलिटेक्निक के प्रिंसिपल अंकुर गुप्ता, डॉ. अभय, डॉ. नरेश, बालवीर भारद्वाज, ओम प्रकाश, अश्वनी शर्मा, प्रेम, अविनाश, अर्चना, संध्या, विकास शर्मा, अंजलि नेगी और स्टाफ के दूसरे मेंबर मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल उपमंडल में आज बंद रहेगी बिजली

**नेरवा/चौपाल।** उपमंडल चौपाल और सरांह के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों खगना, चौपाल, देवत, शंठा, बोधना, मझोटली, सरांह, धबास, खादर के आस-पास के क्षेत्रों में बुधवार को सुबह दस से छह बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता बिजली उपमंडल चौपाल हिमांशु नैनवाल ने बताया कि चौपाल के लिए 22 केवी लाइन में आवश्यक मरम्मत के चलते उपरोक्त दिन और समय पर बिजली बंद रहेगी और मौसम की अनुकूलता शट डाउन किया जाएगा। उन्होंने चौपाल के समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### सी विजिल और सुविधा ऐप की दी जानकारी

**रिकांगपिओ।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम कल्पा डॉ. शशांक गुप्ता ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग सभागार में अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के सी विजल एवं सुविधा ऐप पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। भारत निर्वाचन आयोग के सी विजल ऐप पर आमजन आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं तथा इसके माध्यम से लोकसभा चुनाव में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता को बढ़ावा मिलेगा और चुनाव में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित होगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुविधा ऐप के माध्यम से राजनीतिक दल रैली, लाउडस्पीकर एवं प्रचार-प्रसार की अनुमति के लिए आवेदन कर सकते हैं तथा इस ऐप से समय की बचत होगी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, तहसीलदार निर्वाचन जीएस राणा एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जुब्बल के बलवंत किमटा कांग्रेस पार्टी में शामिल

**रोहड़ू।** जुब्बल क्षेत्र के सरस्वती नगर से बलवंत किमटा जिन्हें कुछ दिन पूर्व गुमराह कर भाजपा में शामिल करवाया गया था। मंगलवार को पुनः कांग्रेस पार्टी व रोहित ठाकुर के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया है कि उन्हें जबरन भाजपा में शामिल किया गया था। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हम परिवार सहित पूर्व में भी कांग्रेस विचारधारा से जुड़े रहे हैं। आगामी चुनाव में भी शिक्षा मंत्री के साथ चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोती लाल डेरटा व मंडल पदाधिकारियों ने उनका कांग्रेस पार्टी में पुनः स्वागत किया।

### निर्वाचन आयोग ने जनसभाओं पर खर्च बारे बताया

**रिकांगपिओ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी किन्नैर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने लोकसभा चुनाव-2024 के संदर्भ में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने भाजपा के प्रतिनिधि अभिनव नेगी, कांग्रेस के प्रतिनिधि भाग रथ नेगी व आम आदमी पार्टी के मनीष कुमार से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें चुनाव के दौरान जनसभाओं पर व्यय भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित रेट से अवगत करवाया, ताकि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके तथा अति व्यापी की समस्या उत्पन्न न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का मकसद लोकसभा चुनाव-2024 में सभी राजनीतिक दलों को समानता का अवसर उपलब्ध करवाना है, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

### बदलते पर्यावरण पर बच्चों ने जाहिर की चिंता

**शिमला।** कॉमबरमेअर में मंगलवार को एक्शन एंड ह्यूमन डेवलपमेंट ऑर्गेनाईजेशन, शिमला कॉलेक्टिव की ओर से बदलते पर्यावरण पर आधारित प्रयोगशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चे आकर्षण का केंद्र बने। तीन सेशन में बच्चों ने अपनी बात रखी। एडीजीपी ने आपदा के दौरान पुलिस के काम पर प्रकाश डाला। पावना कुमारी ने घुमंतू पशुपालक, जीता सिंह नेगी, देवेन खन्ना और टिकेंद्र पंवार ने जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। इसमें कुल 90 लोगों ने भाग लिया। रोमी खोसला इसमें मुख्यातिथि के रूप में विडिओ कॉल के जरिए जुड़े रहे। इस कार्यक्रम में समरहिल स्कूल, सेंट एडवर्ड, आरकेएमवी कॉलेज, सेंट बीड्स के विद्यार्थी मौजूद रहे। उन्होंने हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर से आए हुए लोगों से पर्यावरण के बदलने के नुकसान और कारण बताए।

### कार्यशाला में आपदा प्रबंधन की बारीकियां बताईं

**रिकांगपिओ।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण किन्नौर द्वारा एसडीम कार्यालय भावानगर में एक दिवसीय स्कूल सुरक्षा ऐप संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन के विशेषज्ञों ने स्थानीय लोगों एवं अधिकारियों को आपदा प्रबंधन की बारीकियां पर जागरूक किया, ताकि आपातकालीन स्थिति में बहुमूल्य जानों को बचाया जा सके। इस कार्यशाला में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया, ताकि आपदा प्रबंधन में नवीनतम तकनीकों का भरपूर प्रयोग किया जा सके।

### मतदान के लिए युवाओं को किया जा रहा जागरूक

**शिमला।** लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही शिमला में युवाओं का जागरूकता अभियान चलाए जा रहा है। मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज सरस्वती नगर सावड़ा में एसडीएम जुब्बल राजीव संख्यान की अध्यक्षता में मतदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। युवाओं को बताया गया कि सभी नागरिकों का विशेषकर युवाओं का यह कर्तव्य है कि वह मतदान में हिस्सा लेकर देश की चुनाव प्रणाली में अपना योगदान अवश्य दें। डॉ. किशोर जोधटा नोडल अधिकारी ने कहा कि भारत चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता की घोषणा के बाद प्रदेश भर में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### 1500 रुपए देने की योजना को रखा जाए जारी

**शिमला।** प्रदेश में इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना के तहत महिलाओं ने फॉर्म भरना शुरू कर दिए थे, लेकिन आचार संहिता लगने के बाद यह भरना बंद हो गए हैं। इस पर सीटू के पार्टी नेता संजय चौहान, डॉ कुलदीप सिंह तंवर, विजेंद्र मेहरा, जगत राम व फालमा चौहान ने मांग की है कि राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में महिलाओं को 1500 रुपए देने की योजना को चुनाव के दौरान बदस्तूर जारी रखा जाए क्योंकि यह निधि योजना पिछले कुछ महीने पहले ही लाहौल स्पीति जिले में लागू हो चुकी थी व इस योजना के तहत महिलाओं को सम्मान राशि चुनाव की घोषणा के पहले से ही मिल रही है।

### मतदाता सूची में शामिल होने से न रहें वंचित

**रोहड़ू।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज सरस्वती नगर में मंगलवार को मतदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नोडल ऑफिसर किशोर जोधटा, प्राचार्य प्रेम प्रकाश चौहान, नायब तहसीलदार संजीव शर्मा, एसडीएम जुब्बल राजीव संख्यान बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलेज के छात्रों की ओर से एसडीएम राजीव संख्यान सहित सभी मुख्यातिथियों को बैज पहन कर सम्मानित किया गया। नायब तहसीलदार संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी मतदाता मतदान सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। इसका सभी छात्र विशेष ध्यान रखें। स्कूलों, कॉलेजों और आईटीआई में इस तरह के मतदान जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं।

### रचना को बेस्ट कैडेट के खिताब से नवाजा

**सुन्नी।** धामी कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य जनेश कपूर ने बतौर मुख्यातिथि तथा अनूप गुप्ता ने विशेष अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर सांस्कृतिक, शैक्षणिक और खेलकूद गतिविधियों में उपलब्धियों के आधार पर पुरस्कार वितरित किए गए। शैक्षणिक गतिविधियों में आर्ट्स में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अक्षिता, चांदनी, रेखा और अंजली को पुरस्कृत किया गया व हरीश और रचना देवी को बेस्ट कैडेट के खिताब से नवाजा गया।

# आचार संहिता का उल्लंघन करने पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई

## सी विजिल ऐप के माध्यम से लोग घर बैठे ही दर्ज करवा सकेंगे शिकायत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

लोकसभा चुनाव-2024 के चलते प्रदेश में आचार संहिता का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। चुनाव आयोग 100 मिनट में एक्शन करेगा। ऐप पर घर बैठे ही सारी शिकायत दी जा सकेगी, जिसके आधार पर एक्शन लिया जाएगा।

इस ऐप के माध्यम से कोई भी शिकायतकर्ता फोटो अथवा वीडियो मैसेज भेजकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों का 100 मिनट के निपटारा करेगा। इस अवधि के दौरान जहां चुनाव आयोग की टीम शिकायत का निपटारा करेगी, वहीं शिकायत पर की गई कार्रवाई की सूचना भी शिकायत कर्ता को देगी। इसके लिए चुनाव आयोग ने सी विजिल ऐप के माध्यम से आम लोगों को शिकायत करने की सुविधा प्रदान की है। इसके माध्यम से मतदाता घर बैठे ही आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर शिकायत कर सकते हैं। गत विधानसभा में सिविजिल ऐप की सफलता को देखते हुए चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव में भी इस ऐप का अधिक प्रयोग करने का निर्णय लिया है। लोग घर बैठे ऐप पर शिकायत कर सकेंगे।

### फोटो, वीडियो भेजकर दर्ज करवाएं शिकायत




ऐप के माध्यम से शिकायतकर्ता फोटो व वीडियो मैसेज भेजकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। चुनाव आयोग ने इस ऐप के माध्यम से आई शिकायत का निपटारा करने के लिए 100 मिनट की अवधि निर्धारित की है। ऐसे में अब लोग घर बैठे ही चुनावों से संबंधित शिकायतें कर सकते हैं। उन्हें शिकायत करने के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

### ऐसे होगी कार्रवाई

इस ऐप पर जैसे ही शिकायत आती है। यह शिकायत तुरंत संबंधित क्षेत्र में तैनात निर्वाचन आयोग की टीम के पास चली जाती है। घटनास्थल के सबसे करीब की टीम तुरंत मौके पर जाकर कार्रवाई करती है। ऐप के माध्यम से चुनाव आयोग कार्यालय से ही सभी वाहनों पर भी नजर रखते हैं। इसके तहत हर वाहन में जीपीएस लगाया गया है, जिसे ऐप के साथ जोड़ा गया है। इससे पता चलता है कि कोई वाहन अपने डयूटी क्षेत्र से बाहर तो नहीं घूम रहा है।

चौपाल प्रशासन ने राजनीतिक दलों से किया आग्रह

# आदर्श चुनाव संहिता का सख्ती के साथ करें पालन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, नेरवा/चौपाल



चौपाल विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आदर्श आचार संहिता का पालन करने का आग्रह किया।

भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जोकि मतगणना संपन्न होने तक लागू रहेगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता के समस्त प्रावधानों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित बनाने के लिए कहा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से चुनाव प्रक्रिया के दौरान बेहतर सहयोग की अपील की। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित आने वाले विभिन्न मामलों का नियमानुसार निपटारा किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता का उद्देश्य सभी राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव में बराबर का अवसर प्रदान करना और निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी बनाना है। आदर्श आचार संहिता की घोषणा होने के तुरंत बाद सभी सार्वजनिक स्थानों में स्थापित राजनीतिक संदेश अथवा राजनीतिक दलों के होल्डिंग्स को हटाने की 48 घंटे की समय सीमा निर्धारित है।

# डायरिया, निमोनिया से बचने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला में आशा वर्कर्स छोटे बच्चों को घरों में जाकर जागरूक कर रही हैं। बताया जा रहा है कि किस तरह बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सकता है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में यह अभियान 15 से 28 मार्च तक चलाया जा रहा है। अक्सर देखा जाता है कि मौसम परिवर्तन के बाद अस्पताल में बच्चों में डायरिया और निमोनिया के अधिकतर केस सामने आते हैं। इन बीमारियों से किस तरह बचा जा सकता है इस अभियान में यह बताया जा रहा है। अभियान के माध्यम से आशा वर्कर्स की ओर से गांव में जाकर छोटे बच्चों को दवाइयां दी जा रही हैं। किसी घर पर बच्चे को डायरिया, उल्टी, दस्त व अन्य बीमारियां हैं, तो उन्हें बताया जा रहा है कि उन्हें किस प्रकार से दवाइयां देनी हैं। शिमला में भी इसी अभियान के तहत आशा वर्कर्स को लोगों के घर भेजा जा रहा है। इसके साथ ही आशा वर्कर्स महिलाओं को घरों में जाकर जागरूक कर रही हैं कि उन्हें सफाई का किस प्रकार से ध्यान रखना है। छोटे बच्चों को ब्रेस्टफीडिंग करवाते समय भी सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। चिकित्सकों का कहना है कि यदि बच्चों को ब्रेस्टफीड करवाते हैं, तो उस समय उन्हें अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए।



### डायरिया होने के लक्षण

डायरिया बैक्टीरिया, वायरस या परजीवियों से दूषित भोजन खाने या पीने के पानी के कारण होता है। गंदे हाथों से खाना खाने व खिलाने से भी बीमारी फैलती है।

> घरों में जाकर आशा वर्कर्स की ओर से ओआरएस व जिंक गोलियां दी जा रही हैं। यह पखवाड़ा साल में तीन बार चलाया जाता है। इसमें महिलाओं को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है कि उन्हें छोटे बच्चों का ध्यान किस प्रकार रखना है।
> **डॉ. राकेश प्रताप, सीएमओ दीन दयाल उपाध्याय।**

# यशस्वी भारद्वाज मिस आरकेएमवी और विशाखा बनी मिस कांफिडेंस



आरकेएमसी कॉलेज में आयोजित फेयरवेल पार्टी में चुनी गई मिस फेयरवेल व अन्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

आरकेएमवी कॉलेज में मंगलवार को अंतिम सत्र की छात्राओं के लिए फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि गीता कपूर, चेयरपर्सन व मैनेजिंग डायरेक्टर, एसजेवीएन लिमिटेड भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को प्रधानाचार्य डॉ. अनुरीता सक्सेना की अगुआई में आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बॉलीवुड, पंजाबी, राजस्थानी डांस आकर्षण का केंद्र रहे और अंत में पहाड़ी नाटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशाखा को मिस कांफिडेंस, शगुन को मिस टैलेंट, सेकेंड रनरअप कृतिका, फर्स्ट रनरअप पलक को चयनित किया गया। यशवी भारद्वाज को मिस आरकेएमवी फेयरवेल चुना गया। इस आयोजन में डॉ चंदना शार्मा, फेयरवेल कमेटी कन्वीनर व अन्य वरिष्ठ व सहायक प्राध्यापक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# आटा, दाल और तेल के बढ़े दाम

**शिमला।** प्रदेश में लोगों को एक बार फिर महंगाई का सामना करना पड़ेगा। मंगलवार को खाने के दामों को बढ़ाया गया है। यह सामान लोगों के रोजमर्रा का साधन हैं। शिमला में आटे के साथ-साथ रिफाइंड तेल और दाल की कीमतों में पहले के मुकाबले बढ़ोतरी हो गई है, बता दें कि दूसरे राज्यों से राशन की आपूर्ति महंगे दामों पर आ रही है, जिससे शिमला में कुछ खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ गए हैं। प्रदेश की अनाज मंडी में 35 किलो आटा रिटेल दामों पर 1100 रुपए तक मिलेगा। इससे पहले आटा 1060 रुपए मिल रहा था। इसके साथ ही रिफाइंड 120 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गया है। शिमला के लोगों को राशन खरीदने के लिए अपनी अतिरिक्त जेब ढीली करनी पड़ेगी, लेकिन लोग इससे मुह फेर नहीं सकते है क्योंकि लोगों की रोजाना इस्तेमाल की चीजे हैं।

# तोमर ने भाजपा पर महिला विरोधी होने का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



प्रदेश कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता जीएस तोमर ने बीजेपी पर बड़ा जुबानी हमला करते हुए प्रदेश भाजपा पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया।

तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं को स्वर्गीय इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-समृद्धि सम्मान योजना की गारंटी को पूरा कर प्रदेश की लाखों महिलाओं से किए अपने वादे को अमलीजामा पहना दिया है। प्रदेश सरकार के इस वादे को पूरा करने से भाजपा बौखला गई है और महिला विरोधी भाजपा इस योजना को सिरे चढ़ने में रोड़ा डालने का काम कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता जीएस तोमर ने नेता प्रतिपक्ष जयराम से पूछा कि महिलाओं को उनका अधिकार देने पर किस तरह से आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है, जबकि योजना आचार संहिता लगने से पहले शुरू हो चुकी है, जबकि योजना की शुरुआत लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले शुरू हो चुकी है ऐसे में भाजपा का अचार सहिंता के उल्लंघन का आरोप लगाना बेबुनियाद है।

# कश्यप ने देवता बकरालू महाराज के किए दर्शन

**रोहड़ू।** शिमला संसदीय क्षेत्र से भापा का दूसरी मर्तबा प्रत्याशी बनाए जाने के उपरांत भाजपा सांसद सुरेश कश्यप एक दिवसीय प्रवास पर रोहड़ू पहुंचे।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश डोगरा ने संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा जिला महासू के अध्यक्ष अरुण फाल्टा भी इस प्रवास पर उनके साथ मौजूद रहे। रोहड़ू पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप का स्वागत ढोल-नगाड़ों से किया गया। इस अवसर पर स्पैल वैली के दलगांव में देवता बकरालु महाराज के दर्शन करने के बाद मंदिर कमेटी व गांव वासियों ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया है।

# लोन चुकाने के बाद एनओसी नहीं देने पर लगाया 5000 का जुर्माना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

उपभोक्ता अदालत शिमला ने लोन चुकाने के बावजूद एनओसी न देने पर हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड कंपनी और इसके एजेंट पर 5000 रुपए हर्जाना लगाया है।

जिला उपभोक्ता आयोग ने तीनों प्रतिवादियों को आदेश दिए कि वह शिकायतकर्ता को 2000 बतौर मुकद्मा खर्च भी अदा करे। उपभोक्ता अदालत ने शिकायतकर्ता संजय स्वर्णकार की शिकायत पर प्रतिवादियों को 45 दिनों के भीतर एनओसी जारी करने के आदेश भी दिए। शिकायत में दिए तथ्यों के अनुसार शिकायतकर्ता ने एक स्कूटी मेसर्ज रन वे मोटर्स से वर्ष-2021 में ली थी। स्कूटी के लिए उसने हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड की सोलन ब्रांच से एक लाख 10 हजार 142 रुपए का लोन लिया। लोन को चुकाने के लिए 3098 रुपए प्रतिमाह की दर से 36 किश्तें बनाई गई। जून 2021 से सितंबर 2022 तक 16 किस्तों के माध्यम से करीब 49 हजार 636 रुपए चुकाए और फाइनेंस कंपनी द्वारा बताए गए एक मुश्त बकाया राशि 53 हजार रुपए का भुगतान एक अक्तूबर, 2022 को कर दिया।

### नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट की मांग

इसके बाद उसने कंपनी से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट की मांग की, जिसके लिए कंपनी ने उसे एक माह का समय बताया व कंपनी ने एनओसी जारी करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए। शिकायतकर्ता का आरोप था कि कंपनी ने उसके लोन अकाउंट को बंद ही नहीं किया। एनओसी के लिए उससे बार बार पैसों की मांग की जाने लगी और उसे सोलन स्थित कार्यालय में अपमानित भी किया जाने लगा।

# चुनावी बांड पर विपक्षी दल परेशान : नंदा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी बांड डेटा के प्रकाशन पर विपक्ष के हंगामे के बीच भाजपा ने अब पलटवार किया है।

भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि कुल 20 हजार करोड़ रुपए के चुनावी बांड में से भाजपा को तो 6000 करोड़ का चंदा दिया गया है, जबकि बाकी विपक्षी पार्टियों को मिला है। नंदा ने कहा, कुल 20000 करोड़ रुपए के चुनावी बांड में से 6000 करोड़ रुपए के बांड बीजेपी के पास गए हैं, जबकि 14000 करोड़ रुपए के बांड विपक्ष के पास गए हैं। हर कोई जवाबदेह है और सुप्रीम कोर्ट का फैसला सभी के लिए समान रूप से लागू होगा। चुनावी बांड को लाने के बारे में बोलते हुए कर्ण नंदा ने कहा कि इन बांड के तहत राजनीतिक दलों को दान किए गए धन का हिसाब-किताब किया जाता है क्योंकि वह बैंकों और कंपनी के अकाउंट्स के माध्यम से सामने आ जाते हैं। भाजपा ने कहा कि चुनावी बांड योजना इसलिए शुरू की गई थी, ताकि नकदी के माध्यम से भ्रष्टाचार को रोका जा सके। आज, पैसा बैंकों और कंपनियों के अकाउंट्स के माध्यम से आते हैं। पहले, यह सारा पैसा नकद में आता था। यह काला धन था।

### डीएम को मिले करोड़ों के इलेक्टोरोल बांड

वहीं, डीएमके को इलेक्टोरल बांड के माध्यम से 656.5 करोड़ रुपए मिले, जिसमें लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के फ्यूचर गेमिंग से 509 करोड़ रुपए भी शामिल हैं। देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की देश में 33 लोकसभा सीटें हैं।

# 21 को होगी नारा लेखन प्रतियोगिता

**शिमला।** लोकसभा चुनाव के प्रति युवाओं को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी कॉलजों में नारा लेखन प्रतियोगिता एवं वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उप-निर्वाचन अधिकारी एवं एडीसी अभिषेक वर्मा ने बैठक की, जिसमें यह फैसला लिया गया।

जिला भाषा अधिकारी अनिल हारटा को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। 21 को यह प्रतियोगिता की जानी है, जिसमें विजेताओं को 1500 रुपए से सम्मानित किया जाएगा।

# जनता को सुक्खू सरकार ने किया ठगने का काम : बिंदल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि रविवार को मुंबई में इंडी अलायंस की तरफ से एलान किया गया कि हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना है। अगर उन्होंने शक्ति के विनाश का एलान किया है, तो भाजपा शक्ति की उपासना का ऐलान करती है।

कांग्रेस के पास विकास का कोई भी एजेंडा नहीं है, इसलिए उनके नेता बड़े बड़े झूठ बोलते हैं। उसके बाद झूठ को छुपाने के लिए भी नए झूठ बोलते हैं और जब पकड़े जाते हैं, तो अपने झूठ का ठीकरा दूसरों के सिर फोड़ देते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार है, जिसने प्रदेश में भोली-भारी जनता को ठगने का काम किया है। कांग्रेस का सिर्फ ये ही इरादा है कि लोगों को लूटकर अपनी जेबें भरो।

**कांग्रेस के पास विकास का कोई भी एजेंडा नहीं**

**समस्या** लोगों को आए दिन पानी की समस्या से होना पड़ रहा दो-चार, भट्टाकुफर व शांति विहार में भारी किल्लत

# पाइपों के साइज को बढ़ाने की मांग कर रहे शहरवासी

आशिमा वैरागी, शिमला

शिमला शहर में लोगों को आए दिन पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। शहर के भट्टाकुफर व शांति विहार वार्ड में लोगों को पानी की समस्या से काफी परेशान हो रही है। इन वार्डों में तीसरे दिन पानी की सप्लाई तो हो रही है, लेकिन वो भी सिर्फ एक घंटे के लिए ही हो रही है।

ऐसे में ज्यादातर लोगों को पानी एक सप्ताह बाद मिल पा रहा है। यह दोनों ही वार्ड संजौली के बिलकुल साथ लगते वार्ड हैं। निगम व पेयजल कंपनी द्वारा संजौली में लोगों को 24 घंटे पेयजल उपलब्ध करवाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए यह दावे फेल होते हुए नजर आ रहे हैं। पेयजल कंपनी की ओर से तीसरे दिन लोगों को पानी की सप्लाई सिर्फ एक घंटे के लिए की जा रही है। इन वार्डों में काफी सालों पुरानी पानी की तीन इंच की पाइपें बिछाई गई हैं, लेकिन आज के समय यहां लोगों की आबादी बढ़ गई है। ऐसे में पाइप की मोटाई बढ़ाने की मांग की गई है। पानी की पाइप को तीन से छह इंच बढ़ाने, कब्रिस्तान गेट के पास पानी का स्टोरेज टैंक बनाने और पानी की टाइमिंग को बढ़ाने की मांग की है। भट्टाकुफर व शांति विहार वार्ड के लोगों का कहना है कि उन्हें गर्मियों से पहले ही पानी की समस्या से काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। अभी यह हाल हैं तो आगामी समय में इससे बदतर हालात हो सकते हैं। अभी शहर में गर्मियां शुरू भी नहीं हुई हैं, लेकिन अभी से ही पानी की किल्लत शुरू होने लग गई है। शिमला में कुछ क्षेत्र निगम के दायरे में आते हैं, तो कुछ क्षेत्र ग्रामीण में आते हैं।

शहर के वार्डों में पानी की सप्लाई एसजेपीएनएल की ओर से की जाती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जल शक्ति विभाग की ओर से पेयजल सप्लाई मिलती है। ऐसे में शहर के कई क्षेत्रों में एक सप्ताह बाद भी पानी मिल पाता है। कुछ क्षेत्रों में पानी एक दिन छोड़ कर तो मिल रहा है, लेकिन उसमें भी सभी के घरों तक पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। (अनंत ज्ञान)

### खलीनी वार्ड में सबसे ज्यादा परेशानी



शहर के खलीनी वार्ड में सबसे ज्यादा परेशानी आ रही है। वहां पर जनसंख्या ज्यादा है और पानी की पाइप का साइज भी कम है, जिस कारण यहां कई घरों को पानी की सप्लाई ही नहीं मिलती। खलीनी में कई लोगों के घरों में मोटरें लगी हुई हैं, जिससे सारा पानी का प्रेशर उन्हीं के घर जाता है। लोअर खलीनी क्षेत्र तक कई बार पानी की सप्लाई भी नहीं पहुंचती। स्थानीय पार्षद चमन प्रकाश ने इस मामले को लेकर एसजेपीएनएल को भी शिकायत दी है। कंपनी का मानना है कि यहां पर पानी के प्रेशर की कमी के कारण लोगों को पानी की सप्लाई नहीं मिल रही है।

> खलीनी में पानी के प्रेशर की कमी है। इसको लेकर कंपनी व्यवस्था बना रही है। वहीं, वार्ड में जांच भी की जा रही है कि किसी व्यक्ति ने टुलू पंप तो नहीं लगाया है। यदि कोई पकड़ा जाता है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जानी है। यहां पर पाइप को बदल जाना है।
> **पीपी शर्मा, एजीएम, शिमला एसजेपीएनएल।**

### एसजेपीएनएल की भर रही शिकायत पेटी

एसजेपीएनएल को काफी लोगों की शिकायत भी मिली है कि शहर के कई क्षेत्रों में पानी के प्रेशर की कमी हो रही है, जिसमें कई घरों में टुलू पंप लगाने की शिकायतें भी आ रही हैं। ऐसे में कंपनी ने अब वार्डों में जांच करने का दावा किया है। कंपनी का कहना है कि यदि मुख्य पाइप से मोटर लगाई गई हो तो उस व्यक्ति का कनेक्शन काटा जाएगा साथ ही उसका चालान भी किया जाएगा। इसको लेकर पहले भी कंपनी ने चौड़ा मैदान और खलीनी में मोटरें जब्त की हैं। अब कंपनी फिर से सभी वार्डों का निरीक्षण करने वाली है और ऐसे लोगों के कनेक्शन काटे जाएंगे।


## NOTICE INVITING e- TENDER

The Executive Officer Municipal Council Theog Distt. Shimla HP on behalf of Municipal Council Theog Distt. Shimla HP invited the item rate bids, in electronic tendering system, from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the work as detailed below.

**Sr. No. 1** C/o Energy Park in ward No. 4 MC Theog Distt. Shimla (H.P.) **Estimated Cost:- 1928758.00 Earnest Money:- 38600.00 Cost of Tender Form:- 1500.00 Time allowed:- two months.**

Tender document and other instruction can be downloaded or viewed online from the portal www.hptenders.gov.in tender by organization Directorate of Urban Development. By the firm/individual registered on the website which is free of cost. Key dates: Date of online publication 16.03.2024 17 hrs. Document Download Start and End date 15.03.2024 17 hrs up to 21.03.2024 17:00 Hrs. Bid submission Start and End date 15.03.2024 17 hrs up to 21.03.2024 17:00 Hrs. Physical submission of EMD and Cost of Tender Document 22.03.2024 10:00 hrs. Date of Technical Bid opening 22.03.2024 11:30 hrs. Evaluation of Technical Bid followed of financial Bid. Date to be announced.The bidders are advised to note other details, of note other details, of tender form the department website/- www.hptenders.gov.in tender by organization Directorate of Urban Development.

The Executive Officer reserves the right to accept/reject any tender/ application without assigning any reason.

**Executive Officer**
**Municipal Council Theog**

## न्यूज ब्रीफ

### वर्ल्ड स्ट्रांग मैन चैंपियनशिप के लिए मंडी के यतीश चयनित



**मंडी ।** मंडी निवासी यतीश कटोच का चयन वर्ल्ड स्ट्रांग मैन चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह चैंपियनशिप 28 मार्च को दुबई में होंगी। इससे पहले भी यतीश कटोच कई बार नेशनल, स्टेट और नॉर्थ इंडिया के 'स्ट्रांग मैन' बन चुके हैं। यतीश ने बताया कि वह इस चयन से अत्याधिक उत्साहित हैं। उन्होंने युवाओं से ऐसे आयोजनों में भाग लेने का आवाहन किया।

### अर्जेंटीना के आगामी मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे लियोनेल मेसी



**ब्यूनस आयर्स।** लियोनेल मेसी संयुक्त राज्य अमेरिका में अर्जेंटीना के आगामी मैत्री मैचों में हिस्सा नहीं लेंगे, इसकी पुष्टि अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने की। मेसी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण अर्जेंटीना के मैत्री मैचों में नहीं खेलेंगे। अर्जेंटीना को 26 मार्च को लॉस एंजिल्स में कोस्टा-रिका का सामना करने से पहले शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ दोस्ताना मैच खेलना है। पिछले हफ्ते सीओएनसीएसीएएफ चैंपियंस कप में नैशविले पर मियामी की 3-1 की जीत के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद मेसी ठीक नहीं हुए हैं और अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

### बॉयफ्रेंड के साथ मंधाना



महिला प्रीमियर लीग में पहली बार चैंपियन बनने के बाद जीत का जश्न मनाने के लिए आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना संग उनके बॉयफ्रेंड पलाश मुच्छल भी स्टेडियम में मौजूद थे। आरसीबी की जीत के बाद जब वह मैदान पर आए तो उन्होंने स्मृति को गले भी लगाया और ट्रॉफी के साथ तस्वीर भी खिंचवाई।

### अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने पुणे में 7.5 करोड़ में खरीदा घर



**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ के प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर है। बॉलीवुड फिल्मों में खतरनाक स्टंट करके सफलता हासिल करने वाले टाइगर श्रॉफ अब पुणेकर बनेंगे। अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने मुंबई के बाद अब पुणे में एक आलीशान घर खरीदा है। इस घर की कीमत 7.5 करोड़ रुपए बताई गई है। टाइगर अभी मुंबई के खार इलाके में रहते हैं। उनके 8 बीएचके अपार्टमेंट की कीमत 35 करोड़ रुपए है।

### इंग्लैंड के लेग स्पिनर रॉबिन का 81 वर्ष की आयु में निधन

**लंदन।** एसेक्स और इंग्लैंड के पूर्व लेग स्पिनर रॉबिन हॉब्स का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनकी मृत्यु की खबर की घोषणा मंगलवार को उनके बेटे निक ने की, जिन्होंने एक्स, पर लिखा, 'आज मैंने अपने सबसे अच्छे दोस्त को अलविदा कहा। शांति से रहो मेरे दोस्त।' 1967 में हेडिंग्ले में भारत के खिलाफ इंग्लैंड में पदार्पण करने वाले हॉब्स ने अगले चार वर्षों के दौरान सात टेस्ट मैचों में 12 विकेट लिए और 1992 में पाकिस्तान के खिलाफ इयान सैलिसबरी के पदार्पण तक इंग्लैंड के लिए खेलने वाले आखिरी विशेषज्ञ लेग स्पिनर थे।

### अमेरिका के बोस्टन में भारतीय छात्र अभिजीत पारूचुरू की मौत

**न्यूयार्क।** अमेरिका के बोस्टन में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई। इस वर्ष अब तक अमेरिका में कम से कम छह भारतीय छात्रों की मौत हो चुकी है। अमेरिका में हमलों की संख्या में बढ़ोतरी से वहां पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता चिंतित हैं। न्यूयार्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि बोस्टन में भारतीय छात्र अभिजीत पारूचुरू के निधन की खबर जानकर गहरा दुख हुआ। पारूचुरू के परिजन अमेरिका के कनेक्टिकट प्रांत में रहते हैं और जांच अधिकारियों से सीधे संपर्क में हैं। शुरुआती जांच में साजिश से इनकार किया गया है।

### नेपाल के लुम्बिनी में गौतम बुद्ध की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाएगा चीन!



**काठमांडू।** चीन ने नेपाल के लुम्बिनी में गौतम बुद्ध की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाने का प्रस्ताव दिया है। कहा जा रहा है कि लुम्बिनी में आपना प्रभाव बढ़ाने के लिए चीन के तरफ से इस तरह का प्रस्ताव दिया गया है। काठमांडू स्थित चाइना के दूतावास ने नेपाल के संस्कृति तथा पर्यटन मंत्रालय को यह प्रस्ताव भेजा है। लुम्बिनी विकाष कोष के सदस्य सचिव ल्हारकार लामा ने बताया कि चीन सरकार लुम्बिनी में विश्व की सबसे ऊंची बुद्ध की प्रतिमा निर्माण करने का प्रस्ताव लेकर आई है। इस समय चीन में ही बुद्ध की सबसे ऊंची प्रतिमा है जिसकी ऊंचाई 128 मीटर है। लामा ने बताया कि लुम्बिनी में 130 मीटर ऊंची बुद्ध की प्रतिमा बनाने का प्रस्ताव किया गया है। चीन की इस प्रतिमा के निर्माण पर 50 मिलियन डॉलर खर्च करने की योजना है।

### टीम इंडिया नवंबर में करेगी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा

# पर्थ करेगा पहले टेस्ट की मेजबानी

**एजेंसी, मेलबोर्न**

**भारत** और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के आखिर में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की बहुप्रतीक्षित सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला जाएगा। एडिलेड दूसरे टेस्ट मैच जबकि ब्रिस्बेन तीसरे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच हर बार की तरह मेलबर्न में होगा जबकि नए साल पर दोनों टीम सिडनी में अंतिम मैच खेलेंगे। एडिलेड में खेले जाने वाला दूसरा मैच दिन रात्रि का होगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक अगले सत्र का कार्यक्रम जारी नहीं किया है लेकिन वह इस महीने के आखिर तक अंतिम घोषणा कर सकता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत इस साल नवंबर में हो सकती है।

यह 1991-92 के बाद पहला अवसर होगा जबकि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में



पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगी। 1991-92 में भारतीय टीम को 4-0 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने जब 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था तब पर्थ में दूसरा टेस्ट मैच खेला गया था जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 146 रन से जीता था।

### आईपीएल से पहले नए लुक में कोहली



**22 मार्च** से आईपीएल 2024 का आगाज होने वाला है। आईपीएल में विराट कोहली की वापसी से फैंस को ब्रेसब्री से इंतजार है लेकिन इससे पहले विराट कोहली का नया लुक देखने को मिला है। दरअसल, कोहली ने नया हेयकट कराया है। विराट कोहली का मोहॉक हेयरकट तो है ही, लेकिन इसके साथ उन्होंने अपनी आइब्रो पर भी कुछ स्टाइलिंग करवाई है।

# मियामी ओपन में पदार्पण मैच में जीते सुमित नागल

### कनाडा के डायलो को 7-6 (3), 6-2 से हराया



मुकाबले के दौरान शॉट खेलते सुमित नागल।

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में हराकर शानदार शुरूआत की। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने गजब का धैर्य और जज्बा दिखाया तथा क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6(3), 6-2 से पराजित किया। पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष-100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा।

उन्होंने इस सेट के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी। इस जीत से नागल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं।

#### इंडियन वेल्स के पहले दौर में हारे

**भारतीय** टेनिस खिलाड़ी नागल ने राफेल नदाल के अंतिम अवसर पर हटने के कारण अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे।

इस भारतीय खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन-2024 के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी। अपने इस प्रदर्शन के दम पर उन्हें एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाने में मदद मिली थी।

## आईपीएल के जरिए कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे नवजोत सिंह सिद्धू



**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के जरिए लगभग एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करने के लिए तैयार भारत के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि इस लीग से केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी अपनी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मदद मिलेगी। सिद्धू ने कमेंट्री में अपनी खास पहचान बनाई थी लेकिन इसके बाद वह राजनीति में व्यस्त हो गए थे।

अब वह आईपीएल के साथ अपनी पुरानी पारी शुरू करने के लिए तैयार हैं। आईपीएल के तुरंत बाद जून में टी20 विश्व कप खेला जाएगा।

## काउंटी चैंपियनशिप में फिर ससेक्स की तरफ से खेलेंगे जयदेव उनादकट



**होव ।** भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इस साल काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लैंड के क्लब ससेक्स की तरफ से अंतिम पांच मैचों में खेलेंगे। भारत की तरफ से चार टेस्ट खेलने वाले 32 वर्षीय उनादकट ने पिछले सत्र में ससेक्स की तरफ से काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच में 11 विकेट लिए थे। उनकी टीम तब डिवीजन दो में तीसरे स्थान पर रही थी।

उनादकट ने आखिरी मैच पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। सौराष्ट्र ने 2019-20 में उनादकट की अगुवाई में रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था।

# कोर्फबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हिमाचल

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

**हिमाचल** प्रदेश ने आगरा में खेली जी रही 35वीं सीनियर राष्ट्रीय कोर्फबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है जहां उसका मुकाबला पंजाब के साथ होगा।

हिमाचल प्रदेश की टीम के कोच प्रवीण शर्मा ने बताया कि हिमाचल ने अपने अंतिम लीग मुकाबले में जम्मू-कश्मीर की टीम को 16-9 से हराया। टीम में हमीरपुर से 4, मंडी से 5, सोलन शूलिनी विवि के 4 और कुल्लू से एक खिलाड़ी प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। टीम में कप्तान बलविंद्र कौर, तमन्ना, दिनेश, अभिनव, सारंग, गौरव, अभिषेक,



मुकाबले के दौरान हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए।

विनीत, भूमिका, यामिनी, एश्वर्य, पल्लवी व समीक्षा शामिल हैं।

# अंडर-20 जूनियर कुश्ती में दांव पेंच दिखाएंगी चंबा की गुलजारो

**आजम डार, तीसा**

पिता की आंखों का देखा सपना पूरा करने के लिए एक बेटी अखाड़े में उतर आई है। चंबा जिले के चुराह तहसील की टिकरीगढ़ पंचायत के दलवाई गांव की गुलजारो का चयन अंडर-20 जूनियर राष्ट्रीय महिला कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

नोएडा में 27 मार्च से राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित होगी। वह हरियाणा में कोच कुलदीप मलिक से कुश्ती के दांव-पेंच सीख रही है। गुलजारो के पिता रमजान का सपना है कि उनकी बेटी देश के लिए स्वर्ण पदक लेकर लौटे।



पहलवान गुलजारो ने बताया कि उसके पिता रमजान को कुश्ती का शौक था, लेकिन पारिवारिक कारणों के चलते वह खेल नहीं पाए। पिता खेतीबाड़ी से परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। पिता का सपना साकार करने के लिए उन्होंने कुश्ती को चुना।

### यूक्रेन में जारी रहेंगे हमले : पुतिन



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद कहा कि मॉस्को यूक्रेन में अपने आक्रमण से पीछे नहीं हटेगा और उसकी यूक्रेन के लंबी दूरी के और सीमा पार हमलों से रक्षा करने के लिए एक 'बफर जोन' बनाने की योजना है। रूस की सेना ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में प्रगति की है लेकिन यह प्रगति धीमी रही है और महंगी साबित हुई है।

यूक्रेन ने रूस में तेल रिफाइनरी और डिपो को निशाना बनाने के लिए अपने लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल किया है। यूक्रेन में स्थित क्रेमलिन के प्रतिद्वंद्वियों के एक समूह ने सीमा पार हमले भी शुरू किए हैं।

### टेक्सास के सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

# अमेरिका-मेक्सिको सीमा-पार करने वाले प्रवासियों की नहीं होंगे गिरफ्तारी

**एजेंसी, मैक्लेन (टेक्सास)**

**टेक्सास** के सुप्रीम कोर्ट ने एक मुकदमे की सुनवाई के दौरान अमेरिका-मेक्सिको सीमा-पार करने वाले प्रवासियों को गिरफ्तार करने वाले कानून पर रोक लगा दी है।



जस्टिस सैमुअल अलिटो ने इस मुकदमे की सुनवाई की। उन्होंने इस कानून पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगाने का आदेश दिया। इस आदेश के बाद अवैध रूप से अमेरिका-मेक्सिको सीमा-पार करने वाले प्रवासियों को गिरफ्तार करने की टेक्सास की योजना को योजना को तगड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट आप्रवासन पर रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट के ताजा कदम को चुनौती मान रहा है।

देश की सबसे बड़ी अदालत ने न्याय विभाग के नेतृत्व में एक मुकदमे पर इस कानून पर प्रतिबंध लगाया है।

इसमें तर्क दिया गया है कि टेक्सास संघीय सरकार आव्रजन प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र से आगे निकल रही है। मौजूदा कानून के तहत टेक्सास में कोई भी पुलिस अधिकारी अवैध प्रवेश करने वाले प्रवासियों को गिरफ्तार कर सकता है और एक न्यायाधीश उन्हें अमेरिका छोड़ने का आदेश दे सकता है।

#### अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध का आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिका और जापान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव का समर्थन कर रहे हैं जिसमें सभी देशों से अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात या विकसित न करने का आह्वान किया गया है।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने कहा कि ''पृथ्वी के आसपास की कक्षा में परमाणु हथियार स्थापित किया जाना अभूतपूर्व, खतरनाक और अस्वीकार्य होगा।'' अमेरिका और जापान के इस प्रस्ताव का समर्थन करने की घोषणा तब की गई है जब व्हाइट हाउस ने पिछले महीने पुष्टि की थी कि रूस ने उपग्रह रोधी हथियार क्षमता हासिल कर ली है, हालांकि ऐसा कोई हथियार अभी संचालन में नहीं है।

# भारत ने कहा-अरुणाचल पर चीन का दावा बेतुका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** ने चीन के रक्षा मंत्रालय की ओर से अरुणाचल प्रदेश पर किए दावे को बेतुका बताया है। भारत ने कहा है कि इस तरह की आधारहीन बहस से झूठा दावा वैध नहीं हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा था कि जिजांग (तिब्बत का चीनी नाम) का दक्षिणी भाग (अरुणाचल प्रदेश) चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है और बीजिंग भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता और इसका दृढ़ता से विरोध करता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा



**आधारहीन बहस से कुछ नहीं मिलेगा : विदेश मंत्रालय**

भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्र पर बेतुके दावों को आगे बढ़ाते हुए की गई टिप्पणियों पर ध्यान दिया है। इस संबंध में आधारहीन तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती है।

अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और रहेगा। इसके लोगों को हमारे विकास कार्यक्रमों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से लाभ मिलता रहेगा।

## कोटा में मेडिकल कोचिंग छात्रा का अपहरण, 30 लाख फिरौती मांगी

**एजेंसी, कोटा**

**शिक्षा** नगरी कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रही एक कोचिंग छात्रा का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया। अपहर्ताओं ने छात्रा के मुंह व हाथ-पैर बंधे फोटो उसके पिता को वाट्सऐप पर भेजकर तीस लाख रुपए फिरौती की मांग की। पिता को धमकी मिली कि राशि अकाउंट में नहीं भेजी तो अगला फोटो लड़की के बिना सिर का आएगा।

अपहरण की धमकी मिलने के बाद पिता ने अपनी बेटी की जान बचाने के लिए अपहर्ताओं को मैसेज किया कि इतने पैसे की व्यवस्था मैं पूरी प्रॉपर्टी बेचकर भी नहीं कर सकता हूं। अकाउंट नंबर भेज दो जितना हो पाएगा करूंगा। जवाब में धमकी मिली कि शाम तक पैसे नहीं मिले तो हम बेटी को मार देंगे।

## जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाल

**रामबन।** रामबन के दलवास में मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात की आवाजाही बहाल कर दी गई है। अधिकारियों ने वाहन चालकों को लेन अनुशासन का पालन करने और ओवरटेक करने से बचने की सलाह दी क्योंकि इससे जाम लगने की समस्या हो सकती है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दलवास में गड्ढे भरने का काम चल रहा था, जिसके कारण अधिकारियों को दोनों तरफ से यातायात रोकना पड़ा था।

## सर्राफा बाजार में लौटी तेजी, सोना-चांदी की चमक बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**घरेलू** सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर तेजी लौटती नजर आई। ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज सोने के भाव में 400 रुपए प्रति 10 ग्राम से लेकर 500 रुपए प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई, जिसके कारण चेन्नई के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना एक बार फिर 67 हजार रुपए के स्तर के काफी करीब पहुंच गया। सोने की



तरह ही चांदी के भाव में भी आज 300 रुपए प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई है।

इस तेजी के दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी आज 77,300 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच कर कारोबार कर रहा है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 66,480 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 60,950 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 66,930 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 61,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

**हमला** इसराइली हमलों में अब तक 31,756 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत

# इसराइल का गाजा के अस्पताल पर हमला

**एजेंसी, रफह (गाजा पट्टी)**

**इसराइली** सुरक्षा बलों ने गाजा पट्टी पर स्थित सबसे बड़े अस्पताल को बार फिर से निशाना बनाया। सुरक्षा बलों ने बताया कि हमास के चरमपंथियों ने फिर से अस्पताल को अपना ठिकाना बना लिया है और परिसर के अंदर से गोलियां बरसाई हैं। सुरक्षा बलों ने अस्पताल में घुसकर 20 बंदूकधारियों को मार गिराया। कई अन्य आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है।

फलस्तीनी अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल में हजारों लोगों ने शरण ली हुई है। अस्पताल में शरण लेने वाले लोगों ने कहा कि टैंकों और भारी



इस हमले के दौरान हमास के शीर्ष नेता फाइक मबूच की भी मौत हो गई। (फाइल फोटो)

हथियारों से लैस इसराइली सुरक्षा बलों ने अस्पताल परिसर को घेर लिया और सेना ने अस्पताल के भीतर मौजूद लोगों पर गोलियां बरसाईं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इसराइली सेना विशेष सर्जरी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इमारत पर बंदूकों और मिसाइलों से हमला कर रहे हैं।

इसराइल के मुख्य सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने बताया कि सेना ने अस्पताल के कुछ हिस्सों में अभियान शुरू किया है। हमास के चरमपंथी एक बार फिर से जमा हो गए हैं और परिसर से हमलों का निर्देश दे रहे हैं। सेना ने एक हवाई वीडियो जारी किया है, जिसमें चरमपंथी अस्पताल के अंदर से इसराइली बलों पर गोलीबारी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सात अक्तूबर से अब तक हुए इसराइली हमलों में 31,756 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

### वीजा रिश्वत मामला

# राऊज एवेन्यू कोर्ट में 5 अप्रैल को पेश होंगे कार्ति चिदंबरम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने चीनी नागरिकों को वीजा दिलवाने में रिश्वत लेने के मामले में पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदंबरम के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने कार्ति चिदंबरम को 5 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया।

कोर्ट ने 26 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में ईडी ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन, पदम दुगार, दुगार हाउसिंग लिमिटेड, विकास मखरिया, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और मंसूर सिद्दीकी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने 25 जनवरी को चार्जशीट दाखिल की थी।

इस मामले में सीबीआई ने मई 2022 में पी चिदंबरम के आवास पर छापा मारा था। सीबीआई के केस दर्ज करने के बाद ईडी ने केस दर्ज किया था। 14 मई 2022 को पी चिदंबरम के आवास पर तलाशी के बाद मामला दर्ज किया गया था।